CMYK
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 11°C
मुरादाबाद, सोमवार 2 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 197 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 12 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


युद्ध नहीं, शांति की जरूरत, निर्दोषों की हत्या निंदनीयः प्रियंका गांधी पेज 2



विश्व कप में साहिबजादा फरहान ने विराट कोहली को पीछे छोड़ा खेल टाइम्स


न्यूट्रिशनल लेवल देखकर करें खाने-पीने की चीज़ों का इस्तेमाल सम्पादकीय


खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर पेज 12

## अमेरिका-इजरायल ने ईरान पर 24 घंटे में 1200 बम गिराए

# सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत

तेल अवीव/तेहरान, वार्ता



- हमले में अयातुल्ला की बेटी-दामाद व बहू-पोती भी मारी गई
- ईरान बोलाः खतरनाक बदला लेंगे, 40 कमांडर्स भी मारे गए, ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित की गई
- ईरान का बड़ा पलटवार, ड्रोन और मिसाइलों से इजरायल समेत मिडिल -ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया

**इजरायल की** वायुसेना का कहना है कि उसने अमेरिका के साथ संयुक्त हमले में पिछले एक दिन में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। उनके ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामेनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे।

इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामेनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की। खामेनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।' इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरुआत करने जा रही है। इजरायल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे। इजरायली सेना आईडीएफ ने तेहरान में हमले का फुटेज जारी किया है। इसमें ईरान के रक्षा मुख्यालय समेत कई सरकारी इमारतों को निशाना बनाया गया था। इजरायल के तेल अवीव में मिसाइल के टकराने से जोरदार विस्फोट हुआ। ईरान की राजधानी तेहरान में सुप्रीम लीडर खामेनेई के घर के पास हमला हुआ। ईरान में इजरायली हमले के बाद कई लोग मलबे में दब -शेष पृष्ठ दो पर


ईरान के हमले के बाद इज़रायल के बेत शेमेश में आपातकालीन प्रतिक्रिया दल घटनास्थल पर राहत कार्य में जुटा।

### अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर ईरान ने दागीं मिसाइलें

**तेहरान।** अमेरिका और इजरायल के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के बीच ईरान ने बड़ा दावा किया है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने कहा है कि उसने अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाते हुए चार बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं, यदि यह दावा सही साबित होता है, तो दशकों बाद किसी अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर पर सीधा हमला माना जाएगा। आईआरजीसी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत अमेरिका और इजरायल के सैन्य ठिकानों पर हमले जारी हैं।

### पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर हमला, 12 लोगों की मौत

- यूएन ऑफिस में आग लगाई, कतर-दुबई में धमाके
- भारत में 350+ फ्लाइट कैंसिल की गई

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के विरोध में पाकिस्तान के कराची में हजारों शिया मुसलमानों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया।


माई कोलाची रोड स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास प्रदर्शन हिंसक रूप ले बैठा और प्रदर्शनकारियों की कानून-व्यवस्था बलों से झड़प हो गई। इजरायल -अमेरिका के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में 12 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है।

### हमलों में ईरान के कमांडर-इन-चीफ, सेना के सात अफसरों की भी मौत

**तेहरान।** इजरायल और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभियान में ईरान का सैन्य नेतृत्व तबाह हो चुका है। इजरायली वायुसेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर बम बरसाए, जिसके चलते ईरान को बड़ा नुकसान पहुंचा है। इजरायल सेना (आईडीएफ) ने दावा किया है कि हवाई हमलों में ईरानी रक्षा नेतृत्व के सात वरिष्ठ अधिकारी को मार दिया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार को घोषणा की है कि ईरान में किए गए सटीक हवाई हमलों में ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नासिरजादेह और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रमुख सहित सात वरिष्ठ ईरानी सैन्य कमांडर मारे गए हैं। आईडीएफ ने इन हमलों को ईरान के सैन्य और रणनीतिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने वाला एक बड़ा संयुक्त अभियान बताया है।

## 12वां रोज़ा

### ईमान के इत्र में मगफिरत की महक है रोज़ा



रमज़ान खुशबुओं का खजाना है। इबादत, परहेजगारी का आस्ताना है। बारहवां रोजा ईमान के इत्र में मगफिरत की महक है। यानी ग्यारहवें रोज़े की फजीलत के बयान में तफसील दी गई है कि अल्लाह से गिड़गिड़ाकर बंदा जब अपने गुनाहों की माफी मांगता है और बुराइयों से बचने के लिए गुजारिश और दुआ करता है, तो यह आखिरत के एकाउंट में मगफिरत की क्रेडिट है। कुरआने पाक में मगफिरत के लिए जिस तक्वा का बार-बार जिक्र किया गया है, सब्र और सदाकत के साथ रखा गया रोज़ा उस तक्वे का एक जुज है।




## खामेनेई की मौत पर प्रदर्शनों के बाद यूपी में हाई अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- लखनऊ, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर व मेरठ में लगातार निगरानी रखने के निर्देश
- लखनऊ में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से तीन दिवसीय शोक की घोषणा की गई

**लखनऊ।** अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद यूपी में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं।

इस बीच अलग-अलग जिलों में हो रहे प्रदर्शन को देखते उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। इजरायल के हमले और खाड़ी क्षेत्र में बने तनावपूर्ण हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि उन जिलों में सतर्कता बढ़ाई गई है, जहां शिया समुदाय की आबादी अधिक है। इनमें लखनऊ, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ शामिल हैं। पुलिस को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार सुबह उच्चस्तरीय बैठक में कानून- व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अतिरिक्त एहतियात बरतने के निर्देश दिए। इसके बाद गृह विभाग की ओर से सभी जिलों को अलर्ट जारी किया गया। लखनऊ समेत कई जिलों में हो रहे प्रदर्शनों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि शिया बाहुल्य इलाकों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है और खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों और मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम के बीच किसी भी तरह माहौल खराब करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हिंसक प्रदर्शन या अराजक गतिविधियों में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




### 10-12 रुपये तक महंगा हो सकता है पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अगर ये जंग लंबी चली और तेल मार्ग होर्मुज स्ट्रेट बंद हुआ तो कच्चे तेल के दाम बढ़ सकते हैं। इसका असर भारत में तेल, शेयर बाजार और सोना-चांदी पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 105 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 96 तक जा सकता है। इसकी वजह ये है कि भारत अपनी जरूरत का 90 प्रतिशत तेल आयात करता है। इसमें से करीब 50 प्रतिशत क्रूड होर्मुज के रास्ते आता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर ईरान इस रास्ते को ब्लॉक करता है, तो इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की सप्लाई घट जाएगी और कीमतें 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास ट्रेड कर रहा हैं। भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें सरकारी तेल कंपनियां तय करती हैं। पिछले 15 दिनों में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की औसत कीमत और डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति पर निर्भर करती हैं। हालांकि कंपनियां बेस प्राइस तय करती हैं।

## ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद की हवाई हमले में मौत



**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य टकराव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद इजरायली हवाई हमले में मारे गए हैं।

बताया जा रहा है कि तेहरान में उनके ठिकाने को निशाना बनाया गया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में भारी तबाही देखी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को इजरायली वायुसेना ने तेहरान में एक इमारत पर एयरस्ट्राइक की। इसी इमारत में पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद अपने सलाहकारों और सुरक्षा कर्मियों के साथ मौजूद थे। हमले में उनके कई करीबी सहयोगी और बॉडीगार्ड भी मारे गए। बताया गया कि सुरक्षा में तैनात कुछ लोग ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड यानी आईआरजीसी से जुड़े थे।

**तुरन्त आवश्यकता**
इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये
- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## नागपुर में विस्फोटक कारखाने में भीषण धमाका, 17 की मौत

- 18 घायल, डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 से 7.15 बजे के बीच हुआ हादसा

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को भयानक हादसा हो गया। नागपुर जिले के कटोल तहसील में एक विस्फोटक कारखाने में हुए धमाके में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने बताया कि विस्फोटक कारखाने में हुए विस्फोट में 17 लोग मारे गए हैं।

जानकारी के मुताबिक कि यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक बनाने वाली कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में हुआ। एक न्यूज एजेंसी ने एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के प्रतिनिधियों के हवाले से बताया कि घटना कंपनी की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 बजे से 7.15 बजे के बीच हुई। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद घायलों को नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हर्ष पोद्दार, एसपी, नागपुर ग्रामीण ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में हुए विस्फोट में 17 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।






# नवनिर्माणाधीन मकान की ईंट सिर पर गिरने से दूध विक्रेता घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** नवनिर्माणाधीन मकान की दीवार से एक आधी ईट दूधवाले के सिर पर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मिल्कमैन को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय बिजनौर रैफर कर दिया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला अम्बेडकर नगर निवासी सपा विधायक मनोज पारस के मकान में निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार को थाना क्षेत्र के ग्राम पखनपुर निवासी अनिल कुमार दूधिया जो अपनी बाइक से रोजाना की तरह गली में दूध बेचने गया था, गुजर रहा था। मजदूर द्वारा कार्य करते समय अचानक दीवार की ईंट दूध विक्रेता के सर पर गिरने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल दूध विक्रेता को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# फूलों की होली का पर्व मनाया



**बिजनौर।** साईं मंदिर में फूलों की होली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने साईं बाबा के साथ होली खेली। होली के भजनों पर महिलाएं और पुरुष थिरक रहे थे। इस मौके पर राजेंद्र गौतम, अरुण कुमार खन्ना, शिव कुमार, अशोक कुमार अग्रवाल आदि की मुख्य भूमिका रही। कुसुम लता अग्रवाल, उमा गौतम, उषा शर्मा, शशि शर्मा, संगीता भटनागर, गीता शर्मा, नेहा, जूली, अनु शर्मा, पंडित नरेंद्र शर्मा, देवेंद्र शर्मा, योगिता शर्मा, कुसुम लता अग्रवाल, विराज आदि का सहयोग रहा।

## एक नजर

### रंग-गुलाल की सजी दुकानें

**नजीबाबाद।** होली के त्यौहार को लेकर बाजारों में रंग व गुलाल की दुकानें सज गई हैं। गुलालों की बहुत सी क्वालिटी बाजार में बिक्री के लिए मौजूद हैं। लेकिन ऑर्गेनिक गुलाल की डिमांड अधिक है। लोग ऑर्गेनिक गुलाल को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस समय पर्पल, लाइट स्काई ब्लू, तोत्यी कलर, मुखोटे, बाल, गुलाल से भरे हुए सिलेंडर, बंदूक वाली पिचकारी और टैंक वाली पिचकारी की बिक्री हो रही है। लेकिन इस वर्ष ग्राहक कम पहुंच रहे है। रंग गुलाल की दुकानों पर दुकानदार हाथ पर हाथ रखकर बैठे देखे गए।

### कालागढ़ में विशेष तैयारी

**कालागढ़।** होली पर कॉलोनियों में साफ सफाई की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त की जायेगी। सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि होली के अवसर पर तीन व चार मार्च को पूर्व के वर्षो की भांति कॉलोनी क्षेत्र के सभी नलकूपों से पानी की सप्लाई की जाएगी। समुचित सफाई व्यवस्था का ध्यान रखा जाएगा। अलग-अलग क्षेत्रों के कार्मिकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, इसका भी पूरा ख्याल रखा जायेगा।

### परिवहन निगम की तैयारी

**कालागढ़।** होली पर्व को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने विशेष तैयारियां पूरी कर ली हैं। होली के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए नौ मार्च तक विभिन्न प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। प्रशासन के मुताबिक बिजनौर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, दिल्ली, हरिद्वार, कानपुर, लखनऊ, सीतापुर, अयोध्या बलरामपुर और वाराणसी रूट पर यात्रियों की संख्या में संभावित वृद्धि को देखते हुए अतिरिक्त बसें लगाई जाएगी।

### खामेनेई की मौत पर जताया दुख



**नगीना।** आलमी हुसैनी फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आलमगीर काजमी ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर गहरा दुख जताया है। डॉ. काजमी ने इस कदम की कड़ी निंदा करते हुए इसे एक दुखद और क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए खतरनाक बताया। आलमी हुसैनी फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आलमगीर काजमी ने कहा कि ऐसे घटनाक्रम अनिश्चितता और दुख को और गहरा करते हैं। उन्होंने बुद्धिमत्ता, संयम तथा अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. काजमी ने लोगों से शांतिपूर्वक माहौल बनाए रखने का आग्रह किया और प्रशासन से उम्मीद जताते हुए कहा कि जो लोग शोक व्यक्त करना चाहते हैं, उन्हें सम्मानपूर्वक ऐसा करने का अधिकार मिलना चाहिए। साथ ही सार्वजनिक व्यवस्था भी बनी रहे। अमेरिका और इस्राइल वर्षों से यह चाहते थे कि खामेनेई को मारकर ईरान की सत्ता हासिल कर ली जाए। डॉ. काजमी ने भारत सरकार से अपील की है कि अरब और ईरान में रहने वाले भारतीयों को सुरक्षित भारत लाने की व्यवस्था करें। काजमी ने अपील करते हुए कहा कि अमन व शांति के साथ विरोध करें। इस बात की व्यवस्था रखें कि दुख या विरोध में शामिल कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न लें।

### प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के प्रभारी अधिकारी डा. के.के.सिंह ने बताया कि जनपद में गन्ना सहफसली को बढ़ावा देने हेतु शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र पर किसानों के साथ प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उनको गन्ना सहफसल उत्पादन तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। डा. के.के.सिंह ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि गन्ना फसल से उच्च आय प्राप्त करने हेतु गन्ना के साथ उपयुक्त सहफसल की खेती करना आवश्यक है। डा. शिवांगी ने बताते हुए कहा कि बसंतकालीन एवं जायदकालीन गन्ना के साथ उड़द या मूंग की सहफसली खेती एक अत्यधिक लाभदायक कृषि तकनीक है, जो गन्ने की दो पंक्तियों के बीच की खाली जगह का सदुपयोग करती है। इसके लिए फरवरी-मार्च का समय उचित रहता है। कृषि विज्ञान केन्द्र की वैज्ञानिक डा. प्रतिमा गुप्ता गन्ना के साथ हल्दी, अदरक, हरी मिर्च, टमाटर को सहफसल के रूप में लेने की तकनीक बताई। डा. पिन्टू कुमार ने गन्ना फसल की बुवाई से पूर्व गन्ना बीज को शोधित करने की तकनीक एवं महत्व के बारे में बताया। प्रगतिशील कृषक नितिन सिरोही चन्दुपुरा ने उपस्थित किसानों से कृषि में उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य एवं अभिनव कार्यो के बारे में विस्तृत चर्चा की।

### तीन सदस्यीय गठित समिति भेजेगी रिपोर्ट



**नजीबाबाद।** आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया था कि पूर्व में केन्द्रीय वित्त पोषित मल्टी सैक्टोरल योजना के अन्तर्गत नगर पालिका क्षेत्र में राजकीय बालिका डिग्री कालेज मंजूर हुआ था, जिसका निर्माण कार्य अभी तक आधा अधूरा पड़ा है। भवन निर्माण में कभी बजट को लेकर तो कभी विभाग की उदासीनता से निर्माण कार्य प्रभावित रहा है उन्होंने इस संबंध मे सम्बंधित विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने की मांग की थी, जिसके परिपेक्ष में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बिजनौर में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक मौहम्मद साजिद ने लिखित रूप से शनिवार को बिजनौर में जिला समाज कल्याण अधिकारी के माध्यम से आरटीआई कार्यकर्ता को अवगत कराया कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जुलाई 2025 को सम्पन्न हुई राज्य स्तरीय समिति के द्वारा उक्त परियोजना को वर्क डन वर्क टू बी डन के आधार पर प्रशासकीय विभाग को हस्तगत कराये जाने के निर्देश दिये गये है, तथा उक्त आगणन हेतु आदेश संख्या 541 के द्वारा 03 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। उक्त आगणन प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही हेतु शासन को प्रेषित कर दिया जायेगा।

# कांशीरामपुर के हालात का खुर्शीद मंसूरी ने लिया जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी के मंडल अध्यक्ष व साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने कैंसर पीड़ितों के परिजनों के बीच पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर की।



प्राप्त समाचार के अनुसार आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष खुर्शीद मंसूरी ने नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम कांशीरामपुर में फैल रहे कैंसर को लेकर चिंता जताते हुए वहां का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता की और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा की गई व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, नसीम एड. व परवेज अहमद आदि मौजूद रहे। ग्राम प्रधान छोटे सिंह, सचिव महेश प्रजापति तथा ग्रामीण मनीष, शेर सिंह, छत्रपाल आदि से विस्तृत वार्ता हुई।

इस दौरान साहनपुर चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि अत्यंत दुखद है कि पिछले पांच वर्षों में ग्राम में कैंसर से नौ लोगों की मृत्यु हो चुकी है। उससे पहले भी कई लोग

### ग्रामीणों की परेशानी से दिखे चिंतित

कैंसर के कारण जान गवां चुके है ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। कूड़ा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है, गंदगी बनी रहती है। हैंडपंप का पानी भी पर्याप्त गहराई से न होने के कारण स्वच्छ पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि लगातार वर्षों तक नजीबाबाद से विधायक बने रहे तसलीम अहमद ने आखिर इस ग्राम की सुध क्यों नहीं ली? उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या 15 साल कम थे बुनियादी सुविधाएं देने के लिए।

# विकास समिति ने मनाई होली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** नागरिक अधिकार एवं विकास समिति ने ब्रज की लड्डू की होली के साथ होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया।




प्राप्त समाचार के अनुसार नागरिक अधिकार एवं विकास समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार गोयल एड. की अध्यक्षता एवं सचिव नवदीप सिंह एड. के कुशल संचालन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक समिति के सदस्य राजकुमार गुप्ता एड. ने सदस्यों को चंदन का तिलक लगाया। हास्य व्यंग्य का रंग जमाया गया। हास्य व्यंग्य के मशहूर कवि हुड़दंग नगीनवी, हुक्का बिजनौरी एवं समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मशहूर शायर फारूक बिजनौरी ने होली का गीत सुना कर सबका मन मोह लिया। गायिका सुजाता ने मधुर गीतों को अपनी सुरीली आवाज से सुना कर सब को भावविभोर कर दिया। नवदीप सिंह ने भी खूबसूरत गीत सुना कर समा बांध दिया। डॉ. आशु आत्रये ने भी सुंदर गीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया। अतुल सैनी के ग्रुप के नृत्य व संगीत से पूरा सभागार झूम उठा। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार कपूर, संजीव कुमार बबली एड., राजीव चौहान एड., अशोक कुमार चौधरी, देवेंद्र पाल सिंह एड., अतुल विक्रम सिंह एड., राजवीर सिंह एड., हरदीप सिंह एड., अनिल गंभीर, योगेंद्र शास्त्री, मीनू गोयल, सविता सिंह एड., रामदर्शन अग्रवाल उर्फ जग्गू, दीपक गर्ग, वीरेंद्र सिंह एड., सूर्यमणि रघुवंशी, शिव प्रकाश वाल्मीकि, सुरेश चंद्रा, अनंत गुप्ता, अशोक माहेश्वरी, लक्की चौपडा, संजीव अग्रवाल एड., मनु प्रताप सिंह एड., अक्षय गोयल, विशाल अग्रवाल एड., अरुण कुमार सिंह, नवीन चंद्र अग्रवाल, भूदेव सिंह चंदेल एड., अजय वत्स, स्वाति वीरा, वृंदा महाजन वीरा, डॉ. साक्षी गोयल नाव्या, रामवतार सिंह एड., अशोक त्यागी एड., नरेश राजपूत एड., केके अग्रवाल एड., अजय अग्रवाल एड., शमशेर सिंह सैनी एड., सत्य प्रकाश चौहान एड., समरवीर सिंह, वीरेंद्र पाल सिंह एड., डॉ. योगेंद्र सिंह एड., डॉ. अशोक चौधरी, पारस अग्रवाल, देवेंद्र सिंह एड., अमित अग्रवाल, श्रीमती नीता अग्रवाल, रचना अग्रवाल, दीप्ती त्यागी, डॉ. मेधावी राजपूत, अंजलि चौहान, प्रतिमा गर्ग, यशोदा सिंह, मिथलेश सैनी, पायल अग्रवाल, श्रीमती सुनीता, दीपक सिंह, सिंह, नीतू सिंह, श्रीमती भारती चौहान, आरोही सिंह, अक्षिता सिंह, आरोही सिंह, कार्तिकेय राठौर, श्रीमती दृष्टि आदि भी मौजूद रहे।

# हलचल का होली मिलन कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** धामपुर रोड स्थित एक निजी बैंक्विट हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। हलचल म्यूजिकल सोसाइटी द्वारा आयोजित इस होली मिलन समारोह में संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था जो कि सिनेमा जगत की मशहूर अभिनेत्री माला सिन्हा को समर्पित रहा।



### संगीत कार्यक्रम में लोगों ने उड़ाए रंग-गुलाल

कार्यक्रम में कलाकारों ने अभिनेत्री माला सिन्हा पर फिल्माये गीतों के साथ साथ होली के गीतों की भी प्रस्तुति दी, जिनका आनंद लेते हुए श्रोता जमकर झूमे। इस संगीतमय होली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत सोसाइटी की संरक्षिका व समाजसेवी पुष्पा लाहोटी द्वारा कार्यक्रम के विशेष अतिथिगण डॉ. बी.के. सिंह, डॉ. आदित्य अग्रवाल एवं रंजीत सिंह (धामपुर वालों) सहित उपस्थित सदस्यों को गुलाल लगाकर व टोपी पहनाकर उनका स्वागत कर की गई। इसके बाद सोसाइटी के गायकों क्रमशः साक्षी सैनी, के.के.विश्नोई, अमन कुमार, जितेन्द्र सैनी, स्वाति अग्रवाल, ईश्वर राज, अल्पिका अग्रवाल सहित मेहमान कलाकारों अलका अग्रवाल (रामपुर), कमल कुमार (देहरादून) व मधु सिंह ने जब अपने जमाने की मशहूर अभिनेत्री माला सिन्हा के गीतों को सुनाया तो श्रोताओं को उनका गुजरा जमाना याद आ गया। खुशी गुप्ता, सुशील गुप्ता व स्वाती जैन द्वारा होली के गीतों के साथ फूलों की होली मनाई गई। श्रोताओं ने इनके गीतों पर खूब कदम थिरकाये। नोएडा से आई बाल कलाकार समृद्धि माहेश्वरी के डांस ने दर्शकों का दिल जीत लिया। सोसाइटी की संरक्षिका आशा माहेश्वरी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अजय माहेश्वरी की शादी की सालगिरह पर कार्यक्रम में केक काटा गया। निर्णायक मंडल में शामिल समिति के सरंक्षकों कृष्ण अग्रवाल, पुष्पा लाहोटी एवं सी.के. सिंह ने माला सिन्हा के गेटअप में आने के लिए डॉ. अंजू विश्नोई व आशा माहेश्वरी को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया। विशेष अतिथियों डॉ.बी.के. सिंह व डॉ. आदित्य अग्रवाल को सुशील गुप्ता, शीतल अग्रवाल (संरक्षक) व डॉ. अंजू बिश्नोई (अध्यक्ष) द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। मीनाक्षी मलिक, सुशील गुप्ता एवं डॉ. अंजू विश्नोई के संयुक्त कुशल संचालन में आयोजित कार्यक्रम में रितु गर्ग, प्रदीप गर्ग, गौरव विश्नोई, अनिल थापन, सुमन थापन, खुशी अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, विशाखा मित्तल, नीतू मित्तल, नेहा जैन, निकिता जैन, विनिता गुप्ता, काजल गुप्ता, डॉ. राजेंद्र मलिक, शोभित माहेश्वरी व अदिति माहेश्वरी (नोएडा) राजकुमार विश्नोई, राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# होली पर्व को लेकर स्योहारा में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर में पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे के नेतृत्व में तहसीलदार एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की मौजूदगी में नगर के विभिन्न संवेदनशील मार्गों का गहन निरीक्षण किया गया।

होली के अवसर पर निकलने वाले जुलूसों एवं प्रमुख मार्गों को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने स्वयं मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्य बाजार, प्रमुख चौराहों तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने कहा कि त्यौहारों के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या

### अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च व मार्गों का निरीक्षण

शरारती तत्वों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि होली का पर्व आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें।

इसके पश्चात थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि होली प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। सभी नागरिक संयम और जिम्मेदारी के साथ त्यौहार मनाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि हुड़दंग, जबरन रंग डालने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। निरीक्षण के उपरांत नगर में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस टीम ने पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

# विभिन्न विभागों के तीन कर्मचारी सेवानिवृत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** शनिवार को फरवरी माह के अंतिम दिन तीन अलग-अलग विभागों के कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति पर तीन स्थानों पर विदाई समारोह आयोजित किए गए। तीनों कार्यक्रमों में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में संबंधी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की उपलब्धियों को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग में कार्यरत मोहल्ला काजी सराय निवासी वसीम अहमद की सेवानिवृत्ति पर धामपुर रोड स्थित एक निजी बैंक्विट हॉल में रोजा इफ्तार पार्टी देकर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों के अलावा चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

वहीं तहसील में संग्रह अनुभाग के प्रधान लिपिक के पद पर कार्यरत व मौहल्ला अंबेडकर निवासी रणजीत सिंह को उनकी सेवानिवृत्ति पर तहसील सभागार में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में एसडीम विजय शंकर मिश्रा व तहसीलदार अमरपाल सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में तहसील का स्टाफ व उनके संबंधी मौजूद रहे।

इसके अलावा नगर पालिका नगीना में सफाई नायक के पद पर कार्यरत अपने मधुर स्वभाव के कारण बने नगर प्रिय वाल्मीकि बस्ती निवासी दारा सिंह को सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा व अन्य गणमान्य लोगों ने सम्मानित किया जहां पर बड़ी संख्या में सफाई कर्मी व नगर पालिका के स्टाफ के अलावा उनके संबंधी मौजूद रहे। शाम को दारा सिंह की ओर से एक निजी बैंक्विट हॉल में रात्रि भोज का आयोजन किया गया।

# पुडुचेरी का मिली 2700 करोड़ की बड़ी सौगात

**पुडुचेरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी दौरे के दौरान 2700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुडुचेरी आना उनके लिए सम्मान की बात है और यह संतों, कवियों तथा स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि रही है। उन्होंने याद दिलाया कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती ने इसी धरती से राष्ट्रवाद की अलख जगाई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैं पहले यहां आया था, तो मैंने शठम्र्ेे पुडुचेरीश का मंत्र दिया था- जिसका मतलब है बिजनेस, एजुकेशन, स्पिरिचुअलिटी और

### पीएम मोदी ने कांग्रेस और डीएमके शासन पर साधा निशाना

टूरिज्म। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में यह विजन फल दे रहा है। पुडुचेरी में अच्छा शासन और विकास हुआ है। जब केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश एक ही विजन और लगन से काम करते हैं, तो नतीजे तेजी से और बेहतर होते हैं। इस वर्ष के बजट में 12 लाख करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आवंटित किए गए हैं। इससे पुडुचेरी में बेहतर सड़कें, पेयजल आपूर्ति, तटीय ढांचा, स्कूल और अस्पताल जैसी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि पुडुचेरी को कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत विशेष सहायता दी गई है, जो पहले केवल राज्यों के लिए उपलब्ध थी। इंफास्ट्रक्चर के लिए ज्यादा फंडिंग का मतलब है बेहतर सड़कें, पानी की सप्लाई, कोस्टल इंफास्ट्रक्चर, स्कूल, अस्पताल और ऐसे कई प्रोजेक्ट। एनआईटी कराईकल में नया डा. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और माडर्न हास्पिटल की सुविधाएं कई स्टूडेंट्स के लिए टेक्निकल एजुकेशन को मजबूत करेंगी। पुडुचेरी विवि में भी आधारभूत ढांचे का विस्तार किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम लीडर...**

गए, जिन्हें बाद में रेस्क्यू आपरेशन चलाकर निकाला गया। अमेरिका और इजरायल के हमले के जवाब में ईरान ने भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन हमलों में इजरायल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया गया। ईरान ने इजरायल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। ईरान ने दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया। इसके अलावा बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।

# मोदी सरकार की विदेश नीति बहुत कमजोर: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल और देशहित के विपरीत बताते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की स्थिति कमजोर हुई है इसलिए इसमें पुनर्विचार की जरूरत है।



कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति के कारण भारत के प्रति दुनिया के रुख में बदलाव दिख रहा है और अमेरिका का रुख भारत की तुलना में पाकिस्तान की तरफ नरम है जिसे विफल विदेश नीति का परिणाम कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रुख पाकिस्तान के प्रति नरम है और यही कारण है कि श्री ट्रम्प पहलगाम आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि से जुड़े व्यक्ति की सार्वजिनक सराहना कर रहे हैं। उनका कहना था कि अमेरिका ने अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की कार्रवाई का समर्थन किया है। राष्ट्रपति ट्रम्प कई बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने 10 मई 2025 को आयात शुल्क बढ़ाने की धमकी देकर 'ऑपरेशन सिंदूर' रुकवाया, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गत 2 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसकी घोषणा की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मामला उठाया लेकिन मुद्दों से ध्यान हटाने की सरकार ने कोशिश की। बाद में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प की आयात शुल्क नीति को अवैध करार दिया।

# कोर्ट का फैसला बीजेपी व सरकार के गाल पर तमाचा: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में आप संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के डिस्चार्ज होने के बाद आज जंतर-मंतर पर केजरीवाल ने एक जनसभा में कहा कि बस मार्शलों और निकाले गए कर्मचारियों से भी मैं बात करूंगा। केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी ने सिर्फ आप लोगों के साथ नहीं, पूरी दिल्ली के साथ धोखा किया। पूर्व सीएम ने कहा कि परसों दिल्ली की एक अदालत ने एक ऐतिहासिक फैसला किया कि ये दिल्ली वालों के पक्ष में है। उन्होंने कहा मैं आपको बधाई देना चाहता हूं। मैं जज साहब का धन्यवाद करना चाहता हूं कि ऐसे डर के माहौल में ऐसा धाकड़ फैसला दिया।



### मोदी जी मुझसे इतनी नफरत क्यों? जंतर-मतर पर बोले-मैंने तो कुछ नहीं बिगाड़ा

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले 4 सालों से मोदी और शाह ने साजिश रची कि अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचारी है, लेकिन जज साहब ने फैसला सुनाया कि मोदी जी आप झूठ बोल रहे हैं, अरविंद केजरीवाल ईमानदार हैं। अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार है, ये 600 पेज का कोर्ट का फैसला है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश थी। कोर्ट का ये फैसला बीजेपी और मोदी जी के गाल पर तमाचा है। केजरीवाल ने कहा कि आज मैं अपनी नहीं, देश की बात करने आया हूं, मुझे देश से प्यार है, आई लव इंडिया। मैं जब आईआईटी मैं था, तो मेरे बहुत अच्छे नंबर आते थे, मैं अमेरिका जा सकता था, लेकिन नहीं गया। क्योंकि देश के लिए कौन काम करता। जब मैं इनकमटैक्स में असिस्टेंट कमिश्नर था, तो एक सीए आया और बोला कि क्या सेवा करनी है, मैंने मना कर दिया। पूरे डिपार्टमेंट में फैल गया कि अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। लोग केजरीवाल की कसमें खाने लगे। फिर मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री बना, पता नहीं मोदी जी मुझसे क्यों नफरत करते हैं, मैंने तो उनका कुछ नहीं बिगाड़ा, जो इतनी जांच कराई।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

बारहवां रोजा वक्त इफ्तार 02 फरवरी शाम 6:20
तेरहवां रोजा वक्त सहरी 03 मार्च सुबह 5:16

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र


मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा


# पेट्रोल पम्प पर लूट

## वारदात को अंजाम देने के बाद आराम के साथ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भूतपुरी-जसपुर मार्ग पर बीती रात्रि पेट्रोल डलवाने के बहाने आए दो बदमाशों ने भारत पेट्रोल पंप पर लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया और आराम के साथ फरार हो गए। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। साथ ही पेट्रोल पम्प संचालक भी दहशत में है।



प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात्रि दस बजे भूतपुरी से सुआवाला मार्ग पर स्थित भारत पेट्रोल पंप पर मुंह पर कपड़ा बांधे दो बाइक सवार बदमाश पहुंचे। उनकी आयु लगभग 20 से 25 वर्ष के बीच की थी। पेट्रोल पंप पर उन्होंने तीस रुपए का पेट्रोल डलवाया। सेल्समैन को पचास रुपए देकर उन्होंने बकाया रुपए मांगे। सेल्समैन बचे हुए 20 रुपए देने के लिए जेब से जैसे ही रुपए निकाल कर देने लगा, तो दोनों बदमाशों ने मौका पा कर उसके हाथ से लगभग पच्चीस हजार रुपए झपटा मार कर लूट लिए। सेल्समैन देखता ही रह गया। बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद भूतपुरी की तरफ फरार हो गए। घटना से पंप कर्मियों में हड़कंप मच गया। भारत पेट्रोल पंप पर रात्रि की ड्यूटी पर तैनात आकाश कुमार निवासी ग्राम भनोटी, थाना शेरकोट ने बताया कि जैसे ही उसने वापसी करने के लिए रुपए जेब से निकाले, वह कुछ समझ नहीं पाया और बदमाश उसके हाथ में मौजूद रुपयों को लूट कर फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही सीओ आलोक सिंह, थाना प्रभारी विजेंद्र कुमार राठी, हल्का इंचार्ज कमरुल हसन खान आदि पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। पेट्रोल पंप स्वामी की ओर से अज्ञात बाइक सवारों बदमाशो के खिलाफ तहरीर दी गई है। ग्रामीण विक्रम सिंह, लोक. ेंद्र सिंह, सुरेश कुमार आदि का आरोप है कि हल्के के कुछ चर्चित पुलिसकर्मी अवैध वसूली में लगे रहते हैं। ड्यूटी को सही से अंजाम नहीं देते हैं।

थाना अध्यक्ष विजेंद्र कुमार राठी ने बताया कि पेट्रोल पंप से बाइक सवार दो अज्ञात युवक झपटा मारकर पैसे छीन कर ले गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। आरोपी शीघ्र ही पुलिस की पकड़ में होंगे।

# झालू की योग्य बेटी रूपाली का कमाल



**झालू ।** कस्बे की होनहार बेटी रूपाली वर्मा ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के पदाधिकारी एवं व्यापारी मुकेश वर्मा की पुत्री डॉ. रूपाली ने वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी गजरौला से गृह विज्ञान के अंतर्गत फूड्स एंड न्यूट्रीशियन विषय पर शोध कार्य पूर्ण कर डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। रूपाली ने वर्ष 2018 में आरबीडी कॉलेज बिजनौर से एमएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद यूजीसी-नेट परीक्षा भी उत्तीर्ण की। उनका शोध कार्य डॉ. नीलू सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। शाह टाइम्स परिवार उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# मंडावर में पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास करने का आरोपी नजीर गिरफ्तार

**बिजनौर।** मंडावर थाने में सुमन पत्नी रामपाल निवासी ग्राम गंजालपुर ने 28 फरवरी को तहरीर दी थी कि नजरूद्दीन उर्फ समी पुत्र रहमत निवासी ग्राम जहांगीरपुर उनके गांव में सब्जी बेचने के लिए आने के दौरान अंदर झांकता था। उसने कई बार इसका विरोध करते हुए पति व ग्रामीणों से शिकायत की, जिस पर उसे डांटा गया था। नजरूद्दीन ने देखने की धमकी दी थी। 27 फरवरी को आरोपी अपने हाथ में पेट्रोल से भरी कैन लेकर अंदर घुस गया और उसके ऊपर पेट्रोल डाल दिया। उसने माचिस जला ली। वह शोर मचा कर भागी। उसने पीछे से चाकू भी मारा। ग्रामीणों को देख कर वह भाग गया था। पुलिस ने बीएनएस की धारा 333, 109 (1) व 351 (3) में रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# नहटौर में दर्जनों दलितों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

## कोई भी दलित जनप्रतिनिधि बचाव में नहीं आ रहा सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** अमीनाबाद में सरकारी भूमि पर भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के प्रयास के मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लेखपाल की तहरीर पर 19 नामजद और लगभग 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और अवैध कब्जे का आरोप लगाया गया है। एक दरोगा सहित पांच पुलिस कर्मियों ने भी अपने मेडिकल कराए है। गंभीर बात यह है कि कोई भी दलित जनप्रतिनिधि बचाव में सामने नहीं आ रहा है। दलित खुद को लाचार व मजबूर समझ रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार लेखपाल रीना द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार ग्राम अमीनाबाद में स्थित गाटा संख्या 0-40 (क्षेत्रफल 0.7080 हेक्टेयर) राजस्व अभिलेखों में खलिहान की भूमि के रूप में दर्ज है। आरोप है कि ग्राम के कुछ व्यक्तियों ने बिना किसी पूर्व अनुमति के इस भूमि के एक हिस्से पर भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर अवैध रूप से अतिक्रमण का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलने पर प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची थी और प्रतिमा को हटाने की प्रक्रिया शुरू की थी। इस दौरान वहां मौजूद भीड़ ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। लेखपाल ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों ने न केवल सरकारी कार्य में बाधा डाली, बल्कि ग्राम की शांति व्यवस्था को भी भंग करने का प्रयास किया। पुलिस को सौंपी गई सूची में सुदेश, सुरेश, लोकेश, टीकाराम, जसवीर, विमला देवी, समला, कलिया, विशाल, कमला, लक्ष्मी, दिव्या, डोली, किरन (ममता), राजू, रवि, सागर, स्वाति और निशा सहित 19 लोगों को नामजद किया गया है। इसके अतिरिक्त 40 अज्ञात लोगों के विरुद्ध भी रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक दरोगा सहित पांच पुलिस कर्मियों ने अपने मेडिकल कराए है।

अहम बात यह है कि इस मामले को लेकर दलित समाज के नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने अपने मुंह बंद कर रखे हैं। दलित समाज के नेता व जनप्रतिनिधि न जाने किस डर से कुछ बोलने को तैयार नहीं है। दलित समाज के लोग खुद को लाचार व मजबूर समझ रहे है।

# सुल्तानपुर के दो चोर अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने जनपद सुल्तानपुर के थाना दोस्तपुर अंतर्गत ग्राम बभनईया निवासी रूपाली पुत्र अनिल एवं ग्राम त्यागीपुर निवासी एंथोनी पुत्र चनौसी को चोरी किए गए सामान के साथ गिरफ्तार किया है। वादी सारिम पुत्र जमीर निवासी चांदपुर की चुंगी ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/
प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग
व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व
स्पोर्ट्स, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान
समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी
उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम,
कोतवाली देहात


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी


मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम

संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली
जौहर हायर एजुकेशन
इंस्टीट्यूट, किरतपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर


रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि
कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर


रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय
विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति
के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ
शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर


मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों
से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद

अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर


रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू


# पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

## ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर कोतवाली देहात मार्ग पर गांव सीकरी बुजुर्ग के पास वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में गुलदार कैद हो गया। कांवड़ यात्रा मार्ग पर कांवड़ मेले के दौरान एक कांवरती पर हमला करने के बाद वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था।

प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार की सुबह लगभग 8:00 बजे जब कुछ लोग आम के बाग की ओर गए तो उन्होंने पिंजरे के अंदर गुलदार को फंसा हुआ देखा। गुलदार के पकड़े जाने की खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार को सुरक्षित अपनी अभिरक्षा में लिया। क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि काफी समय से इस इलाके में गुलदार की सक्रियता देखी जा रही थी, जिससे किसानों और ग्रामीणों में भारी डर का माहौल था। लोग खेतों में जाने से भी कतराने लगे थे। कांवड़ यात्रा के दौरान एक कांवरती पर गुलदार ने झपटा मार दिया। वन विभाग ने जनहित और सुरक्षा को देखते हुए यहां पिंजरा लगाया था, जिसमें आखिरकार गुलदार फंस गया। गुलदार के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। डिप्टी वन रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीम ने गुलदार को पिंजरे सहित संभागीय वन कार्यालय धामपुर पहुंचाया है। विशेषज्ञों द्वारा गुलदार के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे किसी सुरक्षित वन्यजीव क्षेत्र या जंगल में छोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## हादसे में घायल बाइक सवार अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** धामपुर मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले में आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

धामपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव तीबड़ी निवासी सोनी सिंह ने पुलिस को लिखित शिकायती तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा हिमांशु कुमार बीती 18 फरवरी को शाम में करीब सात बजे बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर तीबड़ी जा रहा था। वह जैसे ही नगीना थाना क्षेत्र की सीमा में कस्बा कोटरा के सामने पहुंचा तभी एक अन्य बाइक चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाते हुऐ हिमांशु कुमार की मोटर साईकिल मे टक्कर मार दी।

हादसे में हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गया और उपचार के लिये उसे सीएचसी नगीना ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय बिजनौर रेफर कर दिया। जिसका इलाज विवेक हस्पिटल बिजनौर में चल रहा है।

थानाध्यक्ष अवनीत मान ने मामले में घायल के पिता सोनी सिंह की तहरीर पर आरोपी बाइक चालक साजन पुत्र कलवा सिंह कश्यप निवासी ग्राम फरीदपुर मान उर्फ पमडावली थाना व जिला बिजनौर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

## एक नजर

### अकबर ने मनाया शहादत दिवस



**नूरपुर। समाजवादी** आंदोलन पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर नबी इदरीसी ने आज का दिन शहादत दिवस के रूप में मनाने पर जोर दिया। उन्होंने गहरा शौक व्यक्त करते हुए बताया कि मरने से पहले अपनी औलाद और आने वाली नस्लों को जरूर बताना कि हमने वो दौर देखा है, जब 86 साल का एक बुजुर्ग मुजाहिद तन्हा इस्लाम की जंग लड़ रहा था। जबकि पूरी दुनिया और कई इस्लामी मुल्क खामोशी से बेहा. शी की नींद में डूबे हुए थे। उन्होंने कहा कि शहादत ए अयातुल्ला खामेनाई पर गहरा अफसोस है। आज दिल रंजीदा है और फिजा गमगीन है। शहादत की खबर ने उम्मत को सदमे में डाल दिया है।

### होली मिलन कार्यक्रम




**बिजनौर।** क्षत्रिय राजपूत सभा समिति द्वारा महाराणा प्रताप चौक वाटिका पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं। दी। इस अवसर पर अध्यक्ष महेंद्र सिंह, वीरेश बल एड., दिनेश चौहान, सुभाष चौहान, देवेंद्र पाल सिंह एड., राजवीर सिंह, खूब सिंह, मनोज चौहान, सुनील राजपूत, ब्रजवीर सिंह, राजेन्द्र सोलंकी, सचिन राजपूत, गौरव चौहान, डॉ. दीप आदि उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों का धरना वापस



**नजीबबाद।** द्वारिकेश शुगर मिल कर्मचारी कल्याण संघ व चीनी मिल प्रबंधन तंत्र के बीच दस सूत्रीय मांगों को लेकर सहमति बन गई। जिसके बाद चीनी मिल कर्मचारी यूनियन ने अनिश्चितकालीन धरने पर जाने के निर्णय को भी सर्वसम्मति से वापस ले लिया। द्वारिकेश शुगर मिल कर्मचारी कल्याण संघ ने अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर 29 जनवरी को प्रबंध तंत्र को ज्ञापन दिया था। जिस पर प्रबंध तंत्र ने कोई संज्ञान नहीं लिया था। इसके बाद 13 फरवरी को दोबारा ज्ञापन दिया गया। जिसके बाद संघ के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया था। जिसमें कोई सहमति नहीं बनी थी। कर्मचारी आक्रोशित हो गए थे और आज से धरने पर जाने का निर्णय लिया गया था। परंतु चीनी मिल प्रबंध तंत्र ने वार्ता के क्रम को आगे बढ़ाते हुए दस बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें सहमति बन गई।

# खामेनेई की शहादत पर मेमन सादात में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की शहादत की खबर फैलते ही थाना क्षेत्र के ग्राम मेमन सादात में शोक की लहर दौड़ गई। शिया बहुल इस गांव में लोगों ने गहरे दुख और गम का इजहार करते हुए मातम किया। गांव के कई लोग हाथों में खामेनेई के पोस्टर और तस्वीरें लेकर बिलख-बिलख कर रोते नजर आए।

मेमन सादात में इस मौके पर एक मातमी मजलिस का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग शामिल हुए। मजलिस को संबोधित करते हुए जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना शेर अली ने कहा कि रहबर-ए-आजम खामेनेई केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार और एक तहरीक थे। उन्होंने कहा कि उनकी शहादत की खबर से पूरी उम्मत को गहरा सदमा पहुंचा है और लोग उन्हें हमेशा एक मजबूत और बेखौफ नेतृत्व के रूप में याद रखेंगे। मौलाना शेर अली ने इस दौरान अमेरिका और इजराइल की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दुनिया में अमन और इंसाफ के लिए आवाज उठाने वालों को हमेशा दबाने की कोशिश की जाती रही है। उन्होंने कहा कि हमें सब्र और हिम्मत से काम लेना चाहिए और मरहूम के लिए दुआ-ए-मगफिरत करनी चाहिए।



### मातमी मजलिस का आयोजन

मजलिस के दौरान लोगों ने नौहा और मातम करते हुए खामेनेई की याद में गम का इजहार किया। कई लोग भावुक होकर रो पड़े और उनकी मगफिरत के लिए सामूहिक दुआ की गई।

पूरे गांव में गमगीन माहौल देखने को मिला और देर शाम तक लोग मजलिस में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करते रहे।

# खामेनेई व उनके साथियों की शहादत पर शोकसभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव छजुपुरा सादात स्थित इमाम बारगाह में ईरान के सुप्रीम लीडर वरिष्ठ शिया धर्म गुरु आयतुल्लाह सय्यद अली खामेनेई व उनके साथियों की शहादत पर एक शोक सभा का आयोजन कर कुरआन खानी व मजलिस आयोजित की गई तथा शहीदों को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।




शोकसभा में छजुपुरा सादात की जामा मस्जिद अबुतालिब के पेश नमाज मौलाना मैहदी अब्बास जैदी ने कहा कि शहादत हार नहीं, बल्कि जगाना है। जो लोग खुदा की राह में मारे जाते हैं, उन्हें मरा हुआ नहीं समझना चाहिए, बल्कि वे जिंदा हैं और अपने खुदा से रिज्क पा रहे हैं। आज देश एक ऐसे लीडर से जुदा हो गया है जो कोई इंसान नहीं बल्कि एक सोच है, एक इरादा है, एक महान मुजाहिद है, अलावी स्कूल का लीडर है, कर्बला के रास्ते का एक मुसाफिर है, जिसकी जिंदगी जिहाद की खुशबू का जमावड़ा थी। इस महान लीडर का नाम इतिहास में मजबूती और समझ का दूसरा नाम माना और बोला जाएगा। घमंड की आंधी में इज्जत का चिराग नहीं बुझने दिया। उन्होंने देश को खुद पर काबू रखने का सबक सिखाया। यह शहादत पूरी नहीं है, यह आगे भी जागती हुई पीढ़ियों के जमीर में उतरती रहेगी जो जुल्म के खिलाफ आवाज उठाती रहेंगी, वह शहीदों का खून बेकार नहीं जाने देंगे। आज का दुख हमें कमजोर करने के लिए नहीं, हमें जगाने के लिए है। मैं दुआ करता हूँ कि उस जमाने के इमाम हमें अपने सच्चे बंदों में गिनें। शोक सभा में मौहम्मद रजा, नायाब हैदर, मौहम्मद अब्बास, शमशाद हुसैन, कलीम हैदर, शाही वास्ती, आफाक हुसैन, रईस हैदर, कुमैल जैदी, डॉ. कर्रार जैदी, काजिम हुसैन, कलबे हैदर, अली अब्बास, दबीर जैदी, रौशन अब्बास, कायम जैदी, कमाल जैदी, जरी अब्बास, मुन्तजिर मैहदी, आदिल जैदी आदि ने भाग लिया।

# झालू में होलिका दहन की भूमि कब्जामुक्त

## अब ऐतिहासिक स्थल पर ही जलेगी होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** आर्य समाज स्कूल के पास होली चौक स्थित ऐतिहासिक होलिका दहन भूमि पर वर्षों से जमे अवैध कब्जे को आखिरकार प्रशासन ने हटा दिया।

स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए साफ कह दिया था कि यदि भूमि कब्जामुक्त नहीं हुई, तो इस वर्ष होलिका दहन नहीं होने दिया जाएगा। जनभावनाओं की गंभीरता को भांपते हुए प्रशासन तत्काल हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर कड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तहसीलदार आशीष सक्सेना के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने स्थल पर पहुंचकर सर्वप्रथम भूमि की विधिवत नाप-जोख कराई।



राजस्व अभिलेखों एवं बैनामे की जांच-पड़ताल के बाद अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश दिया गया। जेसीबी की मदद से निर्माण को पूरी तरह हटाकर भूमि खाली करा ली गई। इस पूरे अभियान में तहसीलदार आशीष सक्सेना, लेखपाल विवेक कुमार, लेखपाल विनेश कुमार, हल्दौर कोतवाल किशन अवतार सिंह, चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह, नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अनुज अग्रवाल, लिपिक अनिल शर्मा सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही।

अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि सार्वजनिक एवं धार्मिक महत्व की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी शिकायतों पर इसी तरह सख्त कदम उठाए जाते रहेंगे।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस त्वरित और निर्णायक कार्रवाई का खुले दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वर्षों से चली आ रही इस समस्या का अब स्थायी समाधान हो गया है और इस बार होलिका दहन पूरी परंपरा और उत्साह के साथ उसी ऐतिहासिक स्थल पर संपन्न होगा।

## एक नजर

### सीओ ने ली डीजे संचालकों की बैठक



**चांदपुर।** पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक द्वारा होलिका दहन के दृष्टिगत डीजे संचालकों/स्वामियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों का पालन करने, निर्धारित समय सीमा का अनुपालन करने तथा भड़काऊ/अशोभनीय गीतों के प्रसारण से परहेज करने के निर्देश दिए गए। थाना कोतवाली परिसर में आयोजित इस बैठक से पहले उन्होंने होलिका दहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं अग्नि सुरक्षा संबंधी तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। तत्पश्चात डीजे संचालकों से अपनी बात साझा करते हुए सभी से शासनाद. शों का पालन करने का अनुरोध किया। उपस्थित लोगों ने उन्हें पूरी तरह अनुशासन में रहने और शासन के दिशा निर्देशों का पालन करने का पूरा भरोसा दिया।

### इजरायल-अमेरिका के विरुद्ध नारेबाजी



**शेरकोट।** शिया समुदाय के लोग मोहल्ला इमामबाड़ा सादात पर एकत्रित हुए तथा संयुक्त सैन्य कार्यवाही के दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनई की मौत को अत्यंत दु:खद एवं भावनात्मक घटना बताते हुए कहा कि घटना से शिया व समर्थक समुदाय में गहरा आहत, दर्द व चिंता व्याप्त है। उन्होंने राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा कि इस तरह की घटना से शांति, स्थिरता, वैश्विक सौहार्द्र को गम्भीर चुनोती मिलती है। महामहिम राष्ट्रपति से अंतरराष्ट्रीय मंच पर बिना किसी पक्षपात हर तरह की हिंसात्मक कार्यवाही के खिलाफ स्पष्ट एवं मजबूत रुख अपनाने की अपील की ताकि इंसानी जिंदगी व अधिकारों का सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर एहतेशाम जैदी, आलिम रजा, नाजिर हुसैन, मौहम्मद खादिम, शबी हैदर, असद हैदर आदि मौजूद रहे।

### अपहरण का आरोपी विशाल गिरफ्तार


**हीमपुर दीपा।** अपने भौतिक और आर्थिक लाभ के लिए अपहरण मारपीट जैसी घटनाओं को कारित करने वाले गिरोह के फरार चल रहे अभियुक्त विशाल पुत्र निरंजन निवासी ग्राम मदनपुर थाना किरतपुर को हीमपुर दीपा पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। बता दें कि रवि उर्फ कतली पुत्र पप्पू उर्फ हरिओम निवासी खजियान थाना बिजनौर, मोहित कश्यप पुत्र सुमेर सिंह निवासी ग्राम जुगार माजरा थाना नगीना देहात, शांतनु पुत्र जगदेव सिंह निवासी मुस्तफापुर आसू उर्फ बड़ी भंगार किरतपुर, विशाल पुत्र निरंजन निवासी मदनपुर थाना किरतपुर, फिरोज अख्तर पुत्र मुस्तकीम निवासी मौ. अंसारियां किरतपुर, अफजल पुत्र अयूब, संतोष पुत्र सदाशिव निवासी मौ. चौहानान किरतपुर का एक संगठित गिरोह है जो अपने भौतिक व आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से अपहरण जैसी जघन्य घटनाओं को अंजाम देता था। इसके खिलाफ हीमपुर दीपा थाने में 115/25 धारा 2 बी (1) 3 (1) गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत है। पुलिस से लुकाछिपी खेल रहे इस गिरोह के सदस्य विशाल पुत्र निरंजन को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि उक्त अभियुक्त विशाल पर थाना हीमपुर दीपा थाना चांदपुर व थाना नूरपुर सहित अब तक कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं।

### होली को लेकर अग्निशमन विभाग सतर्क



**नजीबाबाद।** होली को लेकर अग्निशमन विभाग सतर्क है। फायर स्टेशन प्रभारी के एस जादौन ने बताया कि मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडे के निर्देश पर त्यौहार के दौरान आगजनी की संभावना को देखते हुए सभी फायर स्टेशनों की यूनिट को अलर्ट मोड पर रखा गया है। साथ ही संवे. दनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी और त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। त्यौहारों के समय अक्सर लापरवाही के कारण छोटी घटनाएं बड़े हादसों का रूप ले लेती हैं, इसीलिए इस बार विभाग ने पहले से ही जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। होली को लेकर अग्नि सुरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि होलिका का दहन हमेशा खुले मैदान में करें। सुनिश्चित करें कि दहन स्थल बिजली के तारों, ट्रांसफार्मर, ऊंचे पेड़ों या इमारतों से सुरक्षित दूरी पर हो। आग की लपटों और उड़ती हुई चिंगारियों से बचने के लिए अलाव से कम से कम 6 से 10 फीट की सुरक्षित दूरी बनाए रखें। उत्सव के दौरान सूती और शरीर से चिपके हुए कपड़े पहनें। सिंथेटिक या ढीले-ढाले कपड़े आग जल्दी पकड़ सकते हैं।

### आंदोलन पार्टी की बैठक



**नूरपुर।** समाजवादी आंदोलन पार्टी के कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सरदार धनभाग सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक ने की। संचालन धर्मवीर सिंह दिवाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी समाज ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर नबी इदरीसी ने कहा कि होली व ईद का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाए। यह हमारे भारत की परंपरा है। इस अवसर पर डॉ. वसीम सिद्दीकी युवा प्रदेश अध्यक्ष, राशिद अली मंसूरी पूर्व सभासद, तंजीम अहमद अंसारी प्रदेश सचिव, मौहम्मद रफी मिकरानी प्रदेश कोषाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# रंग एकादशी महोत्सव पर सांस्कृतिक संध्या

## भगवान विष्णु के बारह अवतारों की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** श्री राधा कृष्णा सामाजिक विकास सोसाइटी के तत्वावधान में चल रहे रंग एकादशी महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार की रात पोखर बाजार स्थित लाला जमुनादास धर्मशाला में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। देर रात तक चले कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्ति और उल्लास के रंग में सराबोर नजर आए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण और गणेश वंदना से किया गया। इसके पश्चात मुरादाबाद के वैष्णवी कला मंच के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनोहारी प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। टीवी रियलिटी शो से जुड़े कलाकार राहुल की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिस पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में भगवान विष्णु के बारह अवतारों की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। नरसिंह अवतार द्वारा हिरण्यकश्यप वध का मंचन अत्यंत प्रभावशाली रहा, जिसे





दर्शकों ने श्रद्धा भाव से निहारा। भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता के साथ केवट संवाद की प्रस्तुति ने दर्शकों को रामभक्ति में भावविभोर कर दिया। वहीं माता वैष्णो देवी की कथा पर आधारित झांकी ने भी श्रद्धालुओं के मन में आस्था का संचार किया।

राधा रानी और गोपियों के संग भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला तथा फूलों की होली की रंगारंग प्रस्तुति पर पूरा पंडाल झूम उठा। कार्यक्रम के समापन पर भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें भूत-प्रेतों की झांकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही और वातावरण 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के विभाग संयोजक मेरठ जितेंद्र चौधरी को समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष शगुन चौहान, निदेशक के.के. चंद्रा, संरक्षक संदीप शर्मा सहित पंकज चौहान, हरीश शर्मा, पुनीत शर्मा, शिवम वर्मा, विजेंद्र सेनी, ललित चौहान, शशांक कौशिक, अनूप अग्रवाल, अशोक चौहान, संजय वशिष्ठ, प्रमोद चौहान, डॉ. नवदीप दुबे, आकाश चंद्रा, अतुल अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में भक्तिरस, सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक एकता का सुंदर संगम देखने को मिला।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती रूबीना खातून पुत्री श्री नफीस मौहल्ला मेहन्दीबाग** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री लियाकत अली पुत्र श्री अहमद अली व श्रीमती हिलालुन्निशा पत्नी श्री लियाकत अली** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **534 मेहन्दीबाग** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती दयावती देवी पत्नी स्व. श्री जयप्रकाश मौहल्ला जाब्तागंज-2** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **स्व. श्री बसन्ता सिंह पुत्र श्री सुचेत सिंह** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड वारिसान व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति का उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 526/**बी जाब्तागंज-2** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मेरा नाम MAKHAMALI था। अब मैने अपना नाम बदल कर MAKHMALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। मखमली पत्नी मो. साबिर ग्राम खारी, पोस्ट खारी झालू, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश (246728)

# धामपुर में रंग जुलूस तीन मार्च को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में होली पर्व को पारंपरिक, अनुशासित और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। आदर्श होली हवन समिति की बैठक में इस वर्ष 76वें रंग जुलूस को भव्य रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। 3 मार्च छोटी होली के दिन शाम को निकलने वाला जुलूस ग्रहण लगने के कारण कार्यक्रम के समय में परिवर्तन करते हुए जुलूस का शुभारंभ इस वार शाम 7 बजे, ग्रहण समाप्ति के बाद किया जाएगा।

बैठक समिति के संयोजक रवि चौधरी के आवास पर आयोजित हुई, जिसमें होली को प्राचीन परंपराओं के अनुरूप मनाने पर सहमति बनी। आचार्य दिनेश चंद्र भारद्वाज ने जानकारी दी कि ग्रहण के चलते निर्धारित समय पर होलिका दहन संभव नहीं होगा, इसलिए ग्रहण उपरांत ही कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने बताया कि होली के दोनों दिन निकलने वाले जुलूस को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।



## ड्रोन कैमरों से होगी निगरानी

समिति के पदाधिकारी और स्वयंसेवक गले में परिचय पत्र (आई-कार्ड) धारण करेंगे तथा हाथों में केसरिया ध्वज लेकर जुलूस की आंतरिक व्यवस्था संभालेंगे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से बाहरी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।

बैठक में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने कहा कि जुलूस मार्ग के सभी संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा जाएगा और किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान पवन अग्रवाल एडवोकेट, विभु बंसल, डॉ. शंकर लाल शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने जुलूस को और अधिक व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के सुझाव दिए। संयोजक रवि चौधरी ने बताया कि 76वां रंग जुलूस नगर की ऐतिहासिक परंपरा का प्रतीक है और इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी अपेक्षित है। उन्होंने सभी नागरिकों से संयम, अनुशासन और आपसी भाईचारे के साथ पर्व में शामिल होने की अपील की।

बैठक में सनी छाबड़ा, देवेंद्र भटनागर, विभूति कांत शर्मा, सचिन सिन्हा, अमित जोशी, संयम जैन, आकाश महेश्वरी सहित समिति के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नगर में रंग जुलूस को लेकर उत्साह का वातावरण है और तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। समिति और प्रशासन ने संयुक्त रूप से होली पर्व को सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने का संकल्प दोहराया है।

# रमजान में सियासी सन्नाटा चुनावी दौर की रौनक गायब

## इफ्तार महफिलों में नहीं दिख रही पहले जैसी हलचल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पवित्र माह-ए-रमजान की बरकतों के बीच जहां नगर की मस्जिदों में इबादतों का सिलसिला जारी है और रोजा इफ्तार की महफिलें सादगी व भाईचारे के साथ सज रही हैं। वहीं राजनीतिक गलियारों में इस बार एक अलग ही सन्नाटा नजर आ रहा है।

नगर के जागरूक लोगों का कहना है कि फिलहाल निकाय चुनाव में लगभग दो वर्ष से अधिक का समय बाकी है। शायद यही वजह है कि सियासी हलचल लगभग थम सी गई है, लेकिन यदि पिछले निकाय चुनाव के समय के रमजान की बात की जाए तो उस दौर की तस्वीर कुछ और ही थी। उस समय चुनावी माहौल गर्म था।

संभावित प्रत्याशी और राजनी. तिक दावेदार अपने-अपने निवास स्थानों पर लगातार रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित कर रहे थे। बड़े स्तर पर तैयारी की जाती थी। विशेष इंतजाम किए जाते थे और लोगों को व्यक्तिगत रूप से बुलाने पर जोर दिया जाता था। इफ्तार कार्यक्रमों के माध्यम से जनता से संपर्क साधने और अपनी सक्रियता दिखाने की होड़ सी लगी रहती थी।

मौहल्लों में चर्चा रहती थी कि किस प्रत्याशी के यहां कितना भव्य इफ्तार हुआ। कौन-कौन सी सियासी हस्तियां पहुंचीं और किसने कितने लोगों को जोड़ा। उस समय इफ्तार केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि राजनीतिक सक्रियता का भी एक अहम जरिया बन गया था लेकिन मौजूदा हालात में तस्वीर बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। इस बार इफ्तार की महफिलें तो सादगी से हो रही हैं, मगर राजनीतिक चेहरे कम ही नजर आ रहे हैं।

## एक नजर

### डीएलएड तृतीय सेमेस्टर में सानिया प्रथम



**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के डी.एल.एड. बैच 2023 के तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि तृतीय सेमेस्टर में कु. सानिया परवीन पुत्री सरवर अली ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आयुशी अग्रवाल पुत्री नवीन कुमार अग्रवाल ने 90.75 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान व निधि रानी पुत्री रामअवतार सिंह ने 89.62 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा इंस्टीट्यूट की प्राचार्य डा. सीमा शर्मा, कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के विभागाध्यक्ष कृष्णा कुमार व सहायक प्रवक्ता फ़रहीन ज़हरा व ज्योति सिंह ने छात्राओं को बधाई देते हुए, उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सीओ ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**नगीना।** नगर में निकले द्वादशी के जुलूस से पहले सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने पुलिस बल के साथ जुलूस मार्गो पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वे भ्रमण के दौरान विभिन्न मार्गों पर दिख रही समस्याओं व जुलूस से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश लाउड स्पीकर से लगातार दुकानदारों, राहगीरों और नगर वासियों को देते हुए गुजरते रहे। निरीक्षण के दौरान जुलूस के निर्धारित मार्ग, संवेदनशील स्थलों एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सतर्कता बरतने तथा ड्यूटी का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी से करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### छम छम नाचे वीर हनुमान...



**धामपुर।** नगीना रोड स्थित साकेत विहार कॉलोनी में सुधीर गुप्ता के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन छम छम नाचे वीर हनुमान जिसे कहते हैं राम का दीवाना यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर सबका उत्साह वर्धन किया। अंत में फूलों की पंखुड़ियां से सबने जमकर होली खेली और सबने एक दूसरे के ऊपर फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा की गई। अंत में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में सुधीर गुप्ता, कविता गुप्ता, रिशांक गुप्ता, मनीषा अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, मौली गुप्ता, कार्तिक गुप्ता, महिपाल सिंह आदि शामिल रहे। श्रीमान हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, मास्टर सुनील सिंह, संदीप भारद्वाज, शोभित अग्रवाल, विजयपाल सिंह, हरीश कारीगर, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### कैशलेस इलाज की मांग, ज्ञापन सौंपा



**स्योहारा।** उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ जनपद बिजनौर की ओर से मुख्यमंत्री को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन प्रेषित कर सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों में कार्यरत कार्यालय लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने की मांग उठाई गई है। संघ पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों तथा मान्यता प्राप्त सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं अन्य कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से सरकारी एवं चिन्हित निजी अस्पतालों में कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह व्यवस्था कर्मचारियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है, किन्तु सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों में कार्यरत कार्यालय लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अभी तक इस महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित हैं। संघ का कहना है कि इन कर्मचारियों को भी विद्यालयी व्यवस्था का अभिन्न अंग होने के बावजूद चिकित्सा सुविधा में समान अवसर नहीं मिल पा रहा है, जिससे बीमारी या आपात स्थिति में उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है कि समानता एवं न्याय के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए उक्त कर्मचारियों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया जाए ताकि वे और उनके परिवारजन भी निश्चिंत होकर उपचार प्राप्त कर सकें। संघ ने आशा व्यक्त की है कि प्रदेश सरकार इस मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री तेजपाल सिंह, मौहम्मद अफजाल सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### रंगदारी मांगने की आरोपी महिला गिरफ्तार

**नांगल सोती।** गांव पूंडरीकला ग्राम प्रधान पति संदीप राठी ने पांच लाख की रंगदारी मांगने और दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ ने बताया कि मामले में पुलिस ने पूंडरी कला निवासी महिला सोनू मलिक को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है।

# महामूर्ख सम्मेलन में गधे का ताज सब्जियों की माला से होगा स्वागत

## होली पर धामपुर में हंसी, ठिठोली और व्यंग्य का अनोखा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** 'बुरा न मानो होली है' की परंपरा को जीवंत करते हुए धामपुर में 2 मार्च को 30वां महामूर्ख सम्मेलन पूरे हास्य और व्यंग्य के रंग में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन पिछले 29 वर्षों से लगातार होता आ रहा है और अब यह क्षेत्र की एक पहचान बन चुका है।

इस सम्मेलन की सबसे खास बात इसका अनोखा सम्मान समारोह है। यहां मुख्य अतिथि का स्वागत फूलों से नहीं, बल्कि आलू, गाजर, गोभी, मटर, शिमला मिर्च और हरी-लाल मिर्च जैसी सब्जियों की मालाओं से किया जाता है। इतना ही नहीं, अतिथि के सिर पर पारंपरिक 'गधे का ताज' भी पहनाया जाता है। आयोजकों के अनुसार यह सब व्यंग्य और हास्य की भावना से किया जाता है, ताकि होली के अवसर पर लोग तनाव भूलकर खुलकर हंस सकें।

आयोजन समिति का कहना है कि यह कार्यक्रम केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से समाज में फैली बुराइयों और अहंकार पर व्यंग्यात्मक प्रहार भी किया जाता है। मंच से हल्के-फुल्के अंदाज में ऐसे संवाद और प्रस्तुतियां होती हैं, जो दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ सोचने पर भी मजबूर करती हैं। सम्मेलन में शामिल होने वाले पदाधिकारियों और अतिथियों को भी 'महामूर्ख' की उपाधि देकर सम्मानित किया जाता है। यह सम्मान पूरी तरह प्रतीकात्मक होता है और इसका उद्देश्य होली के उत्सव को और भी रंगीन बनाना है।

यह कार्यक्रम 2 मार्च को मौहल्ला लोहियान स्थित धर्मशाला में रात्रि 8:30 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

हर वर्ष इस अनूठे आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। परिवारों के साथ आने वाले लोग हंसी-मजाक, चुटकुलों और व्यंग्य से भरपूर इस कार्यक्रम का आनंद उठाते हैं। आयोजकों का दावा है कि यह धामपुर क्षेत्र का ऐतिहासिक और विशिष्ट आयोजन है, जिसकी पहचान पूरे मंडल में अलग है। होली के इस खास मौके पर आयोजित होने वाला यह सम्मेलन एक बार फिर लोगों को हंसी के रंग में रंगने के लिए तैयार है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते सैन्य तनाव पर शिया समुदाय ने जताई चिंता

## भारत सरकार के नाम ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हालिया घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र के गांव मिलक जहांगीराबाद में शिया समुदाय के लोगों ने चिंता व्यक्त की। समुदाय के प्रतिनिधियों ने एकत्र होकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के माध्यम से भारत सरकार के नाम ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते सैन्य तनाव पर गहरी चिंता जताते हुए कहा गया कि युद्ध और हिंसक घटनाओं से वैश्विक शांति एवं मानवता को गंभीर नुकसान पहुंचता है। समुदाय के लोगों ने अपील की कि भारत सरकार कूटनीतिक माध्यमों से संबंधित देशों के बीच संवाद स्थापित कराने की दिशा में पहल करे, ताकि संघर्ष विराम और शांति प्रक्रिया को बल मिल सके।



वक्ताओं ने कहा कि किसी भी प्रकार का युद्ध आम नागरिकों के लिए घातक सिद्ध होता है और इससे सामाजिक व आर्थिक अस्थिरता बढ़ती है। उन्होंने सभी पक्षों से संयम बरतने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की।

ज्ञापन सौंपने वालों में सज्जाद अली, शेर अली, अली अब्बास, शहजाद अली, रियाज अहमद, चांद मियां, सुहेल हैदर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित उच्चाधिकारियों तक अग्रेषित करने का आश्वासन दिया।


## एक नजर

### फूलों से जमकर खेली होली



**धामपुर।** महिला प्रेम मंडल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल और पुष्प की वर्षा करके होली खेली। टीचर कॉलोनी स्थित सत्संग भवन में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर और गणेश वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद महिलाओं ने ढोलक की थाप पर जमकर नृत्य किया और रंग गुलाल और पुष्प वर्षा कर एक दूसरे को रंगों से सराबोर और कर दिया। राजधानी बिन्दल ने कहा कि होली उमंग, मस्ती, भाईचारे का त्यौहार है। इसमें सब एक दूसरे की नाराजगी दूर कर एक दूसरे को गले लगाते हैं और होली का त्योहार धूमधाम से मनाते हैं। होली मिलन में होली क्वीन का चुनाव किया गया, जिसमें रश्मि चौहान को होली क्वीन चुना गया। उनको पुरस्कार देकर और ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में उमा रानी, सुधा ठाकुर, राजरानी बिंदल, नीलम सक्सेना, नीतू दीक्षित, शशि, श्वेता, सुमन चौहान, कुंती देवी, हेमलता, अर्चना, रश्मि, वर्षा रानी, शोभा, नीलू, सुमित्रा, संगीता, जयमाला, प्रभा, लीलावती आदि शामिल रहीं।

### गुलदार ने पालतू कुत्ते को बनाया निवाला



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सुमाल खेड़ी में बीती रात गुलदार एक घेर के अंदर घुस आया और वहां बंधे पालतू कुत्तों पर अचानक हमला कर दिया। हमले में प्रफुल चौहान के पालतू कुत्ते की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य एक कुत्ता गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। बताया जा रहा है गुलदार शिकार को घसीटते हुए खेतों की ओर ले गया। सुबह ग्रामीणों को खेत में कुत्ते का शव बरामद हुआ, जिसके बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई। घटना के बाद से महिलाएं और बच्चे घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। वहीं किसान भी खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से गुलदार की गतिविधियां देखी जा रही हैं और वन विभाग को सूचना भी दी गई है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल पिंजरा लगाने की मांग की है।

### सीओ ने किया रंग जुलूस मार्ग का निरीक्षण



**नांगल सोती।** पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद नितेश प्रताव सिंह थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने पुलिस बल के साथ दुल्हैंडी रंग जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। इस उन्होंने कहा कि रंग में भंग डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कोई भी व्यक्ति किसी को जबरन रंग नहीं लगाए और परम्परागत रास्तों से रंग जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान उन्होंने रंग मार्ग पर पड़ने वाली मस्जिद पर जाकर मुस्लिम लोगों से वार्ता साझा की। इस दौरान वीरेंद्र शर्मा। भूपेंद्र राजपूत, सुशील फौजी, करतार सिंह, राजवीर काकरान, जितेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन का चाबुक

## संयुक्त छापेमारी में दो आरोपी हिरासत में, तीन वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ आखिरकार प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। ठाकुरद्वारा रोड पर देर रात चल रहे अवैध खनन की सूचना मिलने पर राजस्व एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान मौके से एक लोडर और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर सीज कर दिया गया। टीम ने अवैध रूप से मिट्टी खनन कर रहे कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। बाद में दोनों आरोपियों का पुलिस द्वारा चालान कर दिया गया। हल्के के लेखपाल अनिल कुमार ने बताया कि पकड़े गए वाहनों में एक लोडर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जुनैद चौधरी की बताई जा रही है जबकि दूसरी ट्रैक्टर-ट्रॉली एक अन्य व्यक्ति की है। तहसीलदार के निर्देशन में की गई यह कार्रवाई कल रात की बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में लाख पाबंदियों और प्रशासनिक सख्ती के बावजूद भी अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा था। समय-समय पर इस तरह की गतिविधियों की खबरें सामने आती रही हैं। इसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी सुनने को मिल रही हैं। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा है कि लगातार कार्रवाई के बावजूद खनन का जारी रहना कई सवाल खड़े करता है। फिलहाल प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।





अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध मिट्टी खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियानों को जारी रखा जाएगा।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि सरफराज और जुनैद चौधरी उर्फ जेड का धारा 151 में चालान किया गया है और वाहनों को सीज किया गया है।

### पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान




**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के नेता शेरबाज पठान ने क्षेत्र के कई गांव का दौरा कर पार्टी को मजबूत करने, पार्टी से जुड़ने व जिला पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। सर्वसमाज पर अपनी मजबूत पकड़ रखने वाले, सबके दिलों पर राज करने वाले, हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक, कमजोरों, बेबसों, लाचारों के मसीहा, हर दिल अजीज शेरबाज पठान ने समर्थकों के साथ गांव बमनोला, त्रिपुरा, नलपुरा में लोगों से मुलाकात कर आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की। शेरबाज पठान के आजाद समाज पार्टी में शामिल होने पर क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह एवं जोश देखने को मिल रहा है। शेरबाज पठान के आसपा में आने पर क्षेत्र में पार्टी को मजबूती मिल रही है। शेरबाज पठान जिस गांव में भी गए, वहां के लोगों ने उनका शानदार स्वागत कर पूर्व की भांति अपना पूर्ण सहयोग देने एवं आजाद समाज पार्टी को अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बलवीर सिंह, नाथू सिंह, नरेंद्र, अमर सिंह, बिजेंद्र, टिंकू प्रधान, राजेंद्र सिंह, निवेश, जगदीश, शिवचरण, ईश्वर दयाल, अदनान, एडवोकेट नवाब अहमद आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने वांछित आरोपी दबोचा



**चांदपुर।** गत 03 फरवरी को वादी द्वारा चांदपुर पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि सुलेमान पुत्र इकबाल अहमद निवासी नामालूम, त्यागी पुत्र नामालूम निवासी ग्राम सिकरिया थाना नौगांवा जनपद अमरोहा के द्वारा वादी के पुत्र को पैसों के लेनदेन को लेकर प्रताड़ित किया गया, जिससे परेशान होकर वादी के पुत्र द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। इस संबंध में वादी के पुत्र द्वारा मरने से पहले अपने मोबाइल फोन से एक वीडियो बनाई, जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार सुलेमान व त्यागी नामक व्यक्ति को बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 60/26 धारा 108 बी एनएस में 3/2 वीए एससी/एसटी पंजीकृत किया था। चांदपुर पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में उपरोक्त से संबंधित वांछित आरोपी सुलेमान पुत्र इकबाल निवासी ए 99/2 द्वितीय फ्लोर ओखला थाना शाहीन बाग दक्षिण दिल्ली, स्थाई पता ग्राम सिकरिया थाना नौगांवा सादात जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
( ठेकेदार )
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# अयातुल्ला खोनमेई की शहादत पर शोक की लहर

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता व विश्व शिया धर्म गुरू अयातुल्ला अली खामनेई की शाहादत की खबर के विरोध में शिया समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। शहर के सिरसी स्थित इमामबाड़े पर बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्र होकर जोरदार नारेबाजी की। कर्बला-कर्बला, हैदर-हैदर और लब्बैक या हुसैन के नारों से माहौल गूंज उठा।

रहबर अयातुल्ला खामनेई की शहादत पर इमामबारगाह शर्की में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी तादाद में सोगवारों ने शिरकत की। रहबर की शहादत की खबर ने सबको सकते में डाल दिया ओर यह खबर दिलों पर बिजली की तरह गिरी। जिससे समूचा कस्बे को गहरा सदमा हुआ। शोक सभा में उलेमाओं ने अयातुल्ला खामनेई की शहादत पर बोलते हुए कहा कि फिलस्तीन के मजलूमों के साथ खड़े होकर इसराइल और उसके दोस्त अमेरिका का विरोध करने की वज से खामनेई साहब को इतनी बड़ी कुर्बानी देनी पड़ी है। उलेमाओं ने आगे कहा कि अगर इस्लाम व इंसानियत के दुश्मन मुल्क यह समझ रहे हैं कि अब इरान चात्महो जायेगा तब यह दोनों दुश्मन मुल्कों की गलत फहमी है। उलेमाओं ने कहा कि अब से चौदह सौ साल पहले जालिम शासक यजीद ने हजरत इमाम हुसैन और उनके सािथयों को कर्बला में तीन दिन की भूख-प्यास में शहीद कर यह सोचा था कि अब हुसैन के साथ इस्लाम खतम हो जायेगा। लेकिन दुनिया भर में आज इमाम हुसैन का नाम लिया जा रहा है। इस्लाम का परचम भी दुनिया के कौने-कौने में लहरा रहा है। जिस तरह यजीद की हार हुई इसी तरह आने वाले वक्त में मजलूमों व इंसानियत के दुश्मनों को भी हार का मुह देखना पड़ेगा। शोक सभा के बाद रहबर की फोटो वाली तख्तियों के साथ जुलूस निकाला गया।जबकि रहबर की शहादत की खबर सुनकर शिया समुदाय ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए।

**0 रहबर की फोटो लगी तख्तियां हाथ में लेकर निकाला जुलूस**




सिरसी। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सय्यद अली खामनेई की शहादत के विरोध में विरोध प्रदर्शन करते जाते एवं विरोध प्रदर्शन करते शिया समुदाय के लोग।

# रहबर की शहादत के बाद कस्बे में खामोशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता व शिया विश्व धर्मगुरू अयातुल्ला सय्यद अली खामनेई की अचानक हुई शहादत की खबर ने हर इंसान पसंद इंसान को झकझोर कर रख दिया। लोग एक दूसरे से मिलते हें लेकिन दर्द इतना है कि बस बात नहीं बल्कि ऑसू दिल का दर्द बयान कर रहे हैं।

रहबर की शहादत के विरोध में निकाले गए जुलूस में युवाओं क`साथ बच्चों का भी जोश देखते ही बनता था। कमसिन बच्चे व जवान हाथों में रहबर की तस्वीर लिए नारे लगा कर मानो दुश्मन को चैलेंज हर रहा हो कि कितने खामनेई मारोगे हर घर से हुसैनी निकलेगा। रहबर की शहादत का सदमा इतना है कि चेहरे लटके हुए और नम ऑखे बता रही हैं कि यह गम का पहाड़ जो टूटा है। उसे आसानी से भुलाया नहीं जा सकता। रहबर की शहादत पर उलेमाओं का कहना है कि शहीदों का खून व्यर्थ नहीं जाता। कुरआन का वादा है कि अल्लाह ज़ालिमों को मोहलत तो देता पर उन्हे छोड़ता नहीं। उनके जुल्म की सजा जरूर देता है। इस तरह रहबर को शहीद कर दुनिया भर के उनके चाहने वालों को खून के ऑसू रूलाने वाली जालिम ताकतों को अल्लाह सजा जरूर देगा। कर्बला की अब से चौदह सो साल पहले की घटना इसकी गवाह है कि जालिम यजीद की लाखों की फौज हरजत इमाम हुसैन और उनके साथियों को शहीद कर सोच रही थी कि अब यजीद जीत गया लेकिन तारीख गवाह है कि अब जालिम यजीद के नाम पर कोई अपनपे बच्चे का नाम नहीं रखता। जबकि इमाम हुसैन के नाम पर अनगिनत लोग मिल जायेंगें रहबर को शहीद करने वाले कुछ वक्त के लिए तो खुश हो सकते है। लेकिन अल्लाह जालिमों को जरूर सजा देगा। और हक व मजलूम की जीत होगी।



सिरसी- अयातुल्ला सय्यद अली खामनेई की शहादत का विरोध प्रदर्शन करते सोगवार।

# डा. प्रशांत मूर्खाधिराज व राहिल मूर्ख शिरोमणि चुने

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** केमिस्ट एसोसिएशन ने गुलाल और फूलों से होली खेलकर मूर्खाधिराज और मूर्ख शिरोमणि का चुनाव कर गुलाल की होली खेली।

चंदौसी रोड पर स्थित विवॉन अस्पताल में केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से होली से एक दिन पूर्व गुलाल और फूलों की होली खोली गई। चिकित्सा, समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में यश पताका फहराने वाले सिद्वि अस्पताल के स्वामी तथा वरिष्ठ चिकित्सक प्रशांत वार्ष्णेय को सर्वसम्मति से मूर्खाधि राज चुना गया। जबकि असमोली से आए केमिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राहिल भारतीय को मूर्ख शिरोमणि चुना। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम शरण शर्मा ने मूर्खाधिराज और मूर्ख शिरोमणि को माल्यार्पण किया।विवॉन अस्पताल के स्वामी सत्यवीर सिंह पाल और सुबोध सिंह पाल ने मूर्खाधिराज और मूर्ख शिरोमणि को पगड़ी पहनाई। डा. नसीम, शाहनवाज आलम, डा. अभिजीत पॉल, अजय कुमार शर्मा, दुर्वेश सैनी, डा. वाहिद हुसैन, सुनील कुमार, राजपाल सिंह, दिनेश कुमार, रंजीत सिंह, बॉबी चौधरी, मोहम्मद हसनैन, शैलेश सक्सेना, दिनेश कुमार, सौरभ गुप्ता आदि अनेक सदस्यों ने मूर्खाधि राज और मूर्ख शिरोमणि के ऊपर पुष्प वर्षा की। सभी ने एक दूसरे को होली की टोपी पहनाकर गुलाल लगाया और जमकर फूलों की होली खेली।

इस अवसर पर मूर्ख शिरोमणि बने राहिल भारतीय ने कहा कि होली भाईचारे का त्यौहार है। होली का अर्थ है कि अपने मन में व्याप्त सभी बुराइयों का खात्मा करना और चटकीले भड़कीले रंगों की तरह स्वयं का स्वभाव सुगंधित बनाना। इस अवसर पर उन्होंने केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया। मूर्खाधि राज बने डा. प्रशांत वार्ष्णेय ने केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित गुलाल और फूलों की होली जमकर खेली और सभी सदस्यों से फूलों की तरह महकने व्यवहार करने और बनने की अपेक्षा की। उन्होंने केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित गुलाल और फूलों की होली कार्यक्रम की सराहना करते हुए केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा समाज हित समर्पित रहने के स्वभाव की प्रशंसा की। समस्त कार्यक्रम का संचालन सुबोध पाल ने किया।



सम्भल- होली मिलने में मूर्खाधिराज व मूर्ख शिरोमणि को सम्मानित करते।

## शुगर के रोगियों के लिए भी होली की गुजियां हो गई हैं तैयार

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** होली पर्व पर बाजार में गुजिया की काफी बड़ी रेंज तैयार हैं। दुकानों पर गुजिया बनाने की तैयारी जोरों पर चल रही है। शुगर की बीमारी वालों को मीठे की मनाई है लेकिन होली पर गुजिया का मजा न मिले तो कैसी होली। उनके लिए कम मीठे की गुजिया तैयार की जा रही है। जिससे शुगर मरीज भी गुजिया का स्वाद लेकर इसका जायका ले सकें। बाजारों में गुजियाओं की काफी रेंज है। जो ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। घरों में भी गुजिया बनाने का सिलसिला शुरू हो गया है लेकिन भागमभाग भरी जिंदगी व समय के अभाव के चलते तमाम परिवार बाजार पर निर्भर हो गए हैं। बाजार ऐसे परिवारों के लिए सजा है। वह ऐसी गुजिया को पसंद कर रहे हैं। इस गुजिया के दाम साधारण गुजिया से ज्यादा है। होली पर्व पर गुजियों का बनना जरूरी है। सोनू-मोनू मिष्ठान भंडार के स्वामी रविराज वार्ष्णेय ने बताया कि बाजार में कई प्रकार की गुजिया से दुकाने सजी है। चाशनी पाग गुजिया, पिस्ता गुजिया, केसर गुजिया, मावा गुजिया आदि है।

# होली रंगों का लोकप्रिय पर्व

## प्रेम का त्यौहार, भारत और नैपाल में प्रमुखता के साथ मनाया जाता है रंगो का महापर्व

**बबराला ( अनिरूद्व शर्मा )।** होली प्रमुख त्यौहार है होली जहां एक और सामाजिक एवं धार्मिक त्योहार है ,वहीं रंगों का भी त्यौहार है। बाल ,वृद्व ,महिला, पुरुष सभी इसे बड़े उत्साह से मनाते हैं। इसमें जातिभेद वर्णभेद का कोई स्थान नहीं होता। इस अवसर पर लकड़ियों तथा कंडे आदि का ढेर लगा कर होली का पूजन किया जाता है। फिर उसमें आग लगाई जाती है। पूजन के समय मंत्रोच्चारण किया जाता है।

आचार्य गुरु कुलदीप माथुर ने बताया कि होली वसंत श्रृतु में मनाए जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। रंगों का त्योहार कहा जाने वाला यह पर्व पारंपरिक रुप से दो दिन मनाया जाता है। यह प्रमुखता से भारत व् नेपाल में धूमधाम से मनाया जाता है। पहले दिन होलिका जलाई जाती है। जिसे होलिका दहन कहते हैं। दूसरे दिन दुल्हडी मनाते हैं।लोग एक दूसरे पर रंग अबीर गुलाल इत्यादि फेंकते हैं। ढोल बजा कर होली के गीत गाए जाते हैं और घर घर जाकर लोगों को रंग लगाया जाता है। होली के दिन लोग पुरानी कटूता को भूलकर गले मिलते हैं और फिर से दोस्त बन जाते हैं। एक दूसरे को रंगने और गाने बजाने का दौर दोपहर तक चलता है। उसके बाद स्नान करके विश्राम करने के बाद नए कपड़े पहन कर शाम को लोग एक दूसरे के घर मिलने आते हैं। गले मिलते हैं और मिठाई खिलाते हैं। राग रंग का यह लोकप्रिय पर्व बसंत का संदेश वाहक भी है। राग अथार्त संगीत और रंग इसके प्रमुख अंग है। उनके उत्कर्ष तक पहुंचने वाली प्रकृति भी इस समय रंग-बिरंगे यौवन के साथ अपनी चरम अवस्था पर होती है। फाल्गुन मास में मनाए जाने के कारण इससे फाल्गुनी भी कहते हैं। होली का त्योहार बसंत पंचमी से प्रारंभ हो जाता है। खेतों में गेहूं की बालियां लगती हैं।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-पर्यावरण की शुद्धता को एआरएस इंटरनेशनल स्कूल में यज्ञ करते।

## पर्यावरण की शुद्धता को यज्ञ ज़रूरी: विजय देव

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला ।** ए.आर.एस इंटरनेशनल स्कूल बिचपुरी सैलाब, गुन्नौर के द्वितीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर वेद परायण यज्ञ हुआ। आचार्यो ने वेदों के बारे में विस्तार से ज्ञान दिया।

इस अवसर पर सुबह 8 बजे यज्ञ विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ किया गया। सभी ने यज्ञ में आहुतियां दीं। आचार्य विजय देव नैष्ठिक गुरुकुल समसपुर बदायूं ने कहा कि यज्ञ से पर्यावरण शुद्व होता है। प्राचीन समय से यज्ञ की परंपरा रही है। यज्ञ पर्यावरण की शुद्वता के लिए काफी महत्वपूर्ण है। स्वामी वेदानंद गुरुकुल समसपुर बदायूं ने कहा कि वेद हमारे आधार स्तंभ है। सनातन धर्म में वेदों का बड़ा महत्व है। इस दौरान रामखिलाड़ी सिंह आर्य, उमेश यादव, आचार्य ओमवीर आर्य, पुष्पा शास्त्री, महाशय राजाराम आर्य, स्वामी महामुनि,महाशय अजयपाल,महाशय उदयराज आर्य, भगवान देव आर्य,नेकराम सिंह आर्य,निरोत्तम सिंह आदि मौजूद रहे।

## होली पर चेयरमैन ने दिए सफाई रखने के निर्देश

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर पंचायत गुन्नौर की चेयरमैन ने होली पर्व पर समूचे नगर में पानी और सफाई की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं ।उन्होंने कहा कि होली पर नगर में पानी और सफ़ाई व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहे।



नगर पंचायत गुन्नौर चेयरमैन खुशबू प्रजापति ने नगर पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि होली के पर्व पर नगर के समस्त वार्ड में पानी और सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए। होली पर किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर होली जलती है उन स्थानों पर भी स्फ़ाई की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। स्फ़ाई के साथ कलई का छिड़काव भी कराया जाए। उन्होंने नगर के सफाई निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि वह अपने क्षेत्रों में पढ़ने वाले बाजारों को साफ सुथरा रखने के लिए होली पर सफाई की व्यवस्था कराएं। उन्होंने नगर पंचायत कर्मियों से होली पर सभी वार्ड में पानी और सफाई की व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए हैं।इस मौके पर चेयरमैन पति धर्मेन्द्र प्रजापति व सभी नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

# श्याम सरकार आश्रम में धूमधाम से मना फाल्गुनी मेला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** श्री श्याम सरकार आश्रम गवां में बाबा श्याम जी का फागुन मेला महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया,मेला महोत्सव में मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार उर्फ पिंटू वर्मा एवं रजनीश अग्रवाल रहे। मेले का विशिष्ट अतिथि उमंग अग्रवाल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पति भगवान दास दिवाकर के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर पूजन कर श्री रामायण पाठ का शुभारंभ कराया। महोत्सव का शुभारंभ एकादशी को किया गया। मेला महोत्सव में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने बाबा श्याम का प्रसाद ग्रहण किया, वहीं छोटे-छोटे बच्चों ने मेला महोत्सव में झूलों का आनंद उठाया। आश्रम के महंत दीक्षित महाराज ने सभी श्याम प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। मेला महोत्सव के समापन पर सुंदर-सुंदर झांकियां आयोजित की गई और होली मिलन समारोह मनाया। समारोह में बाबा श्याम के भजनों पर श्याम प्रेमियों ने जमकर नृत्य किया और एक दूसरे को गुलाल लगाया।दीक्षित महाराज ने सभी श्याम प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए बाबा श्याम से उनके सुंदर जीवन की मंगल कामना की। भजन गायक प्रवीण भारद्वाज भजन गायक वीरपाल जोशी ने सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। मेला महोत्सव में संतोष गोस्वामी मुकेश गोस्वामी डा.अमर सिंह लक्ष्य वर्मा नीरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## ईओ ने होली पर्व पर दिए सफाई के विशेष निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद के ईओ डा. मणि भूषण तिवारी ने होली पर्व पर पूरे नगर में सफाई की व्यवस्था चुस्ते-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि होली पर नगर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह दुरूस्त रहे। उन्होने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि होली के पर्व पर शहर के सभी वार्ड में सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाए। होली पर किसी को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर होली जलती है उन स्थानों पर भी सफाई की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। सफाई के साथ कलई का छिड़काव भी कराया जाए। ईओ डा. मणि भूषण ने सफाई निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि वह अपने क्षेत्र बाजार को साफ सुथरा रखने के लिए होली पर सफाई की व्यवस्था कराएं।

# अल अशरफ ट्रस्ट ने निर्धनों की सहायता को बढ़ाए हाथ

**0 निर्धन परिवारों की सहायता को वितरित की रमजान व ईद की किट**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अल अशरफ ट्रस्ट सम्भल यूनिट की ओर से सहरी व इफ्तार किट अभियान का शुभारंभ किया और जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया।

सामाजिक व कल्याणकारी संस्था अल अशरफ ट्रस्ट के तत्वावधान में ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड की स्थानीय यूनिट की ओर से माहे रमजान मुबारक मौके पर सहरी व इफ्तार किट वितरण का शुभारंभ किया। अभियान के तहत जरूरतमंद, निर्धन और स्वाभिमानी परिवारों को खाद्य सामग्री किट प्रदान की। इस दौरान ट्रस्ट सम्भल यूनिट के जिला अध्यक्ष हाजी मुहम्मद नदीम (फजा स्वीट्स), जनरल सेक्रेटरी शकील अहमद एडवोकेट (अध्यक्ष बार एसोसिएशन सम्भल), नायब जिला अध्यक्ष मुफ्ती मुहम्मद गुलफाम रजा व मौलाना इरफान अशरफी, कारी मुशर्रफ रजा अशरफी, हाजी मुहम्मद नकी, कासिम अशरफी, हाफिज अब्दुस्समद, अब्दुल कादिर अशरफी ने संयुक्त रूप से कहा कि रमजान अल-मुबारक हमदर्दी, त्याग और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने दान दाताओं से भी इस नेक काम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आहवान किया। ट्रस्ट के इस पुण्य कार्य पर स्थानीय जनता और सामाजिक संस्थाओं ने भी सराहनीय बताते हुए कहा कि महंगाई के इस दौर में इस प्रकार की गतिविधियां न केवल जरूरतमंदों के लिए सहारा बनती हैं, बल्कि समाज में सहयोग और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा देती हैं। बता दें कि अल अशरफ ट्रस्ट (ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड सम्भल यूनिट) अतीत में भी शैक्षिक, सामाजिक और चिकित्सा क्षेत्र में सेवाएं अंजाम देता रहा ह।



सम्भल- निर्धनों की सहायतार्थ रमजान व ईद की किट ले जाते अल अशरफ ट्रस्ट के पदाधिकारी



सम्भल- संत गाडगे जी महाराज की जयंती पर पुष्प अर्पित करते।

# वृंदावन की तर्ज पर खेली लट्ठमार होली

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** चौबीस कोसीय मासिक परिक्रमा समिति के तत्वावधान में फाल्गुन मास की मासिक परिक्रमा श्रद्वा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुई। परिक्रमा विशेष रूप से फाल्गुन मास के महात्म्य के अनुरूप वृंदावन की तर्ज पर आयोजित की गई, जिसमें फूलों एवं रंग, गुलाल की होली का आयोजन हुआ।

प्रात: ही श्रद्वालु वंशगोपाल तीर्थ पर एकत्रित होने लगे। सैकड़ों की संख्या में परिक्रमार्थियों ने कुंड एवं पौराणिक कदम वृक्ष की परिक्रमा की। तत्पश्चात ब्रह्माजी द्वारा स्थापित भोलेनाथ मंदिर में आरती एवं जलाभिषेक किया गया। भगवान शंकर, भगवान कल्कि एवं भगवान हरिहर को पुष्प एवं गुलाल अर्पित कर होली खेली गई। इस अवसर पर महिलाओं एवं पुरुषों में अपार उत्साह देखने को मिला। श्री वंशीगोपाल तीर्थ पर महिलाओं द्वारा लठमार होली का शुभारंभ किया गया, जिसमें पुरुषों ने ढाल से प्रतीकात्मक बचाव करते हुए नृत्य किया। पूरे मार्ग में श्रृद्वालु रंग-बिरंगे गुलाल और पुष्पों से होली खेलते, भजन-कीर्तन करते आगे बढ़ते रहेपरिक्रमा भुवनेश्वर तीर्थ पहुंची, जहां रुद्राष्टकम का पाठ पंडित शोभित शास्त्री, पंडित मुकेश शर्मा विशाल शर्मा पंडित विनीत शर्मा द्वारा किया गया। चामुंडा मंदिर में होली के पारंपरिक गीतों के साथ नृत्य एवं फूलों की होली का आयोजन हुआ।



सम्भल-वृंदावन की तर्ज पर लटठमार होली खेलते।

# भक्त प्रहलाद की भक्ति व असुरों पर विजय का महापर्व होली

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत रविवारीय सप्ताहिक भगवान श्रीगोरखनाथ यज्ञ के बाद समिति कैम्प कार्यालय पंजू सराय मे स्थित जप कार्यक्रम से पूर्व,होलिका महोत्सव पर चर्चा हुई। जिसमें होलिका पूजन व होलिका दहन 3 मार्च मंगलवार को व रंगोत्सव 4 मार्च बुद्ववार को मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली ने कहा की भारतीय शुद्व सनातन चेतन संस्कृति के महापर्व पर चन्द्र ग्रहण से भयभीत न हो विचार करे की हमारे धर्म ग्रंथो में सदैव उदयातिथि का ही बिशेष मान है। अर्थात उदयातिथि में पूर्णिमा तीन मार्च को है। और 'चन्द्र ग्रहण भी 3 मार्च दोपहर 03-20 से शुरू होगा और सांय 06-48 मिनट पर समाप्त हो जायेगा ग्रहण का सूतक काल भी प्रात: 09-38 से शुरू होकर ग्रहण की पूर्णता के साथ ही समाप्त हो जायेगा। इसलिए होलिका पूजन सांय 07-54 बजे से 08-48 मिनट पर लाभ की चौघडिया में शुभ रहेगा पूजन में लौग, सफेद इलायची, पान, कपूर, कलाबा, पीला फूल, गुलाल मिष्ठान श्रृद्वा पूर्वक अर्पण करके घर परिवार के लिए मंगल कामना करे और होलिका दहन 04- मार्च को मध्यरात्रि 00-32 से 03-15बजे तक हमारी दृष्टि में शुभ जान पड़ता है।' श्रीमाली ने कहा की आदि काल से मनाया जा रहा बसंतोत्सव भक्त प्रहलाद द्वारा श्रीहरि के प्रति भक्ति की शक्ति से असुरो पर विजय का महापर्व बना और हिरण्याकश्यप की बहन होलिका के दहन हो जाने और भक्त प्रहलाद के सुरक्षित बच जाने पर होली के नाम से भी जग प्रसिद्व हुआ उन्होने कहा होलिका दहन होते ही मानव देह में कई प्रकार के प्राकृतिक परिवर्तन भी होते हैं। जैसे चर्तुमास पूर्ण कर अग्नि तत्व देह से बाहर और जल तत्व देह में स्थित हो जाता है। जिसमें प्राकृतिक रंगो के साथ साथ टेसू के फूलो से बने केसरिया रंग से स्नान करना देह की प्रतिरोधक क्षमता बढाने में सहायक सिद्व होता हैं।ज्वालेश श्रीमाली ने कहा की होली समाजिक समरसता और सबसे मिलकर प्रेम पूर्वक एक दुसरे का हित करते रहने का शुद्व सात्विक आहार विचार का महापर्व है। डा. योगी नागेन्द्रमोहन श्रीमाली ने कहा की अपने भक्तो की रक्षा संरक्षा को प्रभु इस धरती पर प्रकट हुए थे, प्रकट होते हैं,और प्रकट होते रहेगे। आनंद सैनी ने कहा की भक्ति से ही भगवान के सगुण साकार स्वरुप का ज्ञान व साक्षात्कार संभव होता है।

## संत गाडगे जी महाराज की स्वच्छता में योगदान

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** दिवाकर समाज सेवा समिति धोबी महासभा द्वारा दिवाकर समाज के संत श्री गाडगे जी महाराज की 150 वीं जयंती पर श्रृद्वा सुमन अर्पित किये और समाज की एकजुटता व स्वच्छता और शिक्षा पर ज़ोर दिया। श्री बाला जी ज्ञान ज्योति संस्थान, हल्लू सराय में में आयोजित जायंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथिप. उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल के प्रांतीय संयुक्त संगाठन मंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद अनंत अग्रवाल व भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने संत गाडगे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, फूल माला पहनाकर, अबीर और गुलाल से संत गाडगे जी की प्रतिमा पर तिलक लगाकर श्रृद्वा सुमन अर्पित किये राजेश सिंघल कहा की देश के प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी भी संत गाडगे महाराज जी की जयंती मनाते हैँ और स्वछता अभियान में राष्ट्र संत गाडगे जी महाराज का योगदान रहा है।अनंत अग्रवाल ने कहा की संत गाडगे महाराज जी एक महान समाज समाज सुधारक थे और दिवाकर समाज से आते हैं परन्तु उन्होंने सर्व समाज को एकजुट किया और सभी वर्गों में स्वछता और शिक्षा पर जोर दिया। कमल दिवाकर ने कहा की संत सिरोमणि संत गाडगे एक महान राष्ट्र संत थे। उन्होंने अपने जीवन में दलित, शोषित वंचित दीन दु:खियों की सेवा की है और स्वछता के लिए एक हाथ मैं झाडू लेकर जगह जगह सफाई अभियान चलाया।

# हनी ट्रैप गैंग का पर्दाफाश, सिविल लाइंस थाना पुलिस ने तीन महिलाओं सहित 6 लोगों को किया गिरफ्तार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने हनी ट्रैप के जरिए अवैध वसूली करने वाले सक्रिय गिरोह का खुलासा करते हुए 3 महिलाओं समेत कुल 6 आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 20,500 रुपये नकद और 4 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

मामला उस समय सामने आया जब रामगंगा विहार क्षेत्र निवासी एक महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके पति को षड्यंत्र के तहत हनी ट्रैप में फंसाकर 20,500 रुपये वसूले गए और वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन्स में मुकदमा दर्ज किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के पर्यवेक्षण में टीम गठित की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साक्ष्य संकलन किया और मुखबिर की सूचना पर रविवार को सोनकपुर पुल के नीचे चौकी फकीरपुरा क्षेत्र से सभी आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों में सीबा उर्फ सानिया, निशा उर्फ ईशा, मुस्कान, जावेद, वसीम और अमन उर्फ अमान शामिल हैं।

पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनकी महिला सदस्य पहले व्हाट्सएप और फोन कॉल के जरिए सीधे-साधे लोगों से दोस्ती करती थीं। बाद में मिलने के बहाने उन्हें होटल या किराए के फ्लैट पर बुलाकर आपत्तिजनक स्थिति में फोटो और वीडियो बना लिए जाते थे। इसके बाद दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मोटी रकम वसूली जाती थी।पीड़ित से तीन लाख रुपये की मांग की गई थी, जिसमें से 50 हजार रुपये नकद और 9,900 रुपये यूपीआई के माध्यम से लिए गए। साथ ही आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस भी कब्जे में ले लिया गया था। पुलिस को बरामद 20,500 रुपये अवैध वसूली की रकम में से प्राप्त हुए हैं।पुलिस के अनुसार आरोपी दिल्ली भागने की फिराक में थे, तभी उन्हें दबोच लिया गया। गिरोह के अन्य संभावित कनेक्शन की भी जांच की जा रही है।

## काशीराम नगर में दो मार्च की रात को होगा होली दहन, 4 को खेली जाएगी रंगों की होली

**मुरादाबाद।** काशीराम नगर में इस वर्ष होली दहन 2 मार्च की रात्रि 2:30 बजे विधि-विधान के साथ किया जाएगा। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होने के कारण उस दिन रात्रि में होली दहन नहीं किया जा सकता। यह निर्णय विद्वान पंडितों से विचार-विमर्श के बाद लिया गया है।समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इलाहाबाद से आए पंडित बृजलाल मिश्रा, मुरादाबाद के विद्वान पंडित रामगोपाल शास्त्री तथा अन्नपूर्णा मंदिर के पंडित अशोक ओ. नियाल शास्त्री से चर्चा के बाद सर्वसम्मति से तय किया गया कि समाज और परिवारों के हित में 2 मार्च की रात्रि को ही पूजन और दहन किया जाए। चंद्र ग्रहण के समय पूजन एवं दहन करना शास्त्रसम्मत नहीं माना जाता।सोसायटी अध्यक्ष एवं रामल. ीला कमेटी अध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा ने बताया कि होली दहन गाय के कंडों और पारंपरिक लकड़ियों से किया जाएगा। जी ब्लॉक और बी ब्लॉक में भी पूजा-पद्धति व हवन के साथ कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने अपील की कि जहां भी होली जलाई जाए, वहां पहले रेत-बालू डालकर लकड़ियां खड़ी की जाएं, ताकि सड़क सुरक्षित रहे।समिति ने संदेश दिया है कि 4 मार्च को रंगों की होली प्रेम और सौहार्द के साथ खेली जाएगी। केवल गुलाल और फूलों की होली खेली जाए, सिंथेटिक रंगों का प्रयोग न हो। महिलाओं का सम्मान किया जाए, बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया जाए और हुड़दंग से दूर रहकर पर्व मनाया जाए। अभिभावकों से बच्चों को बड़े वाहन न देने और उन्हें घर के आसपास ही सुरक्षित रखने की भी अपील की गई है।आयोजन की व्यवस्था में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक व समिति सदस्य सहयोग करेंगे। समिति का उद्देश्य सामाजिक समरसता, सुरक्षा और पारंपरिक संस्कृति के साथ होली मनाने का संदेश पूरे शहर तक पहुंचाना है।

## पीतल मजदूर यूनियन का वार्षिक सम्मेलन अंबेडकर पार्क में हुआ आयोजित, भारी संख्या में पीतल मजदूर हुए शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद। पीतल** नगरी मुरादाबाद में रविवार को पीतल मजदूर यूनियन का वार्षिक सम्मेलन सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता कामरेड चंद्र प्रकाश गुप्ता ने की, जबकि संचालन कामरेड सुरेश पाल सिंह ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पीतल उद्योग से जुड़े मजदूरों ने भाग लिया।मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर के राष्ट्रीय सचिव मंडल सदस्य कामरेड रमेश पाराशर ने कहा कि वर्तमान समय में मजदूरों के अधिकारों पर चौतरफा हमले हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड लागू किए जाने से यूनियन बनाने और हड़ताल करने के अधिकार कमजोर हुए हैं। "हायर एंड फायर" नीति को बढ़ावा देकर मजदूरों की नौकरी असुरक्षित की




जा रही है तथा सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों को सीमित किया जा रहा है।एआईयूटीयूसी के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड विजयपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में न्यूनतम वेतन का संशोधन वर्ष 2019 में होना चाहिए था, लेकिन अब तक इस पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद के पीतल उद्योग में मजदूरों की स्थिति चिंताजनक है और श्रम विभाग द्वारा प्रभावी हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है। ऐसे में मजदूरों को संगठित होकर सशक्त आंदोलन खड़ा करना होगा।सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी प्रस्ताव पारित करते हुए इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए युद्ध की निंदा की गई। कार्यक्रम के अंत में कामरेड चंद्र प्रकाश गुप्ता अध्यक्ष और कामरेड संजीव शुक्ला सचिव के नेतृत्व में 51 सदस्यीय जनरल काउंसिल का चुनाव किया गया। कार्यक्रम में कई मजदूर नेताओं ने अपने विचार रखे।

## बाइक चोरी के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, महिला समेत 11 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र स्थित रतनपुर कलां गांव में बाइक चोरी के एक आरोपी की तलाश में दबिश देने गई पुलिस टीम पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। पुलिस ने महिला सहित 11 नामजद और 7-8 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, चार-पांच दिन पूर्व नया मुरादाबाद इलाके में एक बाइक चोरी की घटना हुई थी। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक संदिग्ध की पहचान रतनपुर कलां निवासी जाबिर के रूप में हुई। मामले की विवेचना कर रहे दरोगा श्रीकांत चौधरी पुलिस टीम के साथ आरोपी की तलाश में गांव पहुंचे।बताया जाता है कि पुलिस टीम जब जाबिर




के घर के बाहर पहुंची और उसे पूछताछ के लिए बुलाया, तभी वह अपने परिजनों और कुछ अन्य लोगों के साथ बाहर आया। आरोप है कि इस दौरान आरोपी पक्ष ने पुलिस से अभद्रता शुरू कर दी और देखते ही देखते पुलिसकर्मियों को घेर लिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई।शोर सुनकर आसपास के लोग जमा होने लगे। सूचना मिलते ही थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा, जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए भेजा गया। सीओ हाईवे राजेश कुमार ने बताया कि जाबिर, सद्दाम, दानिश, हिना, शहरुम, आरिफ, जाहिद, जिकरा, अजुम, जाफरी, संजीदा सहित अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन कर दबिश दी जा रही है।

## मुरादाबाद के ट्रेन मैनेजर की सतर्कता से बची रेल यात्री की जान, चलती ट्रेन में चढ़ने का यात्री कर रहा था प्रयास

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में रविवार को एक यात्री के साथ बड़ा हादसा टल गया। गाड़ी संख्या 14207 पद्मावत एक्सप्रेस के शाहजहांपुर स्टेशन से रवाना होते समय एक यात्री ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। संतुलन बिगड़ने से उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के पायदान तथा प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। घटना से स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।स्थिति की गंभीरता को समझते हुए ट्रेन मैनेजर संजय कुमार हेडक्वार्टर मुरादाबाद ने तत्काल सूझबूझ का परिचय दिया और तुरंत ट्रेन रुकवा दी। उनके इस त्वरित निर्णय से संभावित बड़ा हादसा टल गया। इसके बाद स्टेशन स्टाफ, आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों ने मिलकर रेस्क्यू अभियान चलाया और फंसे यात्री को सुरक्षित बाहर निकाला।घायल यात्री को तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी ने एंबुलेंस बुलाकर उसे नजदीकी



अस्पताल भिजवाया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यदि थोड़ी भी देर हो जाती तो घटना गंभीर रूप ले सकती थी।यात्री को सुरक्षित निकालने के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ट्रेन को पुनः रवाना किया गया। इस पूरे घटनाक्रम में ट्रेन मैनेजर और रेलवे कर्मचारियों की तत्परता एवं समन्वय की सराहना की जा रही है।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि रेलवे द्वारा लगातार उद्घोषणा प्रणाली, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से यात्रियों को चलती ट्रेन में चढ़ने-उतरने से मना किया जाता है, क्योंकि यह अत्यंत खतरनाक है। इसके बावजूद कुछ यात्री जल्दबाजी में अपनी जान जोखिम में डाल देते हैं।रेलवे प्रशासन ने सभी यात्रियों से अपील की है कि ट्रेन के पूर्ण रूप से रुकने के बाद ही चढ़ें और उतरें, ताकि इस प्रकार की जानलेवा घटनाओं से बचा जा सके।

## मुरादाबाद क्लब में आयोजित हुई सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक, एआई पर की गई चर्चा

**मुरादाबाद।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक रविवार को मुरादाबाद क्लब में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत तीन बार गायत्री मंत्र के उच्चारण एवं शक्ति दाता प्रार्थना के साथ की गई, जिससे वातावरण आध्यात्मिक हो उठा।कार्यक्रम के दौरान ए.आई. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर



राजीव सक्सेना ने विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने एआई के विभिन्न उपयोग, दैनिक जीवन में इसके बढ़ते प्रभाव तथा इसके लाभ और संभावित दुष्परिणामों से सदन को अवगत कराया। सदस्यों ने भी इस विषय पर जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे और चर्चा में सक्रिय भागीदारी निभाई।होली के निकट आते पर्व को देखते हुए सपना गुम्बर और विजय अग्रवाल ने होली गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। सदस्यों ने एक-दूसरे को टोपी पहनाकर एवं गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। माहौल उल्लास और सौहार्द से भर उठा। इस अवसर पर पी. के. जैन ने 31 मार्च को मनाई जाने वाली महावीर जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जैन धर्म के सिद्धांतों की जानकारी दी। ए.यू. बैंक के प्रतिनिधियों ने अपने बैंक की निवेश योजनाओं के बारे में बताया तथा उपस्थित सदस्यों को स्मृति-उपहार भी भेंट किए।बैठक की अध्यक्षता डॉ. जी. कुमार ने की। एस.पी. सिंह, डॉ. विनोद कुमार और घनश्याम सिंह मंच पर उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम का संचालन सुभाष वार्ष्णेय ने किया। बैठक में के.के. सक्सेना, जे.एन. अग्रवाल, अरुण वर्मा, मंजू रस्तोगी, आर्य सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

# ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत के बाद आजाद नगर में शिया समुदाय ने किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत की पुष्टि होने के बाद शहर के शिया समुदाय में भारी शोक और आक्रोश देखने को मिला है। खामेनेई की मौत की खबर के तुरंत बाद मुरादाबाद के आजाद नगर इलाके में बड़ी संख्या में शिया समुदाय ने सड़कों पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।प्रदर्शन में न केवल महिलाएं, बल्कि छोटे-बड़े बच्चे भी शामिल हुए, जिन्होंने हाथों में शहीद खामेनेई की तस्वीरें और तख्तियां उठाई थीं।

महिलाओं ने "तुम कितने हुसैनी मारोगे, हर घर से हुसैनी निकलेगा" जैसे नारे लगाते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने इस बात का भी कड़ा विरोध जताया कि ईरान के सर्वोच्च नेता को "शहादत" के रूप में पेश किया गया है और उन्होंने अमेरिका तथा इजराइल की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की।प्रदर्शन के दौरान महिलाएं सड़क पर बैठकर शक्ति प्रदर्शन कर रही थीं, जबकि कुछ ने धार्मिक गीत और शोक दर्शाने वाले नारे भी लगाए। स्थानीय समा. जसेवी और प्रजातान्त्रिक मंचों के सदस्यों ने कहा कि यह मौत उनके लिए व्यक्तिगत और धार्मिक क्षति की खबर है और यह समुदाय के लोगों की भावनाओं को आहत करती है।शोक और विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रूप से शुरू हुआ, लेकिन भीड़ के बड़े आकार और उत्साह के कारण इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वह खामेनेई के मार्ग और मूल्य को कभी नहीं भूलेंगे और उनका संघर्ष जारी रहेगा।



## एक नजर

### देहरी गांव काली माता मंदिर में लठमार और फूलों की होली का हुआ आयोजन, बच्चों ने सजाई आकर्षक झांकी



**मुरादाबाद।** रविवार को राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा संचालित हिंदू संस्कार केंद्र, प्राचीन काली माता मंदिर देहरी गांव में रंगों के पर्व होली का उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में लठमार होली और फूलों की होली का विशेष आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को बरसाने की याद दिला दी।हिंदू संस्कार केंद्र के बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर सखियों के साथ बरसाने की लठमार होली का मनमोहक मंचन किया। बच्चों की भाव-भंगिमा और पारंपरिक वेशभूषा ने सभी का मन मोह लिया। राधा-कृष्ण की भव्य झांकी के साथ फूलों की होली खेली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा कर और गुलाल लगाकर उत्सव का आनंद उठाया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत किए और सांस्कृतिक रंगों से माहौल को सराबोर कर दिया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा।इस अवसर पर परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तौगी, हिंदू संस्कार केंद्र के संयोजक पुजारी महेंद्र शास्त्री, पंडित विनोद शर्मा, पंडित तेज नारायण मिश्रा, पंडित नवल स्वरूप अवस्थी, लटूर सिंह फौजी, प्रेम पाल सिंह, सूमन देवी, रेखा, नीलम, रोहित और शोभा ठाकुर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर प्रेम और भाईचारे के संदेश के साथ होली पर्व का आनंद लिया।

### फ्लैग मार्च के दौरान फायर बाइक को पुलिस ने किया सीज



**कांठ( शाह टाइम्स )** होली की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में आज नगर एवं क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया और होली का दहन स्थलों का निरीक्षण किया गया थाने से निकली पुलिस टीम आज रामलीला मंदिर होते हुए मुख्य बाजार से गुजरी और लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने नगर में जगह-जगह जलने वाली होलीका स्थलों का निरीक्षण करते हुए प्रभारी निरीक्षक को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस नया गांव अकबरपुर चौदरी पहुंची जहां पर पटाखा छोड़ने वाले साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिल को पुलिस ने सीज कर दिया कहा कि इस तरह पटाखा छोड़ने वाली बाईको को अब मिलते ही सीज किया जाएगा और वाहन स्वामी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही भी होगी।

### तहसील में 191 स्थानों पर होगा होलिका दहन



**कांठ( शाह टाइम्स )** तहसील क्षेत्र में इस बार लगभग 191 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। होली के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस ने दुल्हेंडी में जुलूस के मार्गों पर फ्लैग मार्च कर नागरिकों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।कांठ नगर के श्री रामलीला चौराहा, संत रविदास धर्मशाला, माननगर, पट्टी वाला, चौक बाजार, गांधी आश्रम, मोहल्ला पटेगंज सहित कांठ थाना क्षेत्र में 101 और छजलैट थाना क्षेत्र में 90 स्थानों पर कुल मिलाकर लगभग 191 स्थानों पर विधि विधान के साथ होलिका दहन का 2 मार्च की रात किया जाएगा। होली का पर्व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्राम गढ़ी और नयागांव अकबरपुर चौदरी में भ्रमण कियास पुलिस ने नागरिकों से कहा कि ईद और होली का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाएं। संवेदन और अतिसंवेदनशील हो. लिका दहन स्थलों पर विशेष नजर रखी जा रही है।थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने नागरिकों से कहा कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना, असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अमृत सरोवर तो बने नहीं हो पाया मकसद पूरा लटके हुए हैं ताले



**कांठ( शाह टाइम्स )** सरकार ने जिस मकसद को लेकर जगह-जगह करोड़ों रुपए की लागत से अमृत सरोवर का निर्माण कराया मगर वह मकसद अभी पूरा नहीं हो पाया है अमृत सरोवर सूखे हैं और उनके गेट पर ताले लटके हुए हैं। बतादे की सरकार ने कांठ के निकट उस वक्त कासमपुर के रकवे में एक अमृत सरोवर का निर्माण कराया था। जिसका उद्घाटन तत्कालीन जिलाधिकारी राकेश कुमार और विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू ने यज्ञ में आहुति देकर किया था। अमृत सरोवर तैयार हुआ बाउंड्री बनाई गई गेट लगाए गए लेकिन उसमें फूल नहीं खिल पाए, आज अमृत सरोवर सूखा हुआ है एक बूंद भी पानी उसमें नहीं है ना लोगों के बैठने की कोई व्यवस्था है ना घूमने की कोई व्यवस्था है अमृत सरोवर वीरान हालत में है और सरकार के करोड़ों रुपए लगने के बाद भी इस पैसे की बर्बादी का मंजर दिख रहा है और तो और अमृत सरोवर तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क भी अभी तक नहीं है। हालांकि इसके आसपास अब आबादी हो चुकी है काफी मकान का निर्माण हो गया है लेकिन अमृत सरोवर का वीराना पन अपनी कहानी खुद बयां कर रहा है।

# जयपुर में इलाज के दौरान फल व्यापारी की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी**। नगर पंचायत उझारी के मोहल्ला कुरेशियां शादाब पुत्र इस्लाम उर्फ गामा कुरैशी 45 वर्ष राजस्थान में रहकर अमरूदों का कारोबार करता था शनिवार की शाम लगभग 4:00 शादाब बाइक से कुछ जरूरी सामान लेने जा रहा था पीछे से अज्ञात वहां ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे शादाब बुरी तरह घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने शादाब को जयपुर के ट्रामा सेंटर में भर्ती कर दिया जिससे इलाज के दौरान शादाब 45 ने दम तोड़ दिया शादाब मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, शादाब अपने पीछे पत्नी सकरीन दो बेटी एक बेटा परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया परिजन शव को जयपुर पहुंच गए खबर लिखे जाने तक सब उझारी नहीं आया।

# भड़काऊ गाने बजाए तो होगी कड़ी कार्रवाई

## होली से पहले पुलिस ने डीजे संचालकों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। रविवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप तोमर ने डीजे संचालकों की बैठक ली। बैठक में साफ निर्देश दिए गए कि बिना अनुमति डीजे नहीं बजाया जाएगा और तय नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

थाना प्रभारी ने कहा कि होली खुशियों और भाईचारे का त्योहार है, इसे किसी भी हालत में विवाद का रूप नहीं लेने दिया जाएगा। उन्होंने डीजे संचालकों को चेतावनी दी कि भड़काऊ, अश्लील या किसी भी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंच. ाने वाले गाने बिल्कुल नहीं बजाए जाएं। यदि इस तरह की कोई शिकायत मिली तो संबंधित डीजे संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और डीजे व अन्य उपकरण भी जब्त कर लिए जाएंगे। पुलिस ने संचालकों को निर्देश दिए कि संगीत निर्धारित डेसिबल सीमा में ही बजाया जाए और प्रशासन व न्यायालय द्वारा तय समय सीमा का पूरा पालन किया जाए। बैठक में मौजूद डीजे संचालकों ने नियमों का पालन करने और सहयोग करने का भरोसा दिलाया। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की कि होली आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं और किसी भी तरह की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# कंराटे में भागीरथी देवी के विवेक ने जीता सिल्वर मेडल

## नार्थ जोन में हुआ चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा आयोजित कराटे प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में भागीरथी देवी महाविद्यालय के छात्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता जनपद बिजनौर में आयोजित की गई थी।

प्रतियोगिता में भागीरथी देवी महाविद्यालय के छात्र एवं एनसीसी कैडेट विवेक दिलवालिया ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले तक पहुंचकर रजत पदक अपने नाम किया। विवेक की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। सिल्वर मेडल जीतने के साथ ही विवेक दिलवा. लिया का चयन नॉर्थ जोन कराटे टीम के लिए भी हो गया है। अब वह आगामी इंटर यूनिवर्सिटी (नेशनल लेवल) कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए 16 मार्च को पटियाला जाएंगे। महाविद्यालय प्रशासन, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं एनसीसी इकाई ने विवेक को इस सफलता पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बच्चों को लुभा रही नए लुक की पिचकारियां

## ट्रेनों व बसों में उमड़ी भारी भीड़





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चार मार्च को होली पर जमकर अबीर, गुलाल उड़ेगा। रंगों का पर्व परिवार के साथ मनाने के लिए विभिन्न राज्यो और शहरों में काम करने वाले लोग घर लौट रहे हैं। स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ है जबकि ट्रेनें फुल चल रही। कई दिन पहले ही अधिकांश ट्रेनों में सीटें भर चुकी है। जिस कारण यात्रियों को मजबूरन जरनल कोच में भीड़ के बीच सफर करना पड़ रहा है। बस स्टैंड पर मुसाफिरों की भीड़ है और बसे भी खचाखच भरी है। दो पहिया वाहनों से भी सफर तय कर लोग घर पहुंच रहे है। बुधवार को रंगों का पर्व होली धूमधाम से मनाया जाएगी। होली के रंगों में सराबोर होने के लिए दिल्ली, मुंबई, बेंगलूर पंजाब समेत कई अन्य शहरों से लोग अपने गृह जनपदों को रवाना हों रहे है। रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ रही जबकि ट्रेनें और बसे फुल चल रही है। रविवार को नगर के रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर घर पहुंचने वाले की भीड़ उमड़ पड़ी। ट्रेनों व बसों की भीड़ से बचने के लिए लोग दो पहिया व चार पहिया वाहनों से परिवार संग घरों को लौट रहे है।

## होली पर हर्बल रंग की जमकर खरीदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। रंगों का पर्व होली की मस्ती में सराबोर होने के लिए बाजार गुलजार है। गुलाल हर्बल रंग पिचकारी गूंजियों व मिठाई की खूब खरीददारी हों रही है। घरों में होली के पकवान बनाने के लिए खोया मैदा ड्राई फ्रूट्स ठंडाई की भी जमकर सेल हो रही है। होली की खुमारी लोगों मे सर चढ़कर बोल रही है। चार मार्च को जमकर अबील गुलाल उड़ेगा जिसको लेकर बाजारों में खरीदारी तेज हो गई है। दुकानों पर बच्चों को आकर्षित करने के लिए नए नए डिजाइन की पिचकारियां दुकानों पर मौजूद है। कलर स्प्रे, बैलून, गुब्बारे भरने वाली व वाटर टैंक पिचकारी बच्चों को खूब भा रही है। बच्चों में पिचकारी को लेकर दीवानगी अधिक रहती है जिसको लेकर बाजार में उनकी पसंद की हर तरह की पिचकारी मौजूद है। बच्चों के मनपसंद छोटा भीम, डोरेमोन, मोटू पतलू वाली पिचकारी की बाजार मे भरमार है। सिंथेटिक कलर से त्वचा को नुकसान न हो इसलिए हर्बल रंग व गुलाल खूब बिक रहा है। दुकानों पर ड्राई फ्रूट्स, मिठाई के गिफ्ट पैक भी उपलब्ध है। होली के रंगों के साथ लोग कपड़ों की भी खरीदारी कर रहे है।

# दिशा समिति के सदस्य बने विधायक



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। विधायक राजीव तरारा को प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय दिशा समिति का सदस्य मना. ेनीत किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों में उल्लास का माहौल है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा केन्द्र प्रायोजित विकास योजनाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा हेतु मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्यपाल ने निम्नानुसार राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (राज्य स्तरीय दिशा) का गठन किया है। राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (राज्य स्तरीय दिशा) उप मुख्यमंत्री, ग्राम्य विकास विभाग केशव प्रसाद मौर्य इस समिति के सह अध्यक्ष होंगे। इस समिति में इसके अतिरिक्त 12 सदस्य है। राज्य सरकार द्वारा सदस्य विधान मण्डल के 09 सदस्य मना. ेनीत किए गए है, जिनमें से एक से विधायक राजीव तरारा भी हैं। इस समिति द्वारा जिला स्तरीय दिशा समिति में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा की जायेगी। विधायक को मिली इस अहम जिम्मेदारी से पार्टी कार्यकर्ताओं व पार्टी समर्थकों में उल्लास का माहौल है। विधायक ने बताया कि दिशा की बैठक छह माह के अन्तर्गत होगी।

# होली पर जामा मस्जिद क्षेत्र में बंद रहेगा बाजार

## होली-रमजान में सौहार्द की मिसाल बनेगा धनौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। आगामी होली और रमजान माह को लेकर नगर पालिका में रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन, होली समिति और मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने मिल-जुलकर शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने पर सहमति जताई। बैठक में होली जुलूस के मार्ग और जामा मस्जिद क्षेत्र की संवे. दनशीलता पर विशेष चर्चा हुई। रमजान के कारण शाम के समय मस्जिद के पास नमाजियों और खरीदारी करने वालों की भीड़ रहती है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जुलूस के समय जामा मस्जिद क्षेत्र के प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। होली समिति के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल अग्रवाल ने जुलूस के दौरान महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की मांग की। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि धनौरा शहर हमेशा भाईचारे की मिसाल रहा है और आगे भी यही परंपरा बनी रहेगी। शहर इमाम मुफ्ती सईद उर रहमान ने मुस्लिम समाज की ओर से पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर शांति बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।इसके अलावा निर्णय लिया गया कि होलिका दहन के समय तिकोने स्कूल से जामा मस्जिद तक का बाजार होलिका दहन के समय बंद रहेगा। यह आश्वासन मुस्लिम कमेटी के पदाधिकारियों ने दिया। इस अवसर पर पवन अग्रवाल, कलुआ सैफी ठेकेदार, शहर इमाम मुफ्ती सईद उर रहमान, कपिल अग्रवाल, नीरज कुमार (एसआई), सुनील प्रजापति, अफजाल सैफी, यासीन अंसारी, लाभ अग्रवाल, शुभ अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# होली मिलन समारोह में भाईचारे व सौहार्द का संदेश

## सोना गार्डन में होली मिलन, फूलों की होली के साथ हुआ सामुहिक भोज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। रविवार को बाईपास मार्ग स्थित सोना गार्डन में ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा के संयोजन में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फूलों की होली से हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे पर पुष्पवर्षा कर होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सभी अतिथियों के लिए सामूहिक भोज (प्रतिभोज) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, चौधरी दानवीर सिंह, किसान यूनियन के पदाधिकारी, विभिन्न ब्लॉक प्रमुख और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। समारोह में आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों ने कहा कि हमारे त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान हैं। होली हमें आपसी भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे को अपनाने की सीख देती है। ग्रामीण समाज में ऐसे आयोजन बहुत जरूरी हैं, जिससे भाईचारा मजबूत होता है। ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं और लोगों के बीच आपसी मेल-मिलाप बढ़ता है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि होली का त्योहार खुशियों और रंगों का त्योहार है। सभी लोग आपसी प्रेम और सौहार्द बनाए रखें, यही होली का सच्चा संदेश है। कार्यक्रम में ममता गुर्जर ब्लॉक प्रमुख हसनपुर , गुरेंद्र सिंह ढिल्लों ब्लॉक प्रमुख अमरोहा, वीरेंद्र चौधरी, धर्मेंद्र प्रधान, गुरमीत सिंह, यशवीर खटाना, कमल सिंह, अनमोल सिंह, मुनिपाल सिंह, रामवीर सिंह ढिल्लों, विपिन सागर, विवेक सिंह, डूंगर सिंह, देशराज सिंह, सुभाष चीमा, मुनेंद्र सिंह, सोनू गुर्जर, कैलाश सिंह गुर्जर, शरद गर्ग, पप्पू सिंह, गुरुवचन सिंह, अरुण सिंह, कपिल चंद्रा, जयपाल सिंह, हेम सिंह, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई जाएगी अम्बेडकर जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। डॉ0 भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के आवास पर पहुँचकर उनका भव्य स्वागत किया। समिति के सदस्यों ने विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट किए और आगामी होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी।

रविवार को डॉ0 भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश गौतम ने सर्वसम्मति से अपनी कमेटी का विस्तार किया। मुलाकात के दौरान समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश गौतम ने आगामी अंबेडकर जयंती की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ष्इस वर्ष जयंती आयोजन की जिम्मेदारी युवा होने के नाते मेरे कंधों पर है। हम सभी के सहयोग से इस वर्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती को ऐतिहासिक और अत्यंत धूमधाम के साथ मनाएंगे। उन्होंने आगे जानकारी दी कि नगर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा और मुख्य मंच कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। विधायक ने समिति के इस उत्साह की सराहना की और आयोजन में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार जयंती के अवसर पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक संदेश देने वाली झांकियों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर संयोजक रामवीर सिंह, जगवीर सिंह मौर्य, अरविंद कुमार अन्ना, मुकेश जाटव, कविता रानी, पवनराज जाटव, अंकुर सेठी, लवी सागर, दिनेश सिंह, भोला जाटव, प्रिंस कुमार गौतम, कामिल सैफी, पवन कुमार एडवोकेट, गुड्डू, सचिन कुमार और ओमप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।



# लूट के दोषी को ढाई साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। लूट के मामले में कोर्ट ने दोषी को 2 साल 6 महीने 15 दिन जेल की सजा सुनाई तथा तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 11 नवंबर 2018 की घटना सैदनगली थाना क्षेत्र की थी। कस्बा ढबारसी के रहने वाले शादाब के साथ लूट की वारदात हुई थी। मामले में सैदनगली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर डिडौली क्षेत्र के गांव मजरा पतेई खालसा के रहने वाले धीरज सिंह उर्फ धीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। फिलहाल वह जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई एसीजेएम तृतीय की कोर्ट में चल रही थी। आखिरी सुनवाई के दौरान पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने धीरज सिंह उर्फ धीर को दोषी करार दिया। 2 साल 6 महीने 15 दिन के जेल की सजा सुनाई तथा तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# कृषक गोष्ठी में वैज्ञानिकों ने बताए खेती के उन्नत तरीके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। चीनी मिल गेट क्षेत्र के ग्राम पीपली तगा में बसंतकालीन कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को गन्ना खेती के उन्नत तरीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा।

मुजफ्फरनगर शोध संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओमकार सिंह जोशिया (पादप प्रजनक) ने किसानों को गन्ना प्रजातियों की पहचान, खेत की सही तैयारी, ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई, कीट व रोग नियंत्रण तथा पेड़ी (रैटून) फसल के बेहतर प्रबंधन के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही प्रजाति और वैज्ञानिक तरीके अपनाकर किसान पैदावार और आमदनी दोनों बढ़ा सकते हैं। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धनौरा परिषद अमरोहा ने विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और किसानों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।प्रमोद कुमार ने चीनी मिल द्वारा गन्ना खेती में उपयोग होने वाले यंत्रों पर दी जा रही छूट, ट्राइकोडर्मा व ब्यूवेरिया बेसियाना का निशुल्क वितरण तथा विभाग द्वारा स्वीकृत प्रजातियों की ही बुवाई करने पर जोर दिया। वहीं बृजमोहन (कार्पोरेट) ने मृदा स्वास्थ्य पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मिट्टी की जांच कराकर संतुलित खाद का प्रयोग करने से फसल मजबूत होती है और उत्पादन बढ़ता है। इस मौके पर चीनी मिल के सभी स्टाफ मौजूद रहे। किसानों ने गोष्ठी को उपयोगी बताया और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने का भरोसा दिलाया।

# होली गीतों व सामुहिक नृत्य ने मन मोहा

## अग्रवाल सभा की ओर से 'होली मिलन समारोह' आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। महिला अग्रवाल सभा के तत्वाधान में 'होली मिलन समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। एक दूसरे को रंग-गुलाल व फूलों की वर्षा करके होली की शुभकामनाएं दीं।

रविवार को नगर के अग्रवाल सभा में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा होली के गीतों पर सामुहिक नृत्य, होली गीत, लोकनृत्य आदि की प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर लिया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अग्रवाल सभा की

### ■ एक दूसरे को गुलाल लगाकर दी बधाई

अध्यक्षा विनीता गर्ग ने कहा कि, होली का पर्व कहा कि हमें एक दूसरे के प्रति स्नेह की भावना अपनाने की प्रेरणा देता है। कहा कि होली का त्यौहार केवल रंगों का पर्व ही नहीं बल्कि यह पर्व हमें जीवन में आनंद की अनुभूति तथा दूसरों के साथ खुशी मनाते हुए जीने का संदेश भी देता है। कार्यक्रम के समापन पर एक दूसरे को गुंजिया खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर खुशबु गोयल, रचना सिंघल, रजनी, सुमन, शिवांगी, श्वेता, अंजली, गीता, अलका, दीप्ति, प्रीति, सरिता, अनीता आदि मौजूद रहे।

# अनिल बने जेएस इंटर कालेज के अध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। टी.जी.सी. हिन्दू स्कूल एवं जे.एस. हिन्दू इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के चुनाव में अनिल स्वरूप टण्डन को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। जबकि पंकज कुमार गुप्ता प्रबंधक व मधु बाहेती कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित की गईं। रविवार को प्रबंध समिति का चुनाव हुआ। अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए दो-दो नामांकन प्राप्त हुए, जबकि उपाध्यक्ष, उपमंत्री, प्रबंधक और सात सदस्य पदों के लिए एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। अध्यक्ष पद पर प्रतुल शर्मा व कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर कुमार भल्ला ने अपने-अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। नाम वापसी के बाद सभी पदों पर एक-एक प्रत्याशी शेष रह गए, जिन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर अनिल स्वरूप टण्डन, उपाध्यक्ष पद पर लीलाधर अरोड़ा, प्रबंधक पद पर पंकज कुमार गुप्ता, उपप्रबंधक पद पर सलिल नाथ, कोषाध्यक्ष पद पर मधु बाहेती तथा सदस्य पदों पर विमल कुमार टण्डन, योगेश जैन, मुदित माथुर, अनिल माथुर, आशीष भालवर, रमेश चांदना और इन्द्रेश गुप्ता शामिल हैं। इस अवसर पर शिव स्वरूप टण्डन, दिवेश बाहेती, सुधीर कुमार भल्ला, राजनाथ गोयल, विनय आर्य, सौरभ गुप्ता, संजय मालीवाल, गिरीश अग्रवाल, संजीव माहेश्वरी, विवेक नारायण, डॉ. हिमांशु, अजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

# मुख्य रास्ता खराब होने से लोग परेशान

## वार्ड संख्या 05 व वार्ड संख्या 18 के मध्य स्थित है यह मुख्य रास्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के मुहल्ला अल्लीपुर भूड़ व मछली मंडी के क्षेत्र में बना पक्की सड़क न होने के कारण लोगों को खराब रास्ते से होकर ही निकलना पड़ रहा है। यहां पर भरे पानी और कीचड़ के बीच से निकलने में स्कूली छात्र-छात्राओं सहित बच्चों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### ■ नागरिकों ने डीएम को भेजा शिकायती पत्र

लोगों द्वारा जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र के मुताबिक नगर के मछली मंडी गजरौला में हाइवे से अल्लीपुर वार्ड संख्या 05 तक जाने वाला मुख्य रास्ता बहुत खराब स्थिति में है। इस कारण स्कूल के बच्चों और आने जाने वाले लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के मकान के दीवारों में भी पानी के कारण सीलन बैठ चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार उन्होंने वार्ड संख्या 05 के सभासद पति सुभाष व वार्ड संख्या 18 के सभासद नफीस के साथ ही चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी को भी इस बारे में बताया है मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। शिकायती पत्र पर जसवीर सिंह, आसमा, सुनीता, नेमवती, बाला, मीरा सैनी, खुशनुमा, हरीश ठाकुर, अजय ठाकुर, कीर्ति, गुलशन, रूद्र ठाकुर आदि के हस्ताक्षर हैं।

# आकिब ने जेके को खेलों में दिलाई नई पहचान



● **आकिब नबी ने 60 विकेट चटकाए, जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे, और अपनी टीम को चैंपियन बनाया**

**श्रीनगर, वार्ता।** 'आकिब नबी ने जम्मू-कश्मीर को खेलों में दिलाई नई पहचान', ए जम्मू-कश्मीर के पूर्व कप्तान परवेज रसूल के शब्द थे जो आकबि नबी का शुक्रिया अदा कर रहे थे। नबी ने 60 विकेट चटकाए जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। छह साल पहले जनवरी 2020 में रसूल ने ही नबी को उनकी रणजी ट्रॉफी की पहली कैप थमाई थी। रसूल ने आखिरी बार 2022 में जम्मू-कश्मीर के लिए खेला था, लेकिन उनका दिल आज भी खिलाड़ियों के लिए धड़कता है। उन्हें शनिवार को कुछ काम के लिए अपने होमटाउन से श्रीनगर जाना था। उन्हें यह नहीं पता था कि मैच कब समाप्त होगा तो विजई लम्हों को मिस न करने के लिए वह काफी जल्दी ही घर से निकल गए थे। रसूल वर्तमान समय में जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल में कोचिंग कर रहे हैं। अपने एक दशक से भी लंबे करियर और आईपीएल से हुई कमाई से उन्होंने अपने होमटाउन में साउथ कश्मीर क्रिकेट अकादमी बनाई है। लगभग दो सप्ताह से वह अपनी अकादमी के बच्चों से यही सुन रहे हैं कि वे भी नबी जैसी गेंदबाजी करना चाहते हैं। जब हमने सुना कि जम्मू-कश्मीर के एक खिलाड़ी को इतनी शोहरत मिल रही है तो ए काफी शानदार बात थी। आकिब ने हमें गर्व महसूस कराया है और उनके परिवार को भी गर्व है। उन्होंने और पूरी टीम ने मिलकर हमारे राज्य को खेलों में नई पहचान दिलाई है। मुंबई में इरफान पठान को बहुत सारे लोगों से बधाई मिल रही है। वह फिलहाल टी-20 विश्व कप में कमेंट्री कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने हुबली में खेले गए फाइनल पर करीबी निगाह रखी थी। 2019-20 में पठान को जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ ने मेंटॉर बनाया था। उनके वहां रहते हुए अब्दुल समद और नबी समेत कई टैलेंटेड युवा खिलाड़ियों ने अपना प्रथम श्रेणी डेब्यू किया। उन्होंने युवा रसिख डार को भी काफी समर्थन दिया जो बाद में उम्र से छेड़छाड़ वाले मामले में बैन भी हुए थे। जम्मू-कश्मीर में लाल मिट्टी की पिचों की कमी होने के कारण पठान को अलग तरह सोचने पर मजबूर होना पड़ा। ऑफ सीजन में वह पूरी टीम को ट्रेनिंग के लिए बड़ौदा लेकर चले गए। भले ही पठान चले गए, लेकिन मैनेजमेंट ने उनके द्वारा किए गए कामों की सराहना की और उसको आगे बढ़ाते रहे। पठान ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर क्रिकेट को छोड़े हुए पांच साल हो गए, लेकिन ए जीत काफी व्यक्तिगत लगती है। मुझे याद है कि जब मैं पहली बार वहां गया था तो रसिख अपने छह और कजिन्स के साथ ट्रॉयल पर आया था और उसने कहा था कि ए सब भी मेरी तरह खेलना चाहते हैं। वह मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल सीजन बिताकर आ रहा था। यदि एक इंसान के आईपीएल में खेलने का ए प्रभाव था तो सोचिए जम्मू-कश्मीर के रणजी ट्रॉफी जीतने का क्या असर होगा? ए उन्हें एक पहचान देगी। मैंने भारतीय क्रिकेट सिस्टम को एक टीम के लिए इस तरह एकजुट होते नहीं देखा है जैसा कि वे जम्मू-कश्मीर के लिए हुए। ए टीम इसकी हकदार है। जम्मू में फारुख मोहम्मद को भरोसा नहीं हो रहा है कि उनका बेटा रणजी चैंपियन है।

# श्रीलंका के हेड कोच का पद छोड़ेंगे सनत जयसूर्या

**पल्लेकेले, वार्ता।** सनत जयसूर्या ने श्रीलंका पुरुष टीम के हेड कोच पद से हटने का फैसला कर लिया है।

उन्होंने यह निर्णय पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका की बेहद करीबी हार के बाद सार्वजिनक किया, जिसके साथ ही टीम का विश्व कप सफर भी खत्म हो गया। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर अभी तक श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को इसकी सूचना नहीं दी है, लेकिन उनका कहना है कि वह पहले ही तय कर चुके थे कि यह विश्व कप इस भूमिका में उनका आखिरी असाइनमेंट होगा। जयसूर्या ने कहा कि मुझे लगा कि अब यह जिम्मेदारी किसी और को देने का वक्त आ गया है। इसीलिए लगभग दो महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान मैंने कहा था कि इस नौकरी में लंबे समय तक बने रहने की मुझे उम्मीद नहीं है। तब तक मैं यह फैसला कर चुका था।

# हीली ने 98 गेंदों में ठोके 158 रन

● **ऑस्ट्रेलिया ने होबार्ट में भारत के खिलाफ 7 विकेट पर 409 रन का जबरदस्त स्कोर बनाया, भारत को 224 पर ढेर किया**



**होबार्ट, वार्ता।** एलिसा हीली ने अपनी आखिरी इनिंग्स में रविवार को 98 गेंदों पर शानदार 158 रन बनाकर वनडे क्रिकेट को एक परीकथा जैसा अलविदा कहा, जबकि बेथ मूनी ने नाबाद सेंचुरी बनाई, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने होबार्ट में भारत के खिलाफ 7 विकेट पर 409 रन का जबरदस्त स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 45.1 ओवर में 224 रन पर ढेर कर मुकाबला 185 रन से जीत लिया और सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। हीली को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की तरफ से स्नेह राणा ने सर्वाधिक 44 और जेमिमा रोड्रिग्स ने 42 रन बनाए।













## चेन्नई सुपरकिंग्स के प्री-सीजन कैंप में धोनी भी हिस्सा लेंगे

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स रविवार (1 मार्च) से अपनी आईपीएल की तैयारी शुरू करेगी। मैनेजमेंट ने कन्फर्म किया है कि 24 घंटे में एक कैंप शुरू होगा और सभी भारतीय खिलाड़ी इसके लिए इकठा होंगे। सीएसके के स्टार खिलाड़ी एमएस धोनी भी कैंप का हिस्सा होंगे। फ्रेंचाइजी के सीईओ काशी विश्वनाथन ने शनिवार (28 फरवरी) को क्रिकबज को बताया कि हां, मैं कन्फर्म कर सकता हूं कि हमारा कैंप कल शुरू होगा और एमएस भी इसका हिस्सा होंगे।




































# मूढापांडे पुलिस की पशु तस्करों से हुई मुठभेड़, दो को दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मूढापांडे थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खानपुर लक्खी के जंगल में देर रात पुलिस और कथित पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी घायल हो गए, जिन्हें मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उनका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में देर रात तक पुलिस की सक्रियता बनी रही।पुलिस के अनुसार, खानपुर लक्खी के जंगल में गोकशी किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जंगल की घेराबंदी कर दी। इसी दौरान वहां मौजूद संदिग्धों ने खुद को घिरता देख अवैध हथियारों से पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।जवाबी फायरिंग में मेहंदी हसन पुत्र जिले हसन और शराफत पुत्र शौकत के पैरों में गोली लग गई। दोनों आरोपी मूढापांडे थाना क्षेत्र के ही निवासी बताए जा रहे हैं।



घायल अवस्था में दोनों को हिरासत में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूढापांडे में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। इसके उपरांत दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।मौके से पुलिस ने दो .315 बोर के तमंचे, जिंदा कारतूस, गोवंश काटने के उपकरण तथा एक जीवित बछड़ा बरामद किया है। बरामद सामग्री को कब्जे में लेकर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट, शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च, एसएसपी ने की शांति बनाए रखने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आगामी होली पर्व और ईद को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, सीओ सिविल लाइंस, सीओ कोतवाली, सिटी मजिस्ट्रेट तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।फ्लैग मार्च शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों से होकर निकाला गया।पैदल गश्त के दौरान एसएसपी ने स्थानीय लोगों, व्यापारियों और क्षेत्रवासियों से संवाद स्थापित किया तथा आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर जनपद पुलिस हाई अलर्ट पर है। होलिका दहन और होली से संबंधित सभी तैयारियां पुलिस और मजिस्ट्रेट स्तर पर पूरी कर ली गई हैं। प्रत्येक थाने और चौकी पर शांति समिति



की बैठक आयोजित की गई है। साथ ही हर होलिका दहन स्थल के लिए एक इंचार्ज नियुक्त किया गया है, जो शांति व्यवस्था और आयोजन की निगरानी करेगा।उन्होंने बताया कि होलिका दहन स्थलों पर सेक्टर बनाकर सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ग्राम प्रहरियों की भी तैनाती की गई है ताकि गांव और कस्बों में भी किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इसके अलावा एलआईयू टीम और सोशल मीडिया सेल को भी पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है, जो अफवाहों और भ्रामक पोस्टों पर नजर रखे हुए हैं।

एसएसपी ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस बल की भी व्यवस्था की गई है। पुलिस लाइन और पास की संस्थाओं से भी आवश्यकतानुसार फोर्स उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वह पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें।

## एक नजर

### परीक्षा के दौरान प्रधानाचार्य पर छात्र की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा, दी थाने में तहरीर



**कांठ( शाह टाइम्स )** छात्र के पिता ने राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर के प्रधानाचार्य पर परीक्षा के दौरान उसके बेटे के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की मधपुरी निवासी यशपाल पुत्र नन्हे सिंह का आरोप था कि उसका पुत्र शनि राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर में कक्षा 12 की परीक्षा दे रहा था 28 फरवरी को उसका चित्रकला का आखिरी पेपर था आरोप है कि 4:30 बजे ड्यूटी दे रहे अध्यापक ने प्रश्न पत्र पर मार्क कर दिया तभी कॉलेज के प्रधानाचार्य अनुज अग्रवाल भी क्लास रूम में आ गए और बच्चे को बिना गलती के मारने पीटने लगे। यशपाल का कहना था की मारपीट करने से उसके बच्चे को चक्कर आ गया लेकिन उन्होंने हाथ नहीं रोका बताया कि अध्यापक ने सभी बच्चों की कॉपी पर मार्क किया था लेकिन प्रधानाचार्य ने शनि के साथ गलत व्यवहार किया और उसकी कॉपी लेकर टाइम खत्म हो जाने के बाद वापस दी। पीड़ित का कहना था कि उसके बच्चे के दाएं हाथ में काफी चोट आई पीड़ित यशपाल आज परिवार सहित थाने पहुंचा और उसने प्रधानाचार्य के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। उधर एक शिकायत पीडित ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र भेज कर भी किए जाने की बात कही है। पुलिस ने मामले की जांच कर न्यायोचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### सड़क के चौड़ीकरण में फाइनल कोट डालने का काम शुरू, लेकिन नगर में कार्य अभी अधर में लटका



कांठ( शाह टाइम्स) सहसपुर से किसान तिराहे तक होने वाले सड़क के चौड़ीकरण का काम अभी आधा भी नहीं हो पाया है और सहसपुर बॉर्डर से हुए चौड़ीकरण पर फाइनल कोट डालने का काम शुरू कर दिया गया है। मगर नगर का चौड़ीकरण अभी अधर में लटका हुआ है। बतादे की 2024 के आखिर में सहसपुर बार्डर से किसान तिराहे तक सड़क के चौड़ीकरण का काम शुरू हुआ था जो की रसूलपुर रेलवे फाटक तक हो पाया जबकि नगर में 800 मी टुकड़ा अभी नहीं बन पाया था। लोग महाशिवरात्रि से पहले ही इस रुके कार्य को नगर में पूरा कराने की मांग कर रहे थे वह मांग तो अभी पूरी हुई नहीं लेकिन सहसपुर बॉर्डर से हुए चौड़ीकरण पर फाइनल कोट डालने का काम संबंधित कंपनी द्वारा शुरू कर दिया गया है। इस कार्य को आज दोपहर तक सिकंदराबाद तक पूर्ण कर लिया गया लेकिन नगर का चौड़ीकररण अभी अधर में है जबकि कई जगह पर सड़कों के बीच में आ चुके बिजली के खंभे भी अभी नहीं उखड़ पाए हैं इससे फाइनल होने जा रही इस सड़क के निर्माण में फिर सवाल खड़े होने वाले हैं जबकि सड़क को फाइनल करने से पहले सड़कों के किनारे या कुछ सड़क के हिस्से में आए खम्बो को समय से पहले उखाड़ कर सड़क को मजबूती के साथ तैयार करना चाहिए था। लेकिन सड़क निर्माण पूरा होने को हैं और खंबे अभी बीच में ही खड़े हुए हैं अब सड़क बनने के बाद खम्बो को उखाड़ा जाएगा तो फिर सड़क क्षतिग्रस्त होने की पूरी संभावना है। और फिर यह लोगों के लिए परेशानी का सबब बनने वाली है कुल मिलाकर सड़क निर्माण के संपूर्ण होने की और उठाए जा रहे कदम की खबर जहां राहत भरी है वही अधूरे काम को लेकर परेशानी बरकरार है।

# हीमोफिलिया जागरूकता कार्यक्रम एवं फिजियोथेरेपी कैंप सफलतापूर्वक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आई ड्रीम टू ट्रस्ट (रजि.) द्वारा जिला अस्पताल (सिविल लाइन हॉस्पिटल), मुरादाबाद में हीमोफिलिया जागरूकता कार्यक्रम एवं फिजियोथेरेपी कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक हीमोफिलिया मरीजों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान हीमोफिलिया के नोडल अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह ने उपस्थित मरीजों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए हीमोफिलिया के नवीन उपचारों और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई दवाओं और बेहतर प्रबंधन के माध्यम से मरीजों को बार-बार होने वाले रक्तस्राव से राहत मिल सकती है और वे अधिक सुरक्षित जीवन जी सकते हैं। कार्यक्रम में डॉ. अरुण तोमर (पैथोलॉजिस्ट), डॉ. लाम्बे (माइक्रोबायोलॉजिस्ट), डॉ. वीर सिंह (बाल रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. आशीष कुमार (फिजिशियन) का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सभी चिकित्सकों ने मरीजों को उचित जांच, देखभाल और नियमित उपचार के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। आई ड्रीम टू ट्रस्ट के संस्थापक श्री राजन चौधरी ने मरीजों और उनके परिवारों से संवाद करते हुए उन्हें सकारात्मक सोच के साथ सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं के भविष्य, शिक्षा के महत्व और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि हीमोफिलिया कोई बाधा नहीं, बल्कि सही इलाज और आत्मविश्वास के साथ हर सपना पूरा किया जा सकता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में टीम सदस्य जुनैद चौधरी, मोहम्मद नोमान एवं मोहम्मद नईम ने प्रमुख भूमिका निभाई और सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित किया। कार्यक्रम के दौरान कई हीमोफिलिया से पीड़ित बच्चे भावुक हो उठे जब उन्होंने बिना बार-बार रक्तस्राव के एक सामान्य जीवन जीने की अपनी इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे भी अन्य बच्चों की तरह स्कूल जाना, खेलना और अपना बचपन खुलकर जीना चाहते हैं। इसी भावुक अपील के साथ उन्होंने संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (ळच्ळप्), लखनऊ से अनुरोध किया कि उन्हें बेहतर फैक्टर उपलब्ध कराई जाए।

नई दवा उन्हें बार-बार होने वाले रक्तस्राव से राहत दे सकती है, जिससे वे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई और बचपन को आगे बढ़ा सकें। साथ ही, उपस्थित हीमोफिलिया मरीजों और उनके परिजनों ने मुरादाबाद में एक अलग एवं समर्पित हीमोफिलिया उपचार केंद्र स्थापित करने की मांग भी रखी, ताकि स्थानीय स्तर पर ही समुचित इलाज और फैक्टर उपलब्ध हो सके तथा मरीजों को दूर-दराज के शहरों का रुख न करना पड़े।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित परिवारों ने आई ड्रीम टू ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा जताई। सभी हीमोफीलिक मरीजों और उनके परिवारजनों को भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# शिवसेना ने जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिवसेना (शिंदे गुट) द्वारा जिला कार्यालय पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला प्रमुख नन्हे चौधरी ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में शिवसैनिकों ने भाग लिया और एक-दूसरे को रंग-बिरंगे गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।इस अवसर पर राज्य सचिव राम प्रसाद प्रजापति ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि इस पर्व को आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। मंडल प्रमुख गुड्डू सैनी ने भी सभी को संबोधित करते हुए कहा कि किसी पर जबरदस्ती रंग न लगाया जाए और सभी की भावनाओं का सम्मान किया जाए। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश देता है। महानगर प्रमुख रजत श्रोत्रय ने अपने संबोधन में कहा कि होली सामाजिक समरसता और भाईचारे का पर्व है।

उन्होंने कहा कि शिवसेना (शिंदे गुट) सदैव समाज को जोड़ने और प्रेम, सौहार्द व आपसी सम्मान के मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे आयोजन संगठन की एकता और जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में राम प्रसाद प्रजापति (राज्य सचिव), गुड्डू सैनी (मंडल प्रमुख), नितिन वर्मा (मंडल प्रभारी), मनोज कुमार (जिला प्रभारी), राकेश प्रजापति (युवा जिला प्रमुख), मुकेश सक्सेना (मंडल उप प्रमुख), ठाकुरदास सैनी (मंडल सचिव), मंगली सैनी एवं मुकेश दिवाकर (जिला उप प्रमुख) सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में सभी ने मिलकर संगठन की मजबूती और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

# करनपुर में रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**करनपुर (मुरादाबाद)।** ग्राम पंचायत करनपुर स्थित संत निरंकारी मिशन की शाखा करनपुर चौराहा पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी चंद्रप्रकाश (नीटू चौहान) जिला संयोजक रामनाथ सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया इस शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडलीय जिला चिकित्सालय की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. शाने आलम के नेतृत्व में आई टीम ने यह रक्त एकत्रित किया। डॉ. आलम का सहयोग करने वालों में मोहम्मद नईम, अशोक कुमार, पी. वी. सिंह, अमित मौर्य, साधना भटनागर, सुभाष सिंह, सचिन कुमार, अचिन कुमार, नीरज कुमार एवं अतीक अहमद शामिल रहे। इस अवसर पर संत निरंकारी मिशन के चौथे सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के विचारों को दोहराते हुए कहा गया कि उनका सदैव कहना था कि ष्इंसान का रक्त नालियों में न बहकर इंसान की नाड़ियों में बहना



चाहिए। मुरादाबाद से आए जिला संयोजक रामनाथ सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है, क्योंकि इससे किसी इंसान को जीवनदान मिलता है। उन्होंने कहा कि संत महापुरुष सदैव परोपकार, तप और त्याग का मार्ग दिखाते हैं, ताकि मनुष्य सच्चाई पर स्थित रहे और मानवता के गुणों से युक्त होकर इस संसार को सुंदर बनाने में अपना योगदान दे। इस रक्तदान शिविर में करनपुर चौराहा ब्रांच के अलावा ठाकुरद्वारा, कांठ एवं मुरादाबाद ब्रांच के रक्तदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रांच करनपुर चौराहा के इंचार्ज डॉ. बाबू सिंह, सेवादल इंचार्ज कमल कुमार, महेंद्र सिंह, अमित कुमार, डॉ. रामकुमार सिंह, राकेश कुमार, डॉ. दीपक सिंह, मास्टर शेखर सिंह, योगेश कुमार, राजवीर सिंह, पवन कुमार, ध्यान सिंह, पप्पू सिंह, भजन सिंह, चंद्रपाल सिंह, सुभाष सिंह, होती सिंह सहित ग्राम पंचायत करनपुर की प्रधान रेखा देवी, अनीता देवी, कमलेश देवी, वीरवती, अंजलि, नीतू देवी, निशा, कामिनी, महिला सेवादल इंचार्ज सविता देवी, आस्था, वंशिका आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# देसी शराब की दुकान से पब्बे खरीद कर बेचने जा रहे हैं व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा

कांठ(शाह टाइम्स) देसी शराब की दुकान से पब्बे खरीद कर ग्रामीण क्षेत्र में बेचने जा रहे व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ कर कार्रवाई की है।

बताया गया कि पुलिस शांति व्यवस्था व संदिग्ध वाहनों की चेकिंग को लेकर क्षेत्र में थी तभी मुखबिर ने बताया कि एक व्यक्ति देसी शराब के पब्बे लेकर कुरी रवाना की तरफ जा रहा है पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई और एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया उसके पास से 20 पब्बे देसी शराब गोल्ड पंच मार्का के बरामद किए गए। पकड़े गए व्यक्ति ने बताया कि उसका नाम संजीव गिरी गोस्वामी पुत्र धनीराम निवासी कुरी रवाना है और वह किशनपुर की शराब की दुकान से पब्बे खरीद कर गांव में बेचने के लिए जा रहा था। पुलिस ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धारा में कार्रवाई की है।

### भजन संध्या में गूंजे होली के गीत, महिलाओं ने फूलों व गुलाल से खेली होली



चन्दौसी। ब्राह्मण महिला सभा चन्दौसी के तत्वावधान में रविवार को होली के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगराध्यक्ष उर्मिला शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं गायत्री मंत्र के साथ किया। इस अवसर पर भजन मंडली द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। उपस्थित महिलाओं ने होली के पारंपरिक गीतों पर उत्साहपूर्वक नृत्य कर आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने फूलों एवं गुलाल से होली खेलकर आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में आशा सारस्वत, ममता शर्मा, सुनीता शर्मा, सुधा शर्मा, नीलम राय, साधना पाठक, जयश्री, शिप्रा शर्मा, मुस्कान भारद्वाज, पूजा शर्मा सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्मिला शर्मा ने की, जबकि संचालन रंजना शर्मा ने किया।

# नशे में ट्रैक्टर चालक ने व्यक्ति को रौंदा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 45 वर्षीय अविवाहित व्यक्ति की ट्रैक्टर की टक्कर लगने से मौत हो गई। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में था और उसने पहले टक्कर मारी, फिर ट्रैक्टर पीछे लेकर दोबारा चढ़ा दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में पुलिस की देरी से पहुंचने पर आक्रोश देखा गया। पुलिस ने ट्रैक्टर और चालक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव गुमथल निवासी डालचंद पुत्र सुखे (45) रविवार को दोपहर करीब तीन बजे अपने घर से जंगल की ओर शौच के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि वह गांव के पास स्थित हर किशोर के खाली पड़े प्लांट से होते हुए कच्ची सड़क पर चढ़ रहे थे। इसी दौरान अकबरपुर निवासी वेदराम पुत्र श्यामलाल ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचा। आरोप है कि वह शराब के नशे में ट्रैक्टर चला रहा था और उसने डालचंद को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डालचंद उठने का प्रयास कर ही रहे थे कि चालक ने ट्रैक्टर पीछे लिया और दोबारा उनके ऊपर चढ़ा दिया। ट्रैक्टर के पहिए के नीचे दबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और किसी तरह ट्रैक्टर हटाकर शव को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने चालक को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी।

बताया गया कि पुलिस करीब एक से डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी सुबह से ही शराब के नशे में ट्रैक्टर को तेज गति से गांव में दौड़ा रहा था। पुलिस ने ट्रैक्टर और चालक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# काव्यधारा के साथ मना होली का रंगोत्सव

**चन्दौसी।** साहित्य चेतना मंच चन्दौसी एवं दिव्य गंगा सेवा मिशन हरिद्वार के तत्वाधान में रविवार को होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीओ संभल



गोरखनाथ भट्ट, नगरपालिका अध्यक्ष चन्दौसी लता वार्ष्णेय, शालिनी रस्तौगी (महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष, दिव्य गंगा सेवा मिशन) द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। मंच का संचालन एल.के. विकास मिश्रा (एडवोकेट) द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी चुटीली टिप्पणियों से समां बांधे रखा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संचालक दिनेश पाल सिंह शिदव्यश् की सक्रिय भूमिका रही। बदायूं के वरिष्ठ कवि सुखपाल सिंह गौर ने कवि सम्मेलन को माहौल देते हुए पढ़ा फागुनी के पर्व पर देखो मेरे भाइयों, 'सफेद हरा केसरिया रंग लेकर आइए। मां भारती के भारत में फागुनी का पर्व है, इसे शांति शौहर्द से मनाइए।। शांति राणा शांति उत्तराखंड खटीमा ने पढ़ा कि मैं अपने बुजुर्गो की कद्र का काम करती हूं, उनके अनुभवो को मैं शत-शत प्रणाम करती हूं, जिनकी दुआओ से महकता हैं ये घर मेरा, हर पल उनका सम्मान मैं बारम्बार करती हूं।।'

सम्भल से आए अतुल कुमार शर्मा ने होली पर बढ़ती नशाखोरी मधुशालाएँ मौत का सामान बाँटने लगें, कुत्ते शराबियों का मुँह चाटने लगें। दिनेश पाल सिंह दिव्य ने पढ़ा कि योग्यता को दंडित करके, हुनर को आप मिटाओगे। मेधा को अपमानित करके, यह देश कहां ले जाओगे। एल.के.विकास मिश्रा एडवोकेट प्रेम में हो रहे पर व्यंग करते हुए पढ़ा कि वो चालाक शख्स मुझसे ही मेरा होने की बात कर रहा है, सच है गुफ्तगुन रातों में किसी और के साथ कर रहा है।

वो सारे दावे जो इश्क मोहब्बत में होते हैं मेरे साथ किए, मसला ये है दावों को हकीकत किसी और के साथ कर रहा है।। शिखा राम रावत बुलबुल ने कहा कि मां की राजदुलारी, पापा की तुम प्यारी ए नारी छोड़ दे इस प्यार की आग में झुलसना क्योंकि आवरण तेरा ही जलना है।

भीतरी जले या बाहरी। विवेक त्रिपाठी विकट ने पढ़ा कि 'विकटश् रास्ते कितने भी हों कंटकाकीर्ण। पैरों में जब तक खून निकल ना जाए, तब तक चलना जरूरी है। मेरा लहजा है स्वाद-ए-दरखष्त-ए-नीम का। ठीक हो जाओगे मेरे लहजे से इसलिए उसका कड़वा लगना जरूरी है। कार्यक्रम को ऊंचाई देते हुए अंजली वर्मा चहक, शिवाय दीक्षित बल कवि ने काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन में विभिन्न रस के कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

### कुढफतेहगढ़ में इन्डेन गैस कार्यालय से इनवर्टर बैटरी व प्रिंटर चोरी



चन्दौसी। कुढ़फतेहगढ़ स्थित कृष्णा सूर्या इन्डेन गैस कार्यालय से शनिवार की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा छत के रास्ते से जीना का दरवाजा तोड़कर कार्यालय में रखे दो बड़े बैटरा, एक इनवर्टर तथा एक प्रिंटर चोरी कर लिए गए। रविवार की सुबह जब गैस एजेंसी कार्यालय को खोलने के लिए संचालक सूर्यकांत पहुंचे तो अंदर का नजारा देख सन्न रह गए। उन्होंने अपने परिजनों व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और गैस एजेंसी में हुई चोरी के बारे में जानकारी की। मौके पर छत पर लगे सोलर पैनल में एक रस्सी बंधी हुई पीछे लटकी हुई थी जिससे प्रतीक होता है कि छत से रस्सी के सहारे ही चोर ने उतरकर गये हैं। सूर्यकांत पुत्र रामवीर सिंह निवासी बेरनी ने गैस एजेंसी कार्यालय में हुई चोरी की तहरीर कुढ़फतेहगढ़ थाने में दी है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 2 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# लो हो गया हमला

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी। शनिवार को इजरायल व अमेरिका ने ईरान पर सीधे हमला कर दिया। जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई सहित 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इसमें ईरान के सेना प्रमुख भी शामिल हैं। खबर तो यह भी आ रही है कि इस हमले में खामेनेई के दामाद, बेटी, पोती भी मारी गए हैं। अमेरिका इजरायल जहां इस कार्रवाई को बड़ी कामयाबी बता रहे हैं और कह रहे हैं कि उन्होंने एक क्रूर तानाशाह का अंत किया है, वह ईरानी जनता को आजादी दिलाने की बात भी कह रहे हैं, तो वहीं ऐसे देशों की भी कमी नहीं है जो अमे. रिका इजरायल की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए इसकी निंदा कर रहे हैं और इसको हमला नहीं बल्कि हत्या बता रहे हैं। जाहिर है, खामेनेई की मौत ने हालात को बद से बदतर बना दिया है। दोनों तरफ से हवाई हमले हो रहे हैं। इजरायल अमेरिका जहां लड़ाकू विमानों से हमले कर रहे हैं तो वहीं ईरान ताबड़तोड़ अपनी मिसाइलों का प्रदर्शन कर रहा है। उसकी मिसाइलों की जद में करीब 8 से अधिक देश आ चुके हैं। जिसमें मिडिल ईस्ट के दुबई, कतर, सऊदी, ओमान, बहरीन, इजरायल जैसे देश हैं। निश्चित रूप से जिस तरह की कार्रवाई ईरान ने अब तक की है, उससे इजरायल व अमे. रिका जरूर सक्ते में आए होंगे, क्योंकि दूसरे विश्वयुद्ध के बाद यह पहला अवसर है, जब अमेरिकी सैन्य बेस पर सीधे किसी देश ने हमला किया। युद्ध बराबर जारी है और दोनों तरफ से नुकसान की भारी खबरें आ रही हैं। हालात किधर जाएंगे, कहना मुश्किल है। मुश्किल इसलिए भी कि आज दुर्भाग्य से दुनिया में कोई भी ऐसी संस्था नहीं है जो दो देशों के विवादों को नियंत्रित कर सके। जो संस्था इसलिए बनाई गई थी कि वह आगे युद्ध नहीं होने देगी और दूसरे विश्वयुद्ध से सबक लेते हुए आपसी बातचीत से ही देशों के बीच मतभेदों को हल कराएगी, वह विश्व संस्था आज पंगु बन चुकी है। हर कोई जानता है कि अब संयुक्त राष्ट्र के पास न नैतिकता बची है और न ही किसी तरह की कोई शक्ति है। नतीजा सामने है जिसकी मरजी में जो आ रहा है वह कर रहा है। बड़े मुल्क छोटे देशों को धड़ल्ले से दबा रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प तो तमाम हदों को पार करते दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने हाल ही में कैसे वेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर अपने देश ले आए और अब ईरान में सरकार बदलने की तैयारी हो रही है। यह खुली गुंडागर्दी नहीं तो और क्या है। अगर समय रहते इन सब बातों का हल नहीं निकला, तो दुनिया अराजकता के घोर अंधकार में चली जाएगी। जहां जिसकी लाठी उसी का राज कहावत चरितार्थ होगी, पहले से ही रूस-यूक्रेन, इजरायल-फलस्तीन जैसे युद्धों की कमी नहीं थी अब ईरान-अमेरिका/इजरायल उलझते दिखाई दे रहे हैं। जाहिर है, दुनिया इस समय वास्तव में बारूद के ढेर पर बैठी है।

## संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या



अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव तथा खाड़ी देशों का घटनाक्रम आपत्ति. जनक है, खुद को लोकतांत्रिक दुनिया का नेता बताने वाले देशों द्वारा संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या और उनकी कार्रवाई में निर्दोष लोगों की मौत हो रही है, इस तरह की कार्रवाई किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराई जा सकती है, इस संघर्ष में कई देशों का घसीटा जाना बेहद दुखद है और इससे वैश्विक अस्थिरता बढ़ेगी, दुनिया को और अधिक अनावश्यक युद्धों की नहीं, बल्कि शांति और संवाद की आवश्यकता है, आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देती है, विश्व नेतृत्व को प्रतिशोध की राजनीति छोड़कर शांति और मानवता के मार्ग पर चलना चाहिए, प्रधानमंत्री मोदी प्रभावित देशों में फंसे सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित देश लाने के लिए हरसंभव प्रयास करें। **-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव और सांसद**

# न्यूट्रिशनल लेवल देखकर करें खाने-पीने की चीज़ों का इस्तेमाल





अमेरिका और यूरोप समेत विश्व के अधिक. ांश देशों ने कई साल पहले जिस खतरनाक ट्रांस फैट पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी थी। उस फैट का हमारे यहां अभी भी वनस्पति और रिफाइंड तेलों में भरपूर प्रयोग हो रहा है। इस वजह से देश में हृदय, मधुमेह, अल्जाइमर, कैंसर आदि घातक बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ट्रांस फैट को हमारे शरीर को दिनभर में मिलने वाली ऊर्जा का एक प्रतिशत हिस्सा से कम रखने की अनुशंसा की है। गैर सरकारी संस्था सेंटर फॉर साइंस एडं इनवायरमेंट (सीएसइ) ने वर्ष 2012 में 30 ब्रांडेड तेलों पर अनुसंधान करके बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया था।

सीएसई ने इन तेलों का अपनी प्रयोगशाला में परीक्षण करके कहा था कि हमें रसोई के तेल से धीमा जहर मिल रहा है और हम हर रोज खतरनाक बीमारियों की गिरफ्त में जा रहे हैं। इस संस्था ने इन तेलों में डेनमार्क के अंतर्राष्ट्रीय मानक दो प्रतिशत से कहीं अधिक पांच से 23 प्रतिशत तक ट्रांस फैट की मौजूदगी की पुष्टि की थी। सीएसई की इस पहल के बाद भारतीय खाद्य एवं सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफसएएसएआई) ने तेल कंपनियों के लिए भार से 10 प्रतिशत से कम ट्रांस फैट का मानक तय किया और इस वर्ष फरवरी तक इसे पांच प्रतिशत लाने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। सीएसई के खाद्य एवं सुरक्षा डिविजन के प्रोग्राम मैनेजर अमित खुराना ने बताया कि सरकार ने ट्रांस फैट के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया है कि इसे पांच प्रतिशत पर लाना है, लेकिन देखिए कब तक इसे अमल में लाया जाता है। दस से पांच प्रतिशत पर लाए जाने का सरकार का कदम स्वागत योग्य है। इससे हमारे स्वास्थ्य पर काफी फर्क पड़ेगा, लेकिन भविष्य में इसे नीयर जीरो लाना होगा। हमारी मांग है कि खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग पर इसकी लेबलिग होनी चाहिए। साफ-साफ अक्षरों में सेचुरेटेड और ट्रांस फैट की मात्रा के बारे में उल्लेख होना चाहिए। हमने बाजार में मौजूद कई नामी-गिरामी कंपनियों के खाद्य तेलों पर अध्ययन किया था और उनमें स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक ट्रांस फैट की मौजूदगी पांच से 23 गुना अधिक पाई थी। वर्ष 2012 में हमारे अध्ययन के बाद एफएसएसएआई ने वर्ष 2013 में ट्रांस फैट का लेबल 10 प्रतिशत करने और वर्ष 2015 तक इसे पांच प्रतिशत करने के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया था। फिलहाल यह लेबल 10 प्रतिशत है, लेकिन पांच प्रतिशत के लेबल की समय सीमा को बढ़ा कर इस वर्ष फरवरी तक कर दिया गया है। उम्मीद है इस पर गंभीरता से अमल किया जाएगा। सीएसई निदेशक ने कहा है कि पी गोपीचंद राष्ट्रीय हीरो इसलिए नहीं हैं कि उन्होंने दो ओलंपिक मेडलिस्ट, साइना नेहवाल और पीवी सिंधु को तैयार किया है। वह इसलिए आदरणीय और सम्मानीय हैं कि सॉफ्ट ड्रिंक के लिए विज्ञापन करने से मना करने वाले वह इकलौते स्पोर्ट्स मैन हैं। उनके अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2014 में एफएसएसएआई से जंक फूड और प्रसिद्ध हस्तियों से अस्वस्थ्यकर खाद्य एवं पेय पदार्थों के बारे में विज्ञापन के संबंध में गाइडलाइंस तैयार करने को कहा था, लेकिन इस दिशा में कहां कुछ हुआ है। ब्रांड लॉबी की कोशिश होती है कि इस तरह की कोई अच्छी चीज अमल में नहीं आए। स्पेन में बडविग प्रोटोकॉल के तहत कैंसर के खिलाफ वैकल्पिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र का संच. ालन करने वाले डॉक्टर ने कहा कि मानवीय हितों के लिए अद्वितीय काम करने वाली सीएसई ने केवल भारत की जनता की आंखें ही नहीं खोल दीं बल्कि कुंभकर्ण की नींद सो रहे एफएसएसएआई को भी झकझोर कर उठा दिया है।

डा. ने कहा कि आपकी सरकार को जागना ही होगा और अपने लोगों की रक्षा करनी ही होगी, क्योंकि एक देश मुट्ठीभर कंपनियों से नहीं, एक-एक नागरिक को मिलाकर बनता है और देश का स्वास्थ्य हर हाल में सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एडं न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया। दुख की बात है कि आज हमारी हैल्थ केयर सर्विसेज हैल्थ इंडस्ट्री बन चुकी हैं। आज इनका सिद्धांत है कि पहले बीमार करो फिर उपचार करो और दोनों से कमाओ। पहले 50 रुपये की लागत से बना पिज्जा 500 रुपये में खिलाएंगे और जब हमें कैंसर या कोई दूसरा रोग हो गया तो मुट्ठीभर दवा के हजारों और लाखों वसूलेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रांस फैट टॉक्सिक, अखाद्य और कृत्रिम फैट है। इसे सस्ते तेलों का आंशिक हाइड्रोजिनेशन करके फैक्ट्री में बनाया जाता है। प्राकृतिक तेल और जीव-वसा में प्राय: यह फैट नहीं होता है। यह देखने में घी और मक्खन की तरह होता है और इसकी शेल्फ लाइफ बहुत अधिक होती है, यानि इसमें बने व्यंजन अधिक देर तक चलते हैं। इसको बनाने में लगात भी कम आती है। इसलिए यह बेकरी, हलवाई और प्रोसेस्ड फूड निर्माताओं का मनपंसद फैट है। घरों में इस्तेमाल होने वाले रिफाइंड ऑयल और वनस्पतियों में भी यह फैट होता है। जानी-मानी कंपनियों के नमकीन चिप्स, बर्गर, छोले भटूरे, समोसा, कचौड़ी, पकौड़ी, कैंडी, पिज्जा, चॉकलेट, आइसक्रीम आदि में भारी मात्र में ट्रांस फैट पाया जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जल से भी संभव है बीमारियों का इलाज !

**हमारे फेफड़ों से बाहर निक. ाली गई सांस के रूप में, मलाशय से मल के रूप में तथा मूत्र के रूप में पानी ही बाहर निकलता है। जल ही शरीर के सभी अंगों के विषैले तत्व ढोकर बाहर निकालता है। फेफड़े, त्वचा, आंतें, आमाशय, गुर्दे तथा हृदय अपना-अपना काम करने के लिए जल की शक्ति पर ही निर्भर रहते हैं। जल केवल अपशिष्ट पदार्थों को शरीर से निकालने का ही कार्य नहीं करता अपितु यह एक अनिवार्य जीवन तत्व भी है। इसके बिना जीवित नहीं रह सकते। शरीर में जल की अत्यधिक कमी से डिहाइड्रेशन हो सकता है और रोगी की मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए उल्टी या दस्त के जरिए शरीर से अत्यधिक जल निकलने की स्थित मिं तुरंत जल की आपूर्ति बढ़ाई जानी चाहिए। भोजन करने से पहले कभी पानी नहीं पीना चाहिए परंतु यदि प्यास ज्यादा हो तो एक-दो घूंट पानी पिया जा सकता है। परंतु अधिक पानी पीने से पेट की भूख शांत हो जाती है।**



क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर पंचतत्व हैं, जिनसे हमारा शरीर बना है। हमारे जीवन में जल के महत्व से सभी परिचित हैं। जल की संरचना में दो भाग हाइड्रोजन और एक भाग ऑक्सीजन का योगदान होता है। छह प्रकार के रसों, मधुर, कटु, अम्ल, लवण, कषाय तथा तिक्त के स्वाद का अनुभव हम जल के कारण ही कर पाते हैं। थकावट, सुस्ती, बेहोशी, नींद और कोष्ठ बद्धता को दूर करने में जल की भूमिका किसी से भी छिपी नहीं है। स्नान करने पर यह शरीर को निर्मल और तरोताजा बनाता है। यह शरीर के भीतर-बाहर के सभी दोषों को दूर कर देता है हाइड्रोपैथी अर्थात पानी से उपचार में सोच समझ कर पानी का इस प्रकार प्रयोग किया जाता है कि विभिन्न शरीर के भागों जैसे आमाशय, छोटी आंत, बड़ी आंत, मूत्राशय, मलाशय आदि में जमे दोषों को शरीर से निकाल देता है। कोष्ठ बद्धता 'कब्ज) जो अनेक रोगों की जननी है, के निराकरण के लिए जल-चिकित्सा सबसे अच्छा उपाय है। संसार की प्राचीनतम पुस्तक ऋग्वेद में भी जल की महत्ता का वर्णन किया गया है। इसमें जल को औषधि तथा समस्त रोगों का नाशक कहा गया है। हमारे शरीर में लगभग 70 प्रतिशत जल है। जल का सबसे प्रमुख कार्य हमारे शरीर को कठोर बनाना है। हर एक बदलते मौसम के अनुरूप शरीर को ढालने के लिए जल के गुणों का विभिन्न प्रकार से लाभ उठाया जा सकता है। नंगे पैर फर्श पर या गीली ओस पर सैर करने से हमारे मस्तिष्क और आंखों में विशेष तरावट पहुंचती है और शरीर को अभूतपूर्व शांति का अहसास होता है। नंगे पैरों गीले पत्थरों पर चलने से शरीर में उपस्थित अनावश्यक गर्मी खत्म हो जाती है। जिन लोगों को पैरों के तलुओं में (बर्निंग सैन्सैशन) की शिकायत हो उनके लिए यह सबसे अच्छा उपाय है। पित्तजनित रोगों के निदान के लिए शीतल जल में चलना लाभकारी हो सकता है। ठंडे जल से हाथ मुंह धोने तथा बर्फबारी के तुरंत बाद बर्फ पर चलने से शरीर को चैतन्य की प्राप्ति होती है, उसमें चुस्ती-फुर्ती आ जाती है। इसी प्रकार घुटनों, सिर और गर्दन पर शीतल जल का धारापात भी स्वास्थ्यवर्धन का अचूक साधन है। क्योंकि जल का सबसे बड़ा गुण यही है कि यह संपर्क में आते ही शीघ्रता से उसकी उष्णता सोख लेता है। नंगे पैर चलने का धारापात की अवधि का निर्णय आप स्वयं ही कर सकते हैं। स्वस्थ शरीर के लिए भोजन और व्यायाम के साथ-साथ स्नान को भी महत्वपूर्ण माना गया है। दैनिक स्नान का महत्व इसी बात से स्पष्ट है कि भारतीय धर्मग्रन्थों में स्नान को नित्य कर्तव्य माना गया है। गर्मियों में प्रात: व सायं दो बार स्नान करना चाहिए। शीतकाल में एक बार स्नान करना अति आवश्यक है। जो व्यक्ति शीतकाल में प्रतिदिन नहीं नहाते उन्हें कई रोग आ घेरते हैं। साथ ही उनका स्वभाव भी चिड़चिड़ा हो जाता है। जिस प्रकार पेशाब के द्वारा शरीर से क्लोराइडस तथा नमक आदि निकल जाते हैं, उसी प्रकार शरीर के भीतर के दूषित अम्ल तथा अन्य अपशिष्ट द्रव्य हमारी त्वचा पर बने रोमकूपों से पसीने के रास्ते निकल जाते हैं। प्रतिदिन शरीर को जल से धोया जाना चाहिए अन्यथा पसीने के साथ निकले पदार्थों से रोमकूप बंद हो जाएंगे, इससे पसीना निकलने का मार्ग अवरुद्ध हो जाएगा, जिससे शरीर के भीतर के विषैले पदार्थ रक्त में मिल जाएंगे और अनेक प्रकार के रोग आ घेरेंगे। जल की कितनी मात्रा का उपयोग किया जाए यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके शरीर की प्रकृति कैसी है ठंडी अथवा गर्म। इसके अतिरिक्त आदत, उम्र, समय तथा शारीरिक स्वास्थ्य का स्तर भी प्रयोग किए जाने वाले जल की मात्रा को प्रभावित करता है। गर्मियों में ताजे, ठंडे, निर्मल जल का प्रयोग करना चाहिए जबकि सर्दियों में या शीत ऋतु में सहन करने योग्य गर्म जल का प्रयोग किया जाना चाहिए।

# केजरीवाल संबंधी निर्णय : संकेत, संदेश व सियासत



तनवीर जाफरी

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पिछले दिनों विवादित दिल्ली आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने सीबीआई द्वारा अदालत में पेश किए गए सबूतों को कमजोर और अपर्याप्त बताया और कहा कि आरोपियों की कोई आपराधिक साजिश या इरादा साबित नहीं हुआ। अदालत ने कहा कि केवल दावे पर्याप्त नहीं होते बल्कि ठोस सबूत होने भी जरूरी हैं। अदालत ने कहा कि चार्जशीट में खामियां हैं और कोई साक्ष्य भी नहीं मिला। इस अदालती फैसले के बाद राजनैतिक हल्कों में हलचल तेज हो गई है। गौरतलब है कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने नवंबर 2021 में नई आबकारी नीति लागू की थी। इस नीति का उद्देश्य शराब की बिक्री का निजीकरण कर ग्राहक सुविधा बढ़ाना और शराब की काला बाजारी रोकना बताया गया था। परन्तु जुलाई 2022 में मुख्य सचिव की रिपोर्ट में प्रक्रियागत खामियां, मनमाने फैसले और 500 करोड़ से अधिक का नुक्सान बताते हुए दिल्ली के तत्कालीन एल जी, वी के सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की।

उस समय केंद्र सरकार की अधीनस्थ संस्थाओं सीबीआई और ईडी द्वारा यह आरोप लगाया गया कि दिल्ली सरकार के तत्कालीन आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा इस नई आबकारी नीति को निजी शराब कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए तैयार किया गया था। जिसमें 100 करोड़ के कैशबैक आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को मिले। तत्कालीन मुख्य मंत्री



अरविन्द केजरीवाल को इस पूरे मामले का मुख्य साजिशकर्ता बताया गया। इसके बाद जुलाई 2022 में एलजी की सिफारिश से ही अगस्त में सीबीआई व ईडी द्वारा केस रजिस्टर्ड किया गया तथा सितंबर में नई आबकारी नीति रद्द कर दी गई। इसी के बाद फरवरी 2023 में मनीष सिसोदिया को और मार्च 2024 में केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

अब जहां संबंधित अदालत द्वारा केजरीवाल व सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया गया हैं वहीं खबर यह भी है कि निचली अदालत के इस फैसले को चुनौती देने हेतु सी बी आई संभवत: हाई कोर्ट का रुख कर सकती है। बहरहाल इस अदालती फैसले के बाद विपक्ष एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमलावर है। क्योंकि मोदी सरकार के दौरान ही अरविंद केजरीवाल के अलावा और भी कई विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों और नेताओं पर ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों ने कार्रवाई करने की कोशिश की। इनमें गिरफ्तारियां भी हुईं, परन्तु अधिक. ांश मामलों में या तो जमानत मिली या मामले डिस्चार्ज हुए या फिर उन्हें अदालत से राहत मिली। उदाहरण स्वरूप झारखंड के मुख्यमंत्री पद पर आसीन हेमंत सोरेन को 2024 में ईडी द्वारा लैंड स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों में गिरफ्तार किया गया। उन्हें सीएम पद से इस्तीफा देकर जेल जाना पड़ा। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2026 में ईडी की कार्यवाही पर स्टे लगा दिया और वे रिहा होने के बाद पुन: मुख्यमंत्री बने। इसी तरह कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विरुद्ध ईडी ने डन्क। स्कैम में हाईकोर्ट ने जांच की मंजूरी तो दे दी परन्तु लोकायुक्त ने उन्हें क्लीन चिट दे दी। यूंही कभी केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को ईडी द्वारा 466 करोड़ का FEMA नोटिस जारी किया गया व कई कारण बताओ नोटिस जारी किए गए परन्तु अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इसी तरह तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव,डी शिवकुमार,पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जैसे और भी कई नेताओं से ई डी व सी बी आई पूछताछ कर चुकी है। पिछले दिनों हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भी पंचकूला के एजेएल जमीन आवंटन मामले में पंजाब/हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा हुड्डा के खिलाफ आरोप तय किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया है और उन्हें क्लीन चिट दे दी।

इसके आधार पर आरोप तय करने के सीबीआई कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया गया परन्तु केंद्र सरकार के अधीनस्थ कार्यरत ईडी, सी बी आई या आयकर जैसे विभाग विपक्षी नेताओं पर कोई न कोई आरोप मढ़कर उन्हें न केवल परेशानियों में डाल देते हैं बल्कि इस तरह के आरोपों से उनके राजनैतिक चरित्र को भी दागदार बनाने की पूरी कोशिश करते हैं। और सही मायने में जो वास्तव में भ्रष्ट होते हैं वे तो आनन-फानन में दल बदल कर भजपाई वाशिंग मशीन से गुजरकर चरित्रवान होने का प्रमाण पत्र हासिल कर लेते हैं और भय वश उपजी इस प्रीत के बदले में उन्हें कहीं मुख्यमंत्री तो कहीं उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद या अन्य उच्च पदों पर सुशोभित कर दिया जाता है। आंकड़े यूंही नहीं बताते कि ईडी ने 2014 से लेकर अब तक करीब 121 प्रमुख नेताओं पर मामले रजिस्टर्ड किए इन में 95 प्रतिशत विपक्षी नेता थे। और 2015 से 2025 तक ईडी द्वारा दर्ज 193 मामलों में केवल 2 ही दोष सिद्धियां हुईं। शेष अधिकांश मामलों में या तो अदालत ने आरोपियों को राहत दी या फिर सुबूतों के अभाव में मामले कमजोर पड़ गए। जहां तक केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के बाद उपजी सियासत का सवाल है तो जहां अदालती फैसला आते ही विपक्ष एकजुट होकर केजरीवाल के साथ खड़ा नजर आ रहा था वहीं केजरीवाल का बिलख बिलख कर रोते हुए मीडिया के सामने पेश होकर अपनी बेग. ुनाही का सुबूत देना चाह रहे थे और हद तो तब हो गई जबकि उसी दिन बुलाई गई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वे उन्हें जेल भेजने वाली भाजपा से भी ज्यादा कांग्रेस पर ही निशाना साधते नजर आए। सत्ता से सवाल पूछने के बजाए वे यह कहते सुनाई दिए कि केजरीवाल जेल गया, क्या रॉबर्ट वाड्रा जेल गए? संजय सिंह जेल गए, क्या राहुल गांधी जेल गए? मनीष सिसोदिया जेल गए, क्या सोनिया गांधी जी जेल गईं? कांग्रेस किस मुंह से बात करती है, शर्म नहीं आती? जाहिर है यह केजरीवाल की राजनीतिक बयानबाजी का ही एक हिस्सा था, जिससे विपक्षी एकता कमजोर हुई। क्योंकि अब कांग्रेस भी पूछ रही है कि 30 से अधिक मामलों से जूझने वाले राहुल की आंखों में कभी आंसू नहीं आए तो केवल एक मामले का सामना करने में केजरीवाल का इसतरह मीडिया के सामने रोने का क्या अर्थ है? केजरीवाल के कांग्रेस विरोधी बयान को राजनैतिक विश्लेषक पंजाब, उत्तराखंड, गोवा व गुजरात में होने वाले आगामी चुनावों से जोड़कर भी देख रहे हैं। और इसे आप व भाजपा की कांग्रेस विरोधी संयुक्त रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं। यही वजह है कि केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के संकेत इसके सन्देश और इसके पीछे की सियासत आदि सभी पहलुओं को बहुत बारीकी से समझने की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस पर पाकिस्तानी हवाई हमले को किया नाकाम

**काबुल।** पाकिस्तानी सेना ने रविवार सुबह बगराम एयरबेस पर हमला करने की कोशिश की लेकिन देश की रक्षा प्रणाली ने इसे नाकाम कर दिया।

पझवोक अफगान न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी गई है। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय ने कहा कि सुबह करीब 5:00 बजे पाकिस्तानी सेना के कई जेट विमानों ने बगराम एयरबेस पर हवाई हमले किए। बयान में कहा गया, ष्बगराम की बहादुर रक्षात्मक और वायु सेना के तुरंत जवाब से दुश्मन की हरकतों को बेअसर कर दिया गया और एक जरूरी तथा निर्णायक जवाब दिया गया। अब तक इलाके में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और स्थिति पूरी तरह से सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है। पुलिस मुख्यालय ने इस बात पर जोर दिया कि देश के हवाई क्षेत्र और देश की आजादी की रक्षा करना एक बुनियादी और अहम जिम्मेदारी है। अफगानिस्तान के इलाके, लोगों या मूल्यों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब सही और निर्णायक तरीकों से दिया जाएगा। गौरतलब है कि 21 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका में एक मदरसे और नंगरहार में रिहायशी इलाकों पर हवाई हमले किए, जिसमें दस से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद 27 फरवरी को अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने डूरंड रेखा पर पाकिस्तानी सेना की चौकियों और सैन्य केंद्रों पर जवाबी हमले किए, जिसमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ। पाकिस्तानी और अफगान सेनाओं के बीच झड़पें जारी हैं।

# ओमान के तेल टैंकर पर ईरान का हमला, चपेट में आए 15 भारतीय

**मस्कट।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव अब कई देशों तक फैलता दिखाई दे रहा है। अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई तेज हो गई है और खाड़ी क्षेत्र के अहम समुद्री, हवाई और आर्थिक ठिकाने निशाने पर आ गए हैं। ओमान के समुद्री इलाके से लेकर दुबई, इजरायल के हाइफा बंद. रगाह और सऊदी अरब की राजधानी रियाद तक धमाकों और हमलों की खबरों ने क्षेत्रीय सुरक्षा को गंभीर चुनौती दे दी है। ओमान के मसंदम तट से करीब पांच नाटिकल मील दूर एक आयल टैंकर पर हमला किया गया। ओमान के मैरिटाइम सिक्योरिटी सेंटर के मुताबिक स्कायलाइट नाम के जहाज को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोग घायल हुए।

# खामेनेई की मौत ने फारस की खाड़ी को बड़े संकट में डाला

## रमजान के दौरान शियाओं के सर्वोच्च नेता की हत्या से पूरे क्षेत्र में तनाव और अस्थिरता फैलने का भारी खतरा

■ मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान के दौरान शियाओं के सर्वोच्च नेता की हत्या ने बड़ा क्षेत्रीय संकट पैदा कर दिया है
■ खामेनेई के पास 35 से अधिक वर्षों तक ईरान की सेना न्यायपालिका और विदेश नीति पर निर्णायक अधिकार था

नई दिल्ली। अमेरिका-इजरायल के समन्वित सैन्य हमले में ईरानी सर्वोच्च नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत ने पूरे फारस की खाड़ी को बड़े संकट में डाल दिया है। इससे पूरे क्षेत्र में तनाव और अस्थिरता फैलने का भारी खतरा है। मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान के दौरान शियाओं के सर्वोच्च नेता की हत्या ने बड़ा क्षेत्रीय संकट पैदा कर दिया है, जिसके ईरान की आंतरिक स्थिरता के साथ-साथ व्यापक मुस्लिम जगत के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

इस हत्या के राजनीतिक और आर्थिक पहलुओं के अलावा धार्मिक निहितार्थ भी हो सकते हैं। खामेनेई के पास 35 से अधिक वर्षों तक ईरान की सेना, न्यायपालिका और विदेश नीति पर निर्णायक अधिकार था। उनकी मौत से सत्ता में बड़ा शून्य पैदा हो गया है, क्योंकि किसी आधिकारिक उत्तराधिकारी का नाम घोषित नहीं किया गया है। एक अस्थाई शासी परिषद, जिसमें राष्ट्रपति, न्यायपालिका प्रमुख और गार्जियन काउंसिल के एक सदस्य शामिल हैं, ने नया नेता आने तक नियंत्रण संभाल लिया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीएस) ने गणतंत्र के इतिहास में 'सबसे विनाशकारी आक्रामक अभियान' का संकल्प लिया है। ईरान ने कतर, कुवैत और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों और क्षेत्रीय लक्ष्यों के खिलाफ पहले ही जवाबी मिसाइल हमले शुरू कर दिए हैं। यह संकट वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल और अस्थिरता पैदा करने की चेतावनी दे रहा है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से समुद्र के रास्ते होने वाले तेल निर्यात का एक तिहाई हिस्सा गुजरता है। वहां किसी भी प्रकार का व्यवधान दुनिया भर में ईंधन की कीमतों में भारी उछाल ला सकता है। ईरान ने पहले ही धमकी दी थी कि अगर उस पर हमला हुआ तो वह हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर देगा। हत्या रमजान में हुई है। यह समय ईरान और वैश्विक प्रतिक्रिया में महत्वपूर्ण धार्मिक आयाम जोड़ता है। इस पवित्र महीने के दौरान अयातुल्ला की हत्या 'बद्र की भावना' (एक ऐतिहासिक इस्लामी जीत का संदर्भ) का आह्वान करती है, जो प्रतिरोध के बजाय पूरे मुस्लिम जगत में एकजुटता और लचीलेपन की भावना जगा सकती है। यह हत्या इमाम अली की शहादत के साथ भी मेल खाती है, जो शियाओं के पहले इमाम और पैगंबर मोहम्मद के दामाद थे। रमजान के दौरान जब वह नमाज पढ़ा रहे थे, तब उन पर हमला हुआ था। विश्व स्तर पर लगभग 20-26 करोड़ शिया हैं, जो दुनिया की मुस्लिम आबादी का 10-15 प्रतिशत हिस्सा हैं। भारत में शियाओं की संख्या 3.5 करोड़ है, जो कुल मुस्लिम आबादी का लगभग 15-20 प्रतिशत है और मुख्य रूप से लखनऊ, हैदराबाद, मुंबई और कश्मीर में केंद्रित हैं। करबला, इराक और जम्मू-कश्मीर में शियाओं के शोक और विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए। जम्मू-कश्मीर (श्रीनगर, बडगाम जिलों) में शिया समुदाय के बीच बड़े पैमाने पर शोक और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। दुनिया के कुछ हिस्सों में हालांकि शासन-विरोधी ईरानियों ने इसे दशकों के 'धर्मगुरुओं का शासन से मुक्ति' के रूप में मनाते हुए जश्न भी मनाया। भले ही अली खामेनेई की हत्या की व्यापक निंदा हो रही है, लेकिन मुस्लिम जगत विभाजित है। जहां कुछ रमजान के दौरान मारे गए इस नेता को शहीद के रूप में देखते हैं, वहीं अन्य उनकी मौत को ईरानी लोगों के लिए अपने देश पर फिर से दावा करने के अवसर के रूप में देखते हैं। ईरान ने 40 दिनों के शोक काल और सात सार्वजनिक अवकाशों की घोषणा की है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय क्षेत्रीय भड़काव का जोखिम उठा रहा है।

# खामेनेई की मौत पर भड़का रूस

## व्लादिमीर पुतिन ने जताई संवेदना, ईरानी राष्ट्रपति को भेजा शोक संदेश, खामेनेई की मौत को हत्या करार दिया

## उत्तर कोरिया ने भी ईरान पर हमलों की निंदा की, हमलों को गैरकानूनी, अक्रामकता व राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया



■ रूस में खामेनेई की एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा
■ रूस और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में खामेनेई का अहम योगदान रहा: पुतिन

**मास्को।** अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुख जताया। उन्होंने इसे हत्या करार दिया। पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को भेजे संदेश में कहा, इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या पर मेरी गहरी संवेदना स्वीकार करें। यह मानवीय नैतिकता और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सभी नियमों का खुला उल्लंघन है। इस संदेश को क्रेमलिन ने जारी किया है।

पुतिन ने आगे कहा कि रूस में खामेनेई को एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में खामेनेई का अहम योगदान रहा। रूस के वरिष्ठ राजनयिकों ने चेतावनी दी कि अमेरिका और इजरायल के हमले क्षेत्र को परमाणु संकट के कगार पर ले जा सकते हैं और तनाव को और बढ़ा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वेसिली नेबेंज्या ने इन हमलों को कूटनीति के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने पश्चिमी देशों के इस तर्क को खारिज किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करना चाहते था। उन्होंने इसे पूरी तरह बेबुनियाद बताया। नेबेंज्या ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा, कूटनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने की इच्छा रखने के बावजूद एक बार फिर तेहरान की पीठ में छुरा घोंपा गया है। ईरान की ओर से इराक और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर की गई जवाबी कार्रवाई का जिक्र करते हुए नेबेंज्या ने कहा कि अमेरिका-इजरायल के हमलों ने क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और यह संघर्ष क्षेत्र से बाहर भी फैल सकता है। रूसी विदेश मंत्रालय ने शनिवार अमेरिका और इजरायल के हमलों की निंदा की। मंत्रालय ने इसे 'जानबूझकर पहले से योजना बनाकर और बिना उकसावे के किया गया सशस्त्र आक्रमण' करार दिया। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला उस समय किया गया, जब वार्ता की प्रक्रिया फिर से शुरू हुई थी। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि इन हमलों से क्षेत्र मानवीय, आर्थिक और यहां तक कि रेडियोधर्मी आपदा के कगार पर पहुंच सकता है। उत्तर कोरिया ने भी अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों की निंदा की है। उसने इन हमलों को 'गैरकानूनी, आक्रामकता' और राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया। सरकारी मीडिया कोरिया सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से दी है। प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में अमेरिका का शामिल होना कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने अमेरिका के स्वभाव को वर्चस्ववादी और गैंगस्टर जैसा बताया और कहा कि ऐसी कार्रवाई उसी का नतीजा है। बयान में कहा गया कि अमेरिका और इजरायल की ओर से शुरू किया गया आक्रामकता किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

# ईरान पर नए हमले के लिए इजरायल व अमेरिका को होगा पछतावा: ईरानी सेना

**तेहरान।** ईरानी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ और खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने अमेरिका और इजरायल को चेतावनी दी है कि वे ईरान के खिलाफ इस नई आक्रामकता पर 'पछताएंगे'। रविवार को जारी एक संयुक्त बयान में इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई की शहादत पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा गया कि हम अपने नेक राष्ट्र की ताकत, दृढ़ता और समर्थन के साथ देश के दुश्मनों, विशेष रूप से अपराधी अमेरिका और दुष्ट जायोनी शासन को पछताने पर मजबूर कर देंगे। इसमें कहा गया कि दुनिया के स्वतंत्र लोगों के नेता और गुरु (खामनेई) द्वारा हमारे लिए छोड़ी गई मूल्यवान विरासत, बहादुर और वीर ईरानी राष्ट्र तथा सशस्त्र बलों का मार्गदर्शक बल है। बयान के अनुसार कि हम अपने खून की आखिरी बूंद तक और दुश्मनों के आत्मसमर्पण तक उस बुद्धिमान और प्रभावशाली नेता के मार्ग पर चलते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को तेहरान में खामनेई के आवास पर इजरायल और अमेरिका द्वारा किए गए हमले में वह मारे गए थे।

# अफगान सीमा पर संघर्ष खतरनाक मोड़ पर पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी संघर्ष अब खतरनाक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। दोनों देशों के बीच बढ़ता सैन्य टकराव न सिर्फ क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए चिंता बढ़ा रहा है, बल्कि कूटनीतिक रिश्तों पर भी गंभीर असर डाल सकता है। इसी बीच सीमा पर बढ़ती झड़पों के बीच पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने हवाई और जमीनी कार्रवाई में 352 अफगान तालि. बान लड़ाकों और उनके सहयोगी आतंकी तत्वों को मार गिराया है। मामले में पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने बताया कि अब तक 352 तालिबान सदस्य मारे गए हैं और 535 घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने 130 सैन्य चौकियों को पूरी तरह नष्ट कर दिया और 26 सीमा चौकियों पर कब्जा कर लिया है। इसके अलावा 171 टैंक और बख्तरबंद वाहन भी तबाह किए गए हैं। पाकिस्तान ने 41 ठिकानों पर सटीक हवाई हमले करने का भी दावा किया है।

# पश्चिम एशिया में भड़की भीषण जंग से दो खेमों में बंटी दुनिया

■ बड़गाम से बर्लिन तक, कहीं खामेनेई के पक्ष, तो कहीं विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में भड़की भीषण जंग ने पूरी दुनिया को दो स्पष्ट कूटनीतिक ध्रुवों में विभाजित कर दिया है। शनिवार सुबह जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के मिसाइल उद्योग व उसकी नौसेना को नेस्तनाबूद करने के लिए बड़े सैन्य अभियान की घोषणा की, तो वैश्विक राजनीति की लकीरें और गहरी हो गईं। ईरान में हुए मिसाइल हमलों के बाद वाशिंगटन ने इसे ईरानी शासन से खतरों को खत्म करने का मिशन बताया है।

इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इसे अस्तित्व की रक्षा के लिए उठाया गया कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे ईरानी जनता को अपना भाग्य खुद चुनने का अवसर मिलेगा। संघर्ष शुरू होने के बाद भारत के कश्मीर से लेकर जर्मनी व ब्रिटेन तक कहीं इसके विरोध तो कहीं पक्ष में प्रदर्शन हुए हैं। ईरान के हमले की कई इस्लामी देशों ने भी आलोचना की है और अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले का समर्थन किया है। यूक्रेन, कतर, यूएई, बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब आदि देशों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। यूएई ने ईरान के हमले को कायराना हरकत करार देते हुए जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखने की बात कही है, जबकि सऊदी अरब ने इसके गंभीर परिणाम भुगतने की चेता. वनी दी है। यूक्रेन ने भी इस तनाव के लिए सीधे तौर पर ईरान के आंतरिक दमन और हालिया महीनों में प्रदर्शनकारियों पर हुई हिंसा को जिम्मेदार ठहराया है। यूरोपीय संघ, जर्मनी, फ्रांस व ब्रिटेन ने ईरान से अंधाधुंध सैन्य कार्रवाई रोकने व वार्ता दोबारा शुरू करने की अपील की।

# खामेनेई की मौत के बाद अमेरिका में विरोध प्रदर्शन व जश्न

**वाशिंगटन।** अमेरिकी और इजरायली हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अमे. रिकी शहरों में लोगों के समूह सड़कों पर उतर आए, जिनमें से कुछ ईरान पर हमलों का जश्न मना रहे थे जबकि अन्य इनके विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। गौरतलब है कि ईरानी सरकारी टेलीविजन ने रविवार को खामेनेई की मौत की पुष्टि की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के अनुसार, शनिवार को अमेरिका द्वारा किए गए मिसाइल हमले में उनकी मृत्यु हुई। लॉस एंजिल्स क्षेत्र में लोग जश्न के संगीत की धुन पर एक-दूसरे को गले लगा रहे थे और नाच रहे थे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, खामेनेई की मौत की खबर सुनकर कई लोग भावुक दिखे। प्रदर्शनकारियों को ट्रम्प को धन्यवाद! के नारे लगाते सुना गया।




# इजरायल का हाइफा बंदरगाह सुरक्षित: अदानी पोर्ट्स

**नई दिल्ली।** अदानी पोर्ट्स एंड एसईजेड ने रविवार को कहा कि इजरायल में उसके स्वामित्व वाला हाइफा बंदरगाह सुरक्षित है और वहां काम करने वाले लोगों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। कंपनी ने उस बंदरगाह का परिचालन कर रही अपनी अनुषंगी हाइफा पोर्ट कंपनी के हवाले से एक बयान में कहा कि वहां बंद. रगाह का ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है। अदानी पोर्ट के बयान में कहा गया है कि हाइफा पोर्ट कंपनी पुष्टि करती है कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और बंदरगाह की सभी संपत्तियां और बुनियादी ढांचा पूरी तरह से सुरक्षित और परिचालन स्थिति में हैं।

# खामेनेई के बेटे बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर

■ दो साल से सत्ता संभालने की ट्रेनिंग ले रहे थे, आखिरी फैसला 88 मौलवी करेंगे

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनकी जगह कौन लेगा। यह सवाल इसलिए भी, क्योंकि ईरान का सुप्रीम लीडर राष्ट्रपति से भी ज्यादा ताकतवर होता है।

ईरान ने अभी नए सुप्रीम लीडर के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन सरकारी मीडिया 'फार्स' समेत कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके बेटे मुजतबा खामेनेई इस पद पर चुने जा सकते हैं। उन्हें पिछले 2 साल से सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारी चल रही थी। ईरान में सुप्रीम लीडर को 'रहबर' कहा जाता है। 'रहबर' का मतलब है, मार्गदर्शक या रास्ता दिखाने वाला। 88 मौलवियों की असेंबली सुप्रीम लीडर का चुनाव करती है। दुनिया में ईरान और वेटिकन सिटी ही ऐसे देश हैं जहां धार्मिक नेता सबसे ज्यादा ताकतवर हैं। ईरान में सुप्रीम लीडर का दर्जा ठीक वैसा ही है, जैसा वेटिकन में पोप को हासिल है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अपने दूसरे बेटे मुजतबा खामेनेई को साल 2024 में उत्तराधिकारी बनाया था। खामेनेई ने बीमारी के चलते यह फैसला लिया था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की एक्सपर्ट असेंबली ने 26 सितम्बर 2024 को ही नए सुप्रीम लीडर का चुनाव कर लिया था। खामेनेई ने असेंबली के 60 सदस्यों को बुलाकर गोपनीय तरीके से उत्तरा. धिकारी पर फैसला लेने कहा था। खामेनेई की मौत के बाद अब मुजतबा सार्वजनिक रूप से सुप्रीम लीडर के दावेदार के तौर पर सामने आ सकते हैं। मुजतबा अपने पिता की तरह ही इस्लामिक मामलों के जानकार हैं। वे पहली बार 2009 में दुनिया की नजरों में आए। उन्होंने ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों को सख्ती से कुचला, जिसमें कई लोग मारे गए। तब राष्ट्रपति चुनाव में कट्टरपंथी नेता महमूद अहमदीने. जाद को सुधारवादी नेता मीर होसैन मौसवी पर जीत मिली थी।

# ईरान ने की राष्ट्रपति ट्रम्प को मारने की कोशिश

■ अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में किया बड़ा दावा, ईरानी सरकार ने ट्रम्प को सीधे और प्राक्सी के माध्यम से मारने की कोशिश की

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की मौत हो गई है। कल तड़के सुबह इजरायल ने ईरान के कई शहरों और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अमेरिका ने बड़ा दावा किया। अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरानी सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधे और प्राक्सी के माध्यम से मारने की कोशिश की।

यूएन सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान 47 वर्षों से लगातार 'अमेरिका को मौत' का नारा दे रहा है और इजरायल को समाप्त करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने ईरान पर अमे. रिका और इजरायल के खिलाफ हमले करने, यूएन चार्टर का उल्लंघन करने और मिडिल ईस्ट में शांति के लिए खतरा पैदा करने का आरोप लगाया। वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान ने ट्रम्प को मारने के प्रयास किए और खुद को पीड़ित बताते हुए अपनी कार्रवाइयों को छिपाने की कोशिश की। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान की गति. विधियां अमेरिका, उसके सैनिकों, बेस, सहयोगियों और दुनिया भर के पार्टनर्स के लिए खतरा हैं। अमेरिकी-इजरायल आप. रेशन को लेकर अमेरिका ने यूएनएससी में कहा कि यह यूएन चार्टर के आर्टिकल 51 के तहत, देश और उसके सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैध कदम है। वाल्ट्ज ने यह भी बताया कि ईरानी लोग इन हमलों पर शिकायत नहीं कर रहे, बल्कि जश्न मना रहे हैं, शायद वे अपनी आजादी की उम्मीद जता रहे हैं।

